(1600/YSH/SAN)

1602 बजे

लोक सभा सोलह बजकर दो मिनट पर समवेत् हुई।

(माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

## निधन संबंधी उल्लेख

1602 बजे

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को हमारे दो पूर्व साथियों श्री डी.एन. पाटोदिया और श्री बृजराज सिंह कोटा तथा प्रख्यात कत्थक नर्तक पंडित बिरजू महाराज जी के दुखद निधन के बारे में सूचित करना है।

**श्री डी.एन. पाटोदिया** राजस्थान के जालौर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चौथी लोक सभा के सदस्य थे। श्री पाटोदिया नियम समिति के सदस्य रहे।

श्री डी.एन. पाटोदिया का निधन 94 वर्ष की आयु में 24 जनवरी, 2022 को गुरुग्राम में हुआ।

**श्री बृजराज सिंह कोटा** राजस्थान के झालावाड़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से तीसरी, चौथी और पाँचवी लोक सभा के सदस्य थे। वे प्राक्कलन समिति के सदस्य रहे।

श्री बृजराज जी हाड़ौती सहित राजस्थान के सर्वांगीण विकास के लिए आजीवन प्रतिबद्ध रहे। शिक्षा, चिकित्सा, समाज सेवा, मानव कल्याण, पर्यटन, कला और संस्कृति के क्षेत्र में भी उनका उल्लेखनीय योगदान रहा।

श्री बृजराज सिंह कोटा का निधन 87 वर्ष की आयु में 29 जनवरी, 2022 को कोटा में हुआ।

**पंडित बिरजू महाराज** लखनऊ घराने के प्रख्यात कत्थक नर्तक थे।

भारतीय नृत्य कला को विश्व भर में विशिष्ट पहचान दिलाने वाले पंडित बिरजू महाराज जी कला जगत की बहुत सम्मानित हस्ती थे। पंडित बिरजू महाराज को नृत्य कला में उनकी अद्भुत उपलब्धियों के लिए पद्म विभूषण और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें वर्ष 2012 में कोरियोग्राफी का राष्ट्रीय पुरस्कार भी दिया गया था। पंडित बिरजू महाराज का निधन 84 वर्ष की आयु में 17 जनवरी, 2022 को नई दिल्ली में हुआ।

(1605/RPS/SNT)

हम अपने पूर्व साथियों और पंडित बिरजू महाराज के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और यह सभा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है।

माननीय सदस्यगण, अत्यंत दुख के साथ मुझे दक्षिण अफ्रीका के आर्चबिशप एमेरिटस डेसमंड एम्पिलो टूटू और यूरोपीय संसद के तत्कालीन अध्यक्ष महामहिम श्री डेविड ससोली के निधन के बारे में भी सभा को सूचित करना है।

नोबेल शांति पुरस्कार विजेता **आर्चबिशप डेसमंड टूटू** एक वैश्विक नेता थे, जिन्होंने हमेशा मानवाधिकार और समानता के महत्व पर जोर दिया।

दक्षिण अफ्रीका में सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन तथा विश्व शांति में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए वर्ष 2005 में उन्हें गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महात्मा गांधी के आदर्शों से प्रभावित होकर उन्होंने रंगभेद के विरूद्ध संघर्ष में आध्यात्मिक मूल्यों को जोड़ा।

आर्चबिशप डेसमंड टूटू का निधन 90 वर्ष की आयु में 26 दिसंबर, 2021 को केपटाउन, दक्षिण अफ्रीका में हुआ।

**महामहिम श्री डेविड ससोली,** यूरोपीय संसद के तत्कालीन अध्यक्ष थे। भारत तथा यूरोपीय संघ के बीच संसदीय संबंधों को घनिष्ठ बनाने हेतु किए गए उनके प्रयासों के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा।

श्री डेविड ससोली का निधन 11 जनवरी, 2022 को इटली में हुआ।

हम आर्चबिशप डेसमंड टूटू तथा श्री डेविड ससोली के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हैं और यह सभा शोक संतप्त परिवारों तथा उनके अनुयायियों एवं प्रशंसकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर मौन रहेगी।

(तत्पश्चात् सदस्यगण थोड़ी देर मौन खड़े रहे।)

**माननीय अध्यक्ष :** ऊँ शांति: शांति: शांति: ।

---

**(Q. 1)**

DR. KALANIDHI VEERASWAMY (CHENNAI NORTH): Sir, the Minister in his reply has given some statistics about the performance of the Ministry but one of the constraints which people have been talking about is the lack of support for the MSMEs where about ten per cent of MSMEs are reported to be closed down. I would like to know whether the Government has any proposal to strengthen these MSMEs because one of their concerns is the instability in the input prices of raw materials like copper and steel. So, I would like to know whether the Government has any proposal to stabilise the cost of these raw materials to ensure that the manufacturing sector will grow.

The other point is that they also have an issue where they are talking about infrastructure in terms of ports. They say countries like Vietnam and Bangladesh which were very, very small players about 10 or 15 years back have grown greatly in exports in comparison to India, where they have almost reached the stage of India. This they claim is because of the poor infrastructure that we have and inordinate delays in the ports for handling of these merchandises where these delays are causing foreign investors to stay away from India.

SHRI SOM PRAKASH: Sir, 'Make in India' programme was launched on 25th September, 2014 to facilitate investment, innovation, to create world-class infrastructure, and make India a hub for manufacturing, design, and innovation. At present, the focus is on 27 sectors, out of which 15 sectors are coordinated by DPIIT and 12 service sector plans are coordinated by Commerce Ministry. … (*Interruptions*)

DR. KALANIDHI VEERASWAMY (CHENNAI NORTH): I have already gone through the reply. I would like to know about the Government proposal or if there is anything to stabilise input costs of copper and steel. … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** आपका प्रश्न समझ लिया है, माननीय मंत्री जी को उत्तर देने दीजिए और अगर कोई दिक्कत होगी तो मैं करेक्शन कर दूंगा।

SHRI SOM PRAKASH: The Government has taken various steps to boost domestic and foreign investments in India. These include the introduction of Goods and Services Tax, reduction in corporate taxes. … (*Interruptions*)

(1610/SPS/SRG)

**माननीय अध्यक्ष :** आप मंत्री जी को पूरा उत्तर बोलने दीजिए। मंत्री जी, सीनियर आईएएस ऑफिसर रहे हैं। मंत्री जी, आप बोलिए।

… (व्यवधान)

SHRI SOM PRAKASH: Sir, various steps have been taken like consolidation of public sector banks, enactment of four labour codes and improving of ease of doing business. The FDI policy has been reformed. Various steps have been taken to increase the production in manufacturing sector.

During the COVID-19 period, we have witnessed turmoil due to the pandemic which was the biggest threat to the economic growth. … (*Interruptions*). Despite the worst conditions, according to IMF and WTO projections, India is likely to grow at the rate of 9.5 per cent in 2021-22 also. … (*Interruptions*).

To convert the COVID-19 related challenges into an opportunity, a series of measures have been taken by the Government to improve the economic situation, including announcement of Atmanirbhar Bharat package amounting to Rs. 29.87 lakh crore.. … (*Interruptions*)

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर) :** गोयल साहब को जवाब देना चाहिए। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** क्या सदन आप चलाएंगे?

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** क्या सदन आप लोग चलाएंगे? सदन की जिम्मेदारी मेरी है कि किसको जवाब देना है और किसको जवाब नहीं देना है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** नो, प्लीज।

… (व्यवधान)

THE MINISTER OF COMMERCE AND INDUSTRY, MINISTER OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION AND MINISTER OF TEXTILES (SHRI PIYUSH GOYAL): Sir, I will just supplement. In addition to what my colleague has just said, and to be more specific to the point that the hon. Member has raised, I think the MSME sector is one sector on which this Government has been very focused all through its tenure. In the worst period of COVID-19 pandemic also, we made sure that there was adequate liquidity, credit was provided to the MSMEs. As they came out of the distress, and the demand stimulus came in from the Government, we have seen most MSME sectors come back into shape to the extent that nearly Rs. 4.5 lakh crore worth of Government guaranteed loans have been given to the MSME units across the country.

In terms of the price of raw materials like cotton or steel or copper, I think these are internationally determined prices where Government interference or Government regulation is not advisable. … (*Interruptions*). Very often these prices have been very low also. Currently because of the international situation post-COVID, the prices of almost all commodities like petroleum products are prevailing at a high price because of which there is a stress on all sectors. However, international prices of their finished products also have commensurately increased, and therefore, you will find that the export of these products has not faced any detriment. For the tenth month in a row, from April 2021 to January, 2022 continuously, India has posted over USD 30 billion of merchandise exports. It is a record. We have already crossed USD 334 billion of exports which is more than the highest ever that India had done in a full 12-month period. So, we are well on track to achieve USD 400 billion of export. We are watching the situation and we shall ensure and monitor that all the MSME industries get support. My esteemed colleague and Minister of steel had also had a dialogue with the main steel companies to see if they could provide some specific price discounts for the MSME sectors and for the exporters for availability of steel. We are working with them and we hope to be able to come to a negotiated agreement on a special discount for the MSME sector.

Sir, the hon. Member had also raised a point about Vietnam and Bangladesh. I would like to inform the hon. Member that Bangladesh continues to be a less developed country, and because of that status, they get duty free access for several of their products, particularly textiles in Europe, UK and in many developed economies.

(1615/AK/RAJ)

As a result, they get a price advantage. I think to mitigate this, the important thing is that we look at greater trading arrangements with these countries for which the Government is working to negotiate Free Trade Agreements or comprehensive economic partnerships so that Indian exporters can also get similar benefits in some of these countries. As you may be aware, we have launched FTA negotiations with UAE, Australia, United Kingdom, European Union, Canada, and we are also in dialogue with the GCC countries -- block of six countries in the Middle East -- who have shown keen interest to have an FTA with India. We hope to launch that negotiation in the near future.

So, overall, the country is moving in a direction of export-led growth, and we are supporting export and supporting our MSME sector in a variety of ways.

DR. KALANIDHI VEERASWAMY (CHENNAI NORTH): Sir, thank you very much. My second supplementary is on the claim made by the hon. Minister about providing Rs. 4.5 lakh crore directly or indirectly to the MSMEs. The problem is that when we are talking about MSMEs we are talking about industries, which have a turnover of Rs. 5 crore and industries, which have a turnover of about Rs. 250 crore. Do we have segregation of these industries as micro, small and medium enterprises? I think that the individual interest of that particular sector needs to be addressed if you are going to treat the micro and medium industry in the same way. How much is being given to these medium enterprises when you are talking about Rs. 4.5 lakh crore aid that is being provided to them directly or indirectly? I am asking this because they are the people who are going to be having a lot more requirement to tide over a crisis like this. Thank you, Sir.

**माननीय अध्यक्ष :** शॉर्ट में प्रश्न पूछिए और शॉर्ट में उत्तर उत्तर।

मंत्री जी, संक्षिप्त उत्तर दीजिए।

**श्री पीयूष गोयल :** सर, एमएसएमईज को साढ़े चार करोड़ रुपए का लोन सैंक्शन हुआ है, इसमें लगभग एक करोड़, तीस लाख एमएसएमई यूनिट्स को फायदा हुआ है।…(व्यवधान) The benefit of Rs. 4.5 lakh crore worth of Government guaranteed loans were given to 1,30,00,000 lakh MSMEs. Therefore, I think that a very large number of micro and small units have also received this benefit.

The definition of MSMEs have undergone some more revision with the intention to support them to grow bigger because the earlier definitions were very constrictive and were not encouraging people to grow larger. I think that the effort that all of us are trying to do is to encourage our small entrepreneurs also to grow in life and with that intention MSME is looked at as a holistic sector.

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Sir, the highfalutin propaganda in respect of 'Make in India' has started fizzling out in view of the fact that 60 lakh MSME units are reported to have closed down.

Here, you are talking about the growth of MSMEs, but very subtly you have evaded the specific Question, namely, whether the Government is aware that the goals fixed for manufacturing accounted for 25 percent of GDP but in reality, seven years on, its share is stagnant at 15 percent.

Do you have any roadmap to achieve this target? I am asking this because जो मेक इन इंडिया, स्वदेशी की बात होती है, विदेश से पैसे लिए जाते हैं और स्वदेशी की बात की जाती है। हमारी ब्रांड वैल्यू का पता नहीं है। जब विदेश से पैसे आएंगे, तो हम अपने प्रोडक्ट्स विदेशी मार्केट में बेचेंगे। अभी ट्रेड प्रोडक्शनिज्म चल रहा है, सारी दुनिया में अन्सर्टन्टी चल रही है। इस हालत में, 25 प्रतिशत जीडीपी तक पहुंचने के लिए मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में एनुअल कितनी ग्रोथ होनी चाहिए?…(व्यवधान) इस ग्रोथ के लिए आपका रोड मैप क्या है? चाइना के साथ हमारा रिकॉर्ड परिमाण, ट्रेड डेफिसिट चल रहा है – 69 बिलियन डॉलर। जब मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में जॉब्स की कटौती हो रही है, आप बड़ी चालाकी से वर्ष 2019 से 2021 तक मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में जो जॉब्स तय हुए हैं, उसका कोई ब्योरा आपने पेश नहीं किया है। इन सभी मुद्दों पर आपका क्या रिएक्शन है?

(1620/VB/SPR)

DR. VENKATESH NETHA BORLAKUNTA (PEDDAPALLE): Sir, I have a submission. In the Question Hour, questions and answers should be short and sweet so that everyone would get the opportunity.

**माननीय अध्यक्ष :** बहुत ही अच्छा सुझाव है।

**श्री पीयूष गोयल :** सर, माननीय लीडर ऑफ अपॉजिशन ने कुछ ऐसे आंकड़े दिए हैं, जिनका मेरे पास कोई प्रमाण नहीं है। वह एनएसएसओ पेरिओडिकली सर्वेज निकालता है। लेकिन पिछले दो वर्षों में हमारे समक्ष इस प्रकार के आंकड़े नहीं आए हैं कि सात लाख एमएसएमई यूनिट्स बंद हो गई हैं। हम सभी जानते हैं कि कोविड की महामारी एक भीषण परिस्थिति थी, जिसके कारण पूरे विश्व में इसका बहुत ही गहरा प्रभाव पड़ा है। ऐसी परिस्थिति को देखते हुए, हमने एमएसएमईज के ऊपर विशेष ध्यान दिया है। जहाँ तक आपने मैन्युफैक्चरिंग के विषय के बारे में बताया, वास्तव में मैं राजनीति नहीं करना चाहता हूँ, लेकिन आपको अंतर्गृह में देखना पड़ेगा कि आपने क्या किया, जिसके कारण भारत में मैन्युफैक्चरिंग की दुर्दशा हुई। … (व्यवधान) आपने एक ज़माने में, आज से 40 साल पहले जब जीडीपी में इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग का इतना बड़ा कंट्रीब्यूशन था, तो उस समय आपने जिस प्रकार से भारत के उद्योगों को सपोर्ट न देने के कारण उसकी जो दुर्दशा की, उसके ऊपर आपको सोचना पड़ेगा।… (व्यवधान) हमारी तरफ से मेक इन इंडिया के तहत अलग-अलग लाई गई। अभी पीएलआई स्कीम के बारे में बहुत ही विस्तार से बजट में भी बताया गया। 14 सेक्टर्स में लगभग दो लाख करोड़ रुपए, सेमी कंडक्टर इंडस्ट्री के लिए 76 हजार करोड़ रुपए दिए गए। इस प्रकार से, हमारी कोशिश है कि भारत में ग्लोबल चैम्पियंस बनें। माननीय वित्त मंत्री ने अभी-अभी बताया कि पीएलआई स्कीम्स आने से लगभग 30 लाख करोड़ रुपए की मैन्युफैक्चरिंग गुड्स की वृद्धि भारत में होने का अनुमान है।

मैं समझता हूँ कि यह सरकार भारत की मैन्युफैक्चरिंग शेयर बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। आपने हाल में ही देखा होगा, इंडस्ट्रियल ग्रोथ का फिगर 11.3 प्रतिशत आया है। इसी प्रकार से, अन्य योजनाओं के द्वारा चाहे वह टेक्सटाइल हो, इलेक्ट्रॉनिक्स हो, अब मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग देश की एक सक्सेस स्टोरी है। पहले सारे मोबाइल्स विदेश से बने-बनाए आते थे। अब ये भारत में ही बनने शुरू हुए हैं, उनके कम्पोनेंट्स के लिए हम पीएलआई स्कीम लाए हैं। इसलिए अलग-अलग प्रकार से भारत एक विश्व शक्ति बने, इसे लोग एक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में देखें। आज भारत के साथ अपना कारोबार बढ़ाने की विश्व में बहुत ही रुचि है।

**माननीय अध्यक्ष :** यदि आप लोग शॉर्ट में क्वेश्चन पूछेंगे, तो मैं आप सभी को मौका दूँगा। आप माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर लम्बा भाषण बोल लेना।

SHRI LAVU SRI KRISHNA DEVARAYALU (NARASARAOPET): This Scheme was launched in 2014. It has been seven years since the Scheme was launched. One of the three main objectives was that there will be 12 to 14 per cent growth per annum in the share of the manufacturing sector in the economy. I want to know from the Minister, either year-wise or quarter-wise, in the last seven years, how many times, have we reached this growth rate.

SHRI PIYUSH GOYAL: I will share the information with him; I would call him to my room, and provide him the information.

**श्री मलूक नागर (बिजनौर):** माननीय अध्यक्ष महोदय, जब मेक इन इंडिया की बात सुनते हैं, तो एक गोल मशीन के अन्दर एक शेर का चित्र दिखाई देता है।

**माननीय अध्यक्ष :** आप प्रश्न पूछिए।

**श्री मलूक नागर (बिजनौर):** इससे माननीय प्रधानमंत्री जी की और भारत सरकार की सोच नज़र आती है कि हम अपने देश में ही सारी चीजें बनाना चाहते हैं। माननीय अधीर रंजन जी जो पूछ रहे हैं, वह तो बाद की स्टेज है। पहली स्टेज यह है कि किसी भी सामान को बनाने के लिए जो इंडस्ट्रीज लगी हैं, जो कारखाने लगे हैं, क्या सरकार ने उसके लिए कोई सिंगल विंडो सिस्टम रखा, ताकि जल्दी फैक्ट्रीज लगाकर, चाहे वह एन्वायरमेंट, इलेक्ट्रिक कनेक्शन हो, आदि को पूरा करके काम शुरू किया जा सके और तमाम तरह की अफसरशाही खत्म हो सके और प्रोडक्शन जल्दी शुरू किया जा सके। कोरोना महामारी के बाद देश की जो आर्थिक स्थिति है, वह तेजी से बढ़ सके।

**श्री पीयूष गोयल :** माननीय सांसद ने बहुत ही अच्छा प्रश्न पूछा है। हमने हाल में ही एक लैंड बैंक का पोर्टल बनाया है। पूरे देश में जो लाखों एकड़ जमीनें हैं, उनको जीआईएस के साथ मैप करके प्रस्तुत किया है, ताकि कोई भी व्यक्ति अगर इंडस्ट्रियल लैंड खरीदना चाहे तो वह उस पर जाकर खरीद सकता है। इसी प्रकार से, एक नैशनल सिंगल विंडो सिस्टम का बीटा लांच किया गया है। हम चाहते हैं कि उसे भी इंडस्ट्रीज के साथ यूज करके उसके बारे में फीडबैक दिया जाए, ताकि हम उसे और अच्छा बना सकें। उसमें केन्द्र और लगभग 18 राज्य सरकारों की अलग-अलग मिनिस्ट्रीज के लगभग साढ़े तीन सौ से चार सौ अप्रूवल्स जुड़े हैं, उन सभी के अप्रूवल्स एक सिंगल विंडो के माध्यम से लोगों को मिल सकें, उसे सुनिश्चित करने के लिए नैशनल सिंगल विंडो लांच कर दी गई है। मैं चाहूंगा कि माननीय सांसद भी उसे खोलकर देखें और उसमें कुछ अच्छे सुझाव हमें दें।

(इति)

(1625/UB/VB)

**(प्रश्न 2)**

SUSHRI DEBASREE CHAUDHURI (RAIGANJ): Sir, I would like to inform the hon. Minister that the key problem arising out of the modernisation and digitisation of post offices is the lack of adequate infrastructure to support the services that have been introduced. Till today, only 70 to 80 per cent of post offices have access to internet facilities. Furthermore, where there is internet connectivity, it is often slow which affects the service delivery process.

Keeping in view the above, I would like to know from the hon. Minister whether the Union Government is aware of this fact, and if so, what action has been taken or is proposed to be taken to solve this issue?

**श्री देवुसिंह चौहान:** माननीय अध्यक्ष महोदय, आज टेक्नोलॉजी के कारण हम सभी के जीवन में एक क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। टेक्नोलॉजी के कारण जो रिवोल्यूशन आया है, आज उससे कोई अछूता नहीं रह गया है। हमारा विभाग भी चाहता था कि हमारी सर्विस, जैसे आज हर कोई चाहता है कि फिंगर टिप्स पर हर सर्विस मिले, तो डिपार्टमेंट ऑफ पोस्ट ने भी अपने आप को मॉडर्नाइज और कम्प्यूटराइज करना प्रारम्भ कर दिया है। देश में बेटर सर्विस मिले, इसके कारण ट्रांसपेरेंसी के साथ फाइनेंशियल सर्विसेज मिलें, मेल सर्विस मिले, किसी भी समय बैंकिंग सेवाएं मिलें, कस्टमर को मल्टिपल चैनल्स उपलब्ध हों और सोशल सिक्युरिटी के तहत भारत सरकार की जो स्कीम्स हैं, वे डिलिवर हों, इस कारण हमने कम्प्यूटराइजेशन प्रारम्भ किया है। हमने लगभग 4,909 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट स्टार्ट किया था। अब तक लगभग साढ़े तीन हजार करोड़ रुपए खर्च करके ऑनलाइन सेवाएं प्रारम्भ की हैं।

माननीय सांसद जी ने पूछा है, उनके यहाँ, वेस्ट बंगाल में, केवल 89 पोस्ट ऑफिसेज में कोर बैंकिंग सर्विस बाकी रह गई है। हमने देश में 25,109 डिपार्टमेंटल पोस्ट ऑफिसेज को, वेस्ट बंगाल के 1,770 पोस्ट ऑफिसेज को मिलाकर… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय मंत्री जी, आपने 1,770 पोस्ट ऑफिसेज के बारे में अपने जवाब में लिखा है। हमने जवाब में पूरा पढ़ लिया है।

सभी माननीय सदस्यों से मैं पुन: आग्रह करना चाहता हूँ। वैसे तो मैं हर सत्र में आग्रह करता हूँ, लेकिन बजट सत्र महत्वपूर्ण सत्र है, इसलिए मैं पुन: आग्रह करना चाहता हूँ। सभी माननीय सदस्य संक्षेप में अपने-अपने सवाल पूछें और माननीय मंत्री महोदय से भी विशेष आग्रह है कि वे संक्षेप में जवाब दें, उनसे ज्यादा आग्रह है।

SUSHRI DEBASREE CHAUDHURI (RAIGANJ): Sir, I would like to draw the kind attention of the hon. Minister towards the reply given in the Rajya Sabha of the Unstarred Question No. 1520, dated 10$^{th}$ December, 2021, in which the hon. Minister had given a statement that all the departmental post offices in the country including in West Bengal are computerised in the country as on 31$^{st}$ March, 2021.

I would like to know from the hon. Minister whether it is a fact that there are about 19 departmental post offices in West Bengal which are not yet computerised and migrated to CBS. If so, please provide the details thereof, the reasons therefor, and the steps taken or proposed to be taken in this regard.

(1630/PC/KMR)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं एक और संशोधन कर दूं। वैसे तो आप सब वरिष्ठ और अनुभवी सदस्य हैं, कभी भी दूसरे सदन के विषय और उनके उत्तर के बारे में इस सदन में चर्चा न करें। वरिष्ठ सदस्य, प्रो. सौगत राय जी, यह बात सही है या नहीं?

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रो. सौगत राय जी, यह बात ठीक है न कि दूसरे सदन के प्रश्न के उत्तर की इस सदन में चर्चा नहीं की जाती?

… (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर) :** स्पीकर सर, अगर दूसरे सदन में मंत्री कुछ कहें, वह रेफर किया जा सकता है। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** रेफर किया जा सकता है?

… (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर) :** मंत्री कुछ कहें, तो रेफर किया जा सकता है। … (व्यवधान)

**श्री देवुसिंह चौहान :** माननीय अध्यक्ष जी, जैसा कि माननीय सांसद महोदया ने पूछा है, जो 19 पोस्ट ऑफिसिज़ बाकी हैं, उन्हें हम फेज़्ड-मैनर में कर रहे हैं। … (व्यवधान)

SHRI C.N. ANNADURAI (TIRUVANNAMALAI): Hon. Speaker, Sir, I would like to know from the hon. Minister of Communications the total number of computerised and modernised post offices in Tamil Nadu in general and Thiruvannamalai in particular, and by when all post offices would be modernised in the State.

**श्री देवुसिंह चौहान :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं शीघ्र ही माननीय सदस्य को पूरी इन्फॉर्मेशन देने की कोशिश करूंगा। … (व्यवधान)

(इति)

**माननीय अध्यक्ष :** क्वैश्चन नंबर – 3

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मूल प्रश्न पश्चिम बंगाल का था, माननीय सदस्य तमिल नाडु के बारे में पूछ रहे हैं। इसलिए मैंने इस उत्तर को संतुष्ट माना है।

क्वैश्चन नंबर – 3 – श्री एस. मुनिस्वामी।

… (व्यवधान)

**(प्रश्न 3)**

**श्री एस. मुनिस्वामी (कोलार) :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे कोलार गोल्ड माइन के बारे में प्रश्न पूछने का मौका दिया। कोलार गोल्ड माइन पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है, जिसने पूरी दुनिया को बहुत सालों तक गोल्ड दिया है। अब यह 20 सालों से बंद है। मैंने बहुत बार इस बारे में क्वैश्चन पूछा है। इस गोल्ड माइन को शुरू करने के बारे में हमारी सरकार ने क्या निर्णय लिया है? जो निर्णय लिया गया है, मैं उसका पूर्ण विवरण प्राप्त करना चाहूंगा।

अध्यक्ष जी, वहां जो गोल्ड माइंस थीं, 70 सालों तक इस देश को जिन्होंने चलाया, वे उस गोल्ड को … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) करके लेकर चले गए। … (व्यवधान) वहां गोल्ड का 7-9 किलोग्राम का जो सैंपल पीस था, उसे भी मेरे से पहले के जो सांसद थे, वे (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) करके लेकर चले गए। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** इसे कार्यवाही से निकाल दिया जाए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, इसे कार्यवाही से निकाल दिया गया है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आप प्रश्न पूछिए।

… (व्यवधान)

**श्री एस. मुनिस्वामी (कोलार) :** अध्यक्ष जी, गोल्ड माइंस को शुरू करने के लिए सरकार ने क्या निर्णय लिया है, इसके साथ ही वहां म्यूज़ियम बनाने के लिए क्या निर्णय लिया गया है, यह भी बताएं। वहां कई रेलवे प्रोजेक्ट्स हैं। कुप्पम और मारिकुप्पम के बीच जो आधी रेल लाइन बिछी है, उसके बारे में भी क्या निर्णय लिया गया है, माननीय मंत्री जी से मैं इन सब पर आंसर देने का आग्रह करता हूं। … (व्यवधान)

**श्री दानवे रावसाहेब दादाराव :** अध्यक्ष महोदय, यह बात सही है कि कोलार स्वर्ण भंडार वर्ष 1973 से 2001 तक इस देश को स्वर्ण देता था। वर्ष 2001 के बाद यह खदान अनवाइबल हो गई, उसकी लागत और उससे मिलने वाला जो स्वर्ण था, उसमें काफी अंतर आया, इसलिए उसको बंद करने का निर्णय किया गया। … (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, खदान को बंद करने का निर्णय होने के बाद उसके जो इंप्लॉयेज़ थे, वे कोर्ट में चले गए। कोर्ट में जाने के बाद कोर्ट ने सरकार के निर्णय को सही ठहराया और इंप्लॉयेज़ को उसमें प्रायॉरिटी देने की बात कही। इसके लिए एक कमेटी फॉर्म की गई, उस कमेटी ने जो सिफारिश की, उस सिफारिश के तहत सरकार काम कर रही है।

(1635/KDS/RCP)

**माननीय अध्यक्ष:** मंत्री जी, उन्होंने यह पूछा है कि संग्रहालय बनाना है या नहीं, इसका जवाब आप कृपया दें।

**श्री दानवे रावसाहेब दादाराव:** अध्यक्ष महोदय, संग्रहालय बनाने की सरकार की कोई योजना नहीं है, लेकिन उन्होंने जो दूसरा प्रश्न पूछा कि क्या कर्नाटक सरकार के साथ हम चर्चा करेंगे, तो मैं बताना चाहूंगा कि रेल मंत्रालय और कर्नाटक सरकार बैठकर इस पर सकारात्मक रूप से विचार कर सकते हैं।

**माननीय अध्यक्ष:** ठीक है।

**श्री एस. मुनिस्वामी (कोलार):** माननीय मंत्री जी, उधर दो ब्लॉक हैं, जिनको हम कर्नाटक को हैंडओवर कर रहे हैं, वे कुल 12 हजार 600 एकड़ के हैं। अधिकारीगण ने जो कहा है, क्या वह सच है?

**श्री दानवे रावसाहेब दादाराव:** अध्यक्ष महोदय, सरकार ने वर्ष 2015 में एमएमडीआर कानून बनाया है। कोई भी माइन ऐसे हैंडओवर नहीं की जा सकती, उसके लिए ऑक्शन करना पड़ता है।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री धानोरकर जी,

**श्री बालूभाऊ उर्फ सुरेश नारायण धानोरकर (चन्द्रपुर):** धन्यवाद अध्यक्ष महोदय। मैं आदरणीय प्रह्लाद जोशी जी का अभिनन्दन करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र चन्द्रपुर में कर्नाटक एम्टा माइन, जो पिछले 6 सालों से बन्द थी, वह चालू हो गई है। इससे काफी लोगों को रोजगार उपलब्ध हुआ है। मेरा एक छोटा-सा सवाल है। मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले यवतमाल जिले के मार्की-मांगली कोल ब्लॉक तीन, ताल्लुका जारी जामनी में कंपनी-बीएस इस्पात और टॉपवर्थ ऊर्जा मेटल लिमिटेड को आवंटित है। ये दोनों कंपनियां आवंटित मात्रा से भी ज्यादा खनन कर रही हैं, जो कि गैरकानूनी है। ये कंपनियां खनन के हिसाब से सरकार को रॉयल्टी भी नहीं दे रही हैं। मेरा माननीय मंत्री जी से यह सवाल है कि क्या वह इन कंपनियों के खिलाफ कोई कार्रवाई करने जा रहे हैं? यदि हां तो क्या कार्रवाई करेंगे?

**श्री दानवे रावसाहेब दादाराव:** अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है, उसकी शिकायत तो हमारे पास नहीं आई है, लेकिन मैं माननीय सांसद जी से मिलूंगा और इस पर चर्चा करके आवश्यक कार्रवाई करूंगा।

(इति)

**(प्रश्न 4)**

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा):** अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी का जो जवाब आया है, उसमें बिहार का नाम नहीं है। मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि जिस तरह से एसईजेड के लिए वर्ष 2005 के बाद से कोई प्रस्ताव नहीं किया गया है। क्या वह फिर से बिहार को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए कोई प्रस्ताव करेंगे, जिससे बिहार की प्रगति हो?

**श्रीमती अनुप्रिया पटेल:** माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य की चिंता जायज है। जितने भी एसईजेड्स हमने वर्ष 2005 के एक्ट के उपरान्त सेट-अप किए हैं, उनमें देश के लगभग 24 राज्य हैं, किन्तु बिहार उस सूची में नहीं है। इसका प्रमुख कारण यह है कि एसईजेड एक्ट 2005 के आने के बाद जो एसईजेड सेटअप करने के लिए प्रस्ताव आते हैं, वे राज्य सरकार की ओर से आते हैं। बिहार सरकार की तरफ से हमें अभी कोई भी प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। यदि बिहार सरकार की ओर से हमें एसईजेड स्थापित करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त होगा, तो निश्चित रूप से हमारे मंत्रालय के अंतर्गत जो बोर्ड ऑफ अप्रूवल है, वह उस पर विचार करेगा तथा हम कार्रवाई को आगे बढ़ाएंगे।

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा):** अध्यक्ष महोदय, बिहार पहले से ही पिछड़ा राज्य है और बिहार में जो पिछड़ापन है, उस वजह से आज भी वहां पर लगातार विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग होती रहती है। मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि जिस तर्ज पर जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और पूर्वोत्तर राज्यों को आपने विशेष रूप से विकसित करने का यदि कोई फैसला लिया है तो क्या उसी की तर्ज पर बिहार को भी विकसित किया जाएगा?

**श्रीमती अनुप्रिया पटेल:** अध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य को विशेष राज्य का दर्जा देने का जो विषय है, वह मूल प्रश्न से संबंधित नहीं है, अत: इस पर टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।

SHRI MANISH TEWARI (ANANDPUR SAHIB): Thank you very much, Mr. Speaker, Sir. One of the fundamental objectives of the Special Economic Zones was to boost exports. As the hon. Commerce Minister was pointing out, India has done rather well over the past 10 months insofar as the export performance is concerned. But there are two looming challenges. The first is that as advanced economies, you know, wind down their fiscal stimulus, the purchasing power in these advanced economies is going to be impacted. Secondly, there is a problem because of COVID-19 which is that there has been a structural change in consumption patterns all across the world.

(1640/RK/CS)

The hon. Minister was referring to certain FTAs which are under negotiations. Some of these FTAs have been under negotiation for a very long time. The Indo-EU FTA has been under negotiation since 2008. India walked out of CEPA for reasons which are best known to the Government. My limited question to the hon. Commerce Minister is, given the fact that over the next two or three years there are two challenges which are looming on the horizon -- contraction in purchasing power as a consequence of withdrawal of the fiscal stimulus, and the change in consumption patterns as a consequence of COVID-19 -- does the Government have any strategy to deal with these two challenges.

THE MINISTER OF COMMERCE AND INDUSTRY, MINISTER OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION AND MINISTER OF TEXTILES (SHRI PIYUSH GOYAL): Mr. Speaker, Sir, I must appreciate the hon. Member for having raised a very futuristic scenario about which the whole world is today grappling and concerned. However, there is a silver lining to this. We have seen a geopolitical shift in the post-COVID world. The geopolitical situation that is emerging *vis-à-vis* certain countries, which were erstwhile large exporters or producers of manufactured goods, lend themselves as a big opportunity for India to capture newer markets by allowing newer products coming from India. It is with that intention, if you will observe, the hon. Finance Minister yesterday alluded to this when she spoke about changing global supply chains, patterns of procurement, etc. Today, in the morning, the hon. Prime Minister also spoke about the post-COVID world being entirely different from what we have known it to be in the past. It is the time for India to grab these opportunities. Therefore, I would say that the PLI scheme could not have come at a more opportune moment. What we are trying to do in that is, create global champions, get economies of scale into India, and make India the preferred supplier, as an alternate to certain geographies with which many countries do not wish to transact business.

Incidentally, India did not walk out of CEPA discussions with EU. They were started in 2008 but around 2012 or 2013 they gave up on the discussion because they found that they were not getting anywhere. The discussion was getting stalled around 2012-13, and in a year or two the discussion almost came to an end. It is because of the relentless pursuit with the European Union in terms of diplomatic engagement that the Government was able to once again relaunch the negotiations with EU as recently as July 2021 when under Portugal Presidency they accepted to do an FTA with India.

Incidentally, post-Brexit, the discussion with UK is completely new. If at all the hon. Member is trying to recall India walking out of RCEP, I think every Member in this House, and every industry association in the whole country, every export organisation, and every MSME organisation, with one voice has thanked the hon. Prime Minister for not subjecting Indian industry to unfair competition from a geography which does not have transparent economic policies.

Maybe, some Parties or some Leaders have a great affinity for some countries, but the reality is that we already have an FTA with Korea, Japan and the ASEAN bloc of ten countries. We are now negotiating with Australia, and we are at an advanced stage. With New Zealand, we have very little interest. So, effectively RCEP would have landed up becoming an FTA with one country. Certainly, the practices that a country follows in trade do not lend themselves to opening India's borders to lower tariff trade or giving them greater market access. I think that was one decision which was very well considered. In fact, I am amazed why we got into the RCEP negotiations at all in 2012 in the first place. But I am grateful to the Prime Minister on behalf of the entire Indian industry, farmers, dairy sector, MSME, that we did not pursue the RCEP any further.

(1645/PS/KN)

SHRI MANISH TEWARI (ANANDPUR SAHIB): Hon. Speaker, Sir, with your permission, may I ask one more question? Since the hon. Minister … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: No.

… (*Interruptions*)

(ends)

**(Q. 5)**

**माननीय अध्यक्ष :** क्वेश्चन नंबर 5 – श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटिल – उपस्थित नहीं।

श्री अरविंद सावंत।

**श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण):** स्पीकर सर, थैंक यू। उन्होंने सतारा के बारे में जो सवाल पूछा है और आपने जो जवाब दिया है, उसमें 'सी' का जवाब आपने नहीं दिया है कि कितना पैसा खर्च हुआ है और कितना पैसा लोगों को मिला है। अब इसमें मैं मूलभूत प्रश्न पूछना चाहता हूं कि जो रेल के प्रोजेक्ट्स आ रहे हैं, बहुत सारे प्रोजेक्ट्स में प्रोजेक्ट अफेक्टेड पर्सन को आप रिहैबिलिटेट करते हैं। आपको एक नई नीति अपनानी पड़ेगी। क्या सरकार यह नीति अपनाएगी कि रेलवे की जमीन पर, भूखंड पर जो झुग्गी-झोपड़ी है, कल मैंने नोटिस दिया था, मैं माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने सकारात्मक भूमिका ली है, लेकिन आपको एक नीति अपनानी पड़ेगी। जब भी ऐसे प्रोजेक्ट्स आते हैं तो प्रोजेक्ट अफेक्टेड पर्सन को आप कॉम्पनसेशन देते हैं। लेकिन जो मकान है या झुग्गी-झोपड़ियाँ हैं और दूसरी तरफ प्रधान मंत्री आवास योजना है तो हम आपसे विनती करते हैं कि प्रधान मंत्री जी देश के गरीबों को जो सपना दिखा रहे हैं, पक्के घरों का वायदा कर रहे हैं, क्या हम उनमें से ऐसे लोगों को पक्के घर देने की कोई कोशिश करेंगे या नीति अपनाएंगे? अगर यह नीति अपनाएंगे तो यह समस्या, पूरे देश की, हल हो जाएगी, ऐसा मैं समझता हूं। मैं आपके माध्यम से सरकार को इसके बारे में विनती करता हूं।

**श्री अश्वनी वैष्णव :** ऑनरेबल स्पीकर सर, माननीय सांसद जी ने जो सुझाव दिया है, उस सुझाव पर कल माननीय सांसद जी और इनके साथ और आठ अन्य गणमान्य सांसद मुझसे मिले थे। यह बहुत अच्छा सुझाव है, इस सुझाव के और भी कई कॉम्पिलकेशंस हैं, जिन पर विचार करके नीति बनाई जाएगी।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री एम. के. राघवन।

SHRI M.K. RAGHAVAN (KOZHIKODE): Thank you, hon. Speaker, Sir.

The Railways had conducted a survey for a new line from Feroke to Angadipuram in the year 2009 and the proposal had been submitted before the Railway Board for necessary action.

Hon. Speaker, Sir, I would like to know from the hon. Minister as to what is the status of the said proposal which was submitted before the Railway Board.

**श्री अश्वनी वैष्णव :** सर, प्रश्न पुणे-सतारा लाइन का है और यह सप्लीमेंट्री क्वेश्चन उससे टोटली अनरिलेटिड है।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री जुएल ओराम।

**श्री जुएल ओराम (सुंदरगढ़):** सर, मैंने मान्यवर मंत्री जी को अपनी समस्या बताई है। यह डिसप्लेस की बात है। रेलवे की जमीन पर कभी भी डिसप्लेस नहीं हुआ है। हमारी जमीन थी। रेलवे ने उसे एक्वायर किया और तीस साल तक उसको यूज नहीं किया है। अगर अभी डिसप्लेस करने की कोशिश कर रहे हैं तो आज का रेट दिया जाए और नीति के हिसाब से उनको नौकरी दी जाए। क्या यह पॉलिसी मान्यवर मंत्री जी अपना सकते हैं? यह मेरी रिक्वेस्ट है।

**श्री अश्वनी वैष्णव :** सर, मान्यवर सांसद जी जो विषय कह रहे हैं, मैंने उस विषय को सब क्लेक्टर के हिसाब से टेकल किया हुआ है। मैं विषय को बहुत डिटेल से समझता हूं और बहुत ही कॉम्प्लेक्स विषय है। इस विषय में अभी कोई जवाब देना सम्भव नहीं है। लेकिन अगर कोई नीति बन पाई तो जरूर इस पर काम करेंगे।

(इति)

**माननीय अध्यक्ष :** क्वेश्चन नंबर 6 – श्री जगदम्बिका पाल।

… (व्यवधान)

**श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर):** सर, मेरा 19 नम्बर क्वेश्चन है। इसके साथ क्लब किया था।

**माननीय अध्यक्ष :** अच्छा, आगे देखते हैं।

**श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर):** हाँ, सर।

**माननीय अध्यक्ष :** क्लब करने का अधिकार मेरा है, आपका नहीं है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह अधिकार मेरा है। आपने कहा था कि क्लब किया था। क्लब तो मैं करूँगा। आपको इजाजत किसने दी? मैंने जगदम्बिका पाल जी को इजाजत दी है।

**श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर):** सर, मेरा क्वेश्चन था।

**माननीय अध्यक्ष :** आपने खुद क्लब कर लिया।

**श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर):** सर, मैंने नहीं किया। मैंने तो रिक्वैस्ट की थी।

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, क्या आप प्रश्न पूछना चाहते हैं? प्रश्न संख्या 6 आपका है।

**(Q. 6)**

SHRI JAGDAMBIKA PAL (DOMARIYAGANJ): The hon. Minister has already given a detailed reply with respect to the present size of the data centre market. He has accepted that the market is projected to grow at a Compound Annual Growth Rate (CAGR) of 25.9 per cent, from 2019-2024 to reach Rs. 12,055.8 crore by the end of 2024. If you see, in the year 2020, the market was worth approximately Rs. 4,511.2 crore in terms of revenue representing a growth of 18.4 per cent over 2019.

(1650/SMN/GG)

I think we need not repeat the importance of these data centres. I would like to ask one question about artificial intelligence and 5G which are expected to generate a huge demand for the data centres. Therefore, what is the roadmap of the Ministry to deal with the escalation in the demand for data centres? And also, whether the Government has proposed any plan to develop the State of Uttar Pradesh in terms of building data centres and capacities. If so, the details thereof.

**श्री अश्वनी वैष्णव :** सर, माननीय सांसद जी ने जो प्रश्न उठाया है, मैं अति प्रसन्नता के साथ कहना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश में डेटा सेंटर की जो पॉलिसी लायी गई है, उसके कारण पिछले पांच वर्षों में, जहां पर बहुत नगण्य सा डेटा सेंटर था, आज देश के टॉप चार राज्यों में इसकी गिनती होती है। उत्तर प्रदेश की पॉलिसी में आरओडब्ल्यू ले करना बहुत आसान है। बिल्डिंग के जो बायलॉज़ हैं, वे बहुत आसानी से मिल जाते हैं। आज जिस तेज़ी से यह ग्रो कर रहा है और जिस तरह से देश में डेटा सेंटर अपने आप में एक इंडस्ट्री की तरह ग्रो कर रहा है, पॉलिसी में भी काफी अच्छे बदलाव आ रहे हैं। सर, इसमें बहुत तेज़ी से ग्रोथ हो रही है।

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** महोदय, माननीय मंत्री जी ने अपने उत्तर में यह कहा है कि हमने अभी तक कोई पॉवर यूसेज अफेक्टिवनेस के लिए, डेटा सेंटर्स के लिए कोई स्टडी नहीं कराई है। Whether the Government has any future plan to conduct a study for power usage effectiveness and also to develop green data centres to save energy in the country?

**श्री अश्वनी वैष्णव :** अध्यक्ष जी, इस मामले में इंडस्ट्री के साथ बिल्कुल सहयोग चल रहा है। पॉवर यूज़र इफेक्टिवनेस भारत में करीब-करीब 1.6 से 1.7 है। यह इंडस्ट्री प्योरली एक प्राइवेट सैक्टर की इंडस्ट्री है। मेरे हिसाब से सरकार इसमें मिनिमम इंटरफेयरेंस करे तो शायद इसकी ग्रोथ अच्छी रहेगी। यह हमारा थॉट प्रोसेस है। सरकार की तरफ से जो सुझाव होता है, सरकार की तरफ से जो कोई बीच में बैरियर होता है, वह बैरियर हम दूर करने के लिए तैयार रहते हैं। लेकिन यह इंडस्ट्री अपने आप में बहुत अच्छे से इवॉल्व कर रही है।

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Thank you very much hon. Speaker, Sir.

Sir, in this question of green data centres, according to the International Energy Agency, data centres consume approximately 200 terawatt-hours of electricity, that is, one percent daily of global electricity demand is just from data centres and that contributes, of course, to $CO^2$ emissions as well.

Now, when you speak about green data centres, hon. Minister has not specified what the criteria are. How do you measure what are green data centres? How does the Government plan to retrofit or modify the existing non-green data centres that are running on obsolete technology and is a major driver of excess energy consumption? We are hearing about green washing. People are just pretending that something is green when it is, in fact, actually contributing to pollution and environmental danger. So, I would like to ask the hon. Minister what steps are being taken to ensure that we actually minimize power consumption and the deleterious impact on the environment of data centres while promoting the concept of greenness, which he is yet to define. Could he please define it? Thank you, Mr. Speaker.

SHRI ASHWINI VAISHNAW: The hon. Member has asked a very relevant question. The industry itself is coming up with the standards for what should be defined as a green data centre. There are two criteria in this.

First is, how much of renewable energy is being used in the running of that data centre. Second is what is the energy efficiency. So, these are the two factors based on which the data centre can be defined whether it is a green or a non-green data centre. Today, the global best standard, as we understand from the industry, is 1.3 as the PUE. We are already at 1.6 in the country as an average. So, I think and, ultimately, if solar energy is today coming to be around 3-3.5 rupees per kWh, everybody wants to use that only because it makes economic sense. It is green and it is better for the climate. So, we are moving in that direction.

**श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर):** अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से आपके माध्यम से यह पूछना चाहता हूँ कि उत्तर प्रदेश के डेटा सेंटर पॉलिसी के बारे में अभी आपने यहां पर कहा और उससे उत्पन्न हो रही नौकरियों के बारे में कहा। मैं जानना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश में यह जो डेटा सेंटर की पॉलिसी आई है, इससे कितनी नौकरियां उत्पन्न हुई हैं और उत्तर प्रदेश के कितने बेरोज़गार लोगों को वहां पर नौकरियां मिलने का काम हुआ है? क्या इसका काई डेटा है? अगर है तो उसको प्रदान करने का काम करें।

**श्री अश्वनी वैष्णव :** सर, इसका एग्ज़ैक्ट डेटा अवेलेबल नहीं है।

(ends)

(1655/RV/SNB)

**(प्रश्न 7)**

**माननीय अध्यक्ष :** क्वैश्चन नम्बर - 7; श्री संजय जाधव - उपस्थित नहीं।

श्री ओम पवन राजेनिंबालकर।

**श्री ओम पवन राजेनिंबालकर (उस्मानाबाद):** सर, मेरा माननीय मंत्री जी से यह सवाल है कि एफ.सी.आई. के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाज खरीदने के लिए जो सेन्टर्स चलाए जाते हैं, उसमें जो उनके ग्रेडर रहते हैं, उसके हिसाब से वहां बहुत बारीकी से जांच होती है। किसानों द्वारा वहां माल लाने के बाद उसमें से बहुत सारा माल रिजेक्ट हो जाता है। इसकी तुलना में नाफेड के माध्यम से जो खरीद होती है, वह ठीक होती है।

जिस प्रकार से नाफेड के माध्यम से खरीद होती है, क्या उसी लिबरल पॉलिसी के माध्यम से एफ.सी.आई. के लोग भी परचेज करेंगे?

**श्री अश्विनी कुमार चौबे:** माननीय सांसद जी ने महाराष्ट्र के बारे में जो प्रश्न किया है, तो उनकी जानकारी के लिए मैं बता दूं कि वहां प्रोक्योरमेंट की व्यवस्था विकेन्द्रीकृत है और पूरा प्रोक्योरमेंट राज्य सरकार ही करती है। राज्य सरकार दो एजेंसियों - महाराष्ट्र ट्राइबल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन और मार्कफेड, महाराष्ट्र के माध्यम से इसे परचेज करती है।

**श्री ओम पवन राजेनिंबालकर (उस्मानाबाद):** सर, मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमारे यहां जो बहुत सारे किसान भाई रहते हैं, वे यह मांग करते हैं कि हमारे जिले में आप एफ.सी.आई. के बजाय नाफेड के माध्यम से इसकी खरीद कीजिए।

सर, मेरा कहना है कि उसकी बहुत ज्यादा बारीकी से जांच होने के बाद किसानों का बहुत सारा माल रिजेक्ट हो जाता है। जैसे नाफेड के लोग खरीदने के मामले में थोड़ी लिबरल पॉलिसी रखते हैं, क्या उसी प्रकार से एफ.सी.आई. भी करेगी?

**श्री अश्विनी कुमार चौबे:** एफ.सी.आई. महाराष्ट्र में उसे परचेज नहीं करती है। महाराष्ट्र में विकेन्द्रीकरण की व्यवस्था है। वह काम राज्य सरकार करती है।

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, एफ.सी.आई. ने इसके लिए एजेंसी बना दी है। राज्य सरकार जिस भी एजेंसी को चाहे, वह दे सकती है। वह नाफेड को भी यह काम दे सकती है और उसके माध्यम से यह करा सकती है। आप राज्य सरकार से चर्चा कीजिए।

(इति)

HON. SPEAKER: Q. No. 8.

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, can you club Question No. 13 also along with this Question? It is on the same subject – High speed trains.

HON. SPEAKER: No. अब क्वैश्चन आगे बढ़ गए हैं।

**(प्रश्न 8)**

**माननीय अध्यक्ष :** क्वैश्चन नम्बर - 8; डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे - उपस्थित नहीं।

डॉ. सुजय विखे पाटील - उपस्थित नहीं।

श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन।

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Hon. Speaker, Sir, thank you for giving me this opportunity. Question No. 13 is also similar to this Question and it is regarding Silverline Project in the State of Kerala.

The hon. Minister has already replied in Question No. 8 that seven projects have been identified for giving the Detailed Project Reports and those are, from Delhi – Varanasi and Delhi – Amritsar. In my State of Kerala there is a Silverline project for which no sanction has been provided so far by the Ministry of Railways. But it is quite unfortunate to note that forcible land acquisition is going on though there is no permission from the Railways in this regard. There is no Environmental Impact Assessment Report; there is no social impact assessment. Nothing is there. Even the technical feasibility of the project also is in doubt. In such a situation, how can land be acquired forcibly? That has to be cleared by the Ministry of Railways. It is because the Ministry of Railways has categorically stated that no permission has been given for the Silverline project. As per the Budget proposals announced by the hon. Finance Minister yesterday, 400 Vande Bharat high-speed trains will be provided. I would like to know from the hon. Minister whether such type of high-speed trains using the existing broad-gauge line will be provided in the State of Kerala, in stead of having a Silverline project in which thousands and thousands of people will have to be evicted. I am seeking a clear-cut answer from the hon. Minister.

**डॉ. सुजय विखे पाटील (अहमदनगर):** सर।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपको मैंने बुलाया था, आप उस समय नहीं थे।

… (व्यवधान)

**श्री दानवे रावसाहेब दादाराव:** माननीय प्रेमचन्द्रन जी ने जो प्रश्न पूछा है, मुझे ऐसा लगता है कि यह केरल राज्य का प्रश्न है। जो मूल प्रश्न है, वह अलग है। अगर प्रेमचन्द्रन जी को इसके बारे में कोई जानकारी चाहिए तो वे अलग-से प्रश्न पूछेंगे तो जानकारी दे दी जाएगी।

(pp. 22 – 30)

(1700/RU/MY)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, it is a very serious question.… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष:** आप माननीय सदस्य को अपने चेम्बर में बुलाकर जानकारी दे देना।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** क्या आप किसी को डिटेक्ट कर सकते हैं कि आपके द्वारा ही जवाब दिया जाए?

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** मैंने आपको व्यवस्था दे दी है कि माननीय मंत्री जी आप सभी केरल वालों के साथ बैठकर चर्चा कर लेंगे।

… (व्यवधान)

DR. SUJAY VIKHE PATIL (AHMEDNAGAR): Sir, I thank you for allowing me to put this supplementary question.

Since the railways will be importing high speed trains, Shinkansen from Japan for initial stages, I would like to know from the Minister through you whether there are any plans to manufacture and export the bullet train coaches through Make in India which could bring down the cost of operating the Shinkansen trains in the country and whether the Government has signed any agreement for transfer of technology for the same.

**श्री दानवे रावसाहेब दादाराव :** अध्यक्ष महोदय, रेल मंत्रालय ने दिल्ली-वाराणसी, मुम्बई-नागपुर, दिल्ली-अहमदाबाद, मुम्बई-हैदराबाद, चेन्नै-बेंगलुरू, वाराणसी-हावड़ा और दिल्ली-अमृतसर इत्यादि हाई स्पीड रेल कॉरिडोर की विस्तृत रिपोर्ट माँगी है। अभी तक एक डी.पी.आर. आया है, बाकि डी.पी.आर. आना बाकी है। किसी को भी अभी तक स्वीकृति नहीं दी गई है। स्वीकृति देने के बाद हम इस पर चर्चा कर सकते हैं।

**प्रश्न काल समाप्त**

## स्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं के बारे में विनिर्णय

1702 बजे

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, मुझे विभिन्न मुद्दों पर प्रो. सौगत राय, टी.एन. प्रथापन, एडवोकेट अदूर प्रकाश, श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि, अधीर रंजन चौधरी, के. सुरेश, एन.के. प्रेमचन्द्रन जी के स्थगन प्रस्ताव की सूचना प्राप्त हुई है, मैंने किसी भी स्थगन प्रस्ताव की सूचना की अनुमति नहीं दी है।

-----

… (व्यवधान)

## सभा पटल पर रखे जाने वाले पत्रों के संबंध में घोषणा

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, मुझे सूचित करना है कि संसदीय कार्य मंत्री जी की तरफ से मुझे एक अनुरोध प्राप्त हुआ है, जिसमें उन्होंने निवेदन किया है कि वर्तमान कोविड-19 की स्थिति के कारण संसदीय कार्य राज्य मंत्री को सत्रहवीं लोक सभा के आठवें सत्र के दौरान कार्यसूची में सभा पटल पर रखे जाने वाले शीर्ष के अंतर्गत सूचीबद्ध किए गए पत्रों को सभी मंत्रियों की ओर से सभा पटल पर रखे जाने की अनुमति प्रदान की जाएगी। मैंने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है।

## सभा पटल पर रखे गए पत्र

1703 बजे

**माननीय अध्यक्ष:** अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे। आइटम नंबर 3 से 15 - श्री मुरलीधरन जी।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI V. MURALEEDHARAN): Sir, on behalf of Shri Pralhad Joshi, I beg to lay on the Table a copy of the Notification No. S.O.4589(E) (Hindi and English versions) published in Gazette of India dated 2nd November, 2021, increasing the percentage of coal that may be sold by NLC India Limited from Talabira II and III OCP under sub-section (1) of Section 28 of the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957.

-------

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Government of West Bengal urged Prime Minister to withdraw the proposed amendments in the IAS Cadre Rules 1954. The proposed amendments are ominous and would cause an irreparable damage to the spirit of cooperative federalism that exists between the Union and States and result in concentration of power with the Union Government. Many States are woefully short of officers, primarily owing to the wrong cadre management policies of the Union Government and availing itself of the common pool of Group-1 officers at the national level, the States banked on the limited pool of IAS Officers in the States. The States are at the forefront of implementation of various programmes, including the Union Government's schemes. The States also face frequent natural disasters, which require the services of IAS officers. Forcing the State governments to depute officers would surely aggravate the governance deficit in various states. The proposed amendments also induce a fear psychosis and an attitude of hesitancy among All India Service officers to implement the policies of a state government formulated by a party or parties politically opposed to the ruling party at the Centre. I request Union Government to withdraw the proposed amendments to safeguard Federal Structure.

(ends)

## Re: Need to include agriculture labour costs under Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme

SHRI N. REDDEPPA (CHITTOOR): MGNREGS has been a boon for rural people who are economically backward in the country which has helped them to earn their daily bread and butter. This scheme has wide acceptance in the country as it has helped in poverty alleviation to a great extent. Contrary to the direct benefit transfer schemes of the Government, NREGS promotes production and adds to the GDP. Non-remunerative prices of several crops have been the root cause of widespread agrarian distress. MGNREGS can be effectively applied to the agriculture sector to cut down cost as well as provide employment. Hence, I request the Government to allow Agriculture labour costs to be included in MGNREGS. (ends)

## Re: Need to ensure time bound investigation of bank frauds by Enforcement Directorate

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल):** माननीय अध्यक्ष महोदय, पिछले सालों में कई सारे बैंक घोटाले उजागर हुए हैं जबकि इन बैंकों में जब भी घोटाले सामने आते हैं तब से बैंक से पैसे निकालने पर रोक लग जाती है जबकि इन बैंको में नौकरीपेशा, आम आदमी, किसान और अन्य लोगो का पैसा डिपाजिट रहता है और जब बैंक संचालक बैक के माध्यम से ग्राहकों और बैंक के साथ धोखाधड़ी करते हैं तो केंद्र सरकार द्वारा ई डी (E D) की कार्रवाई होती है, और ई डी (E D) द्वारा इसकी कई सालों तक जांच और कार्रवाई चलती है मेरे संज्ञान में अब तक ई डी (E D) के द्वारा की गई कार्रवाई में केवल दो या तीन वित्तीय संस्थानों और इससे जुड़े लोगो पर आरोप सिध्द हुए हैं जबकि अन्य बैंक घोटालों पर कई सालों से ई डी (E D) की कार्रवाई चलती आ रही है|

मेरे चुनाव क्षेत्र में पेन अर्बन बैंक घोटाला हुआ है, जबकि पेन अर्बन बैंक में डिपाजिट के तौर पर गरीब किसानो, ग्रामीणों, आम आदमी और नौकरीपेशा के पैसे जमा हैं, इसमें से डिपाजिट करने वाले कई लोग गुजर चुके हैं, लेकिन उनको न्याय नहीं मिला|

माननीय अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं सरकार से मांग करता हूँ कि ई डी (E D) द्वारा बैंको तथा इससे जुड़े लोगो पर कार्रवाई होती है, उसकी जांच जल्दी से होनी चाहिए तथा आम लोगों का उनके जमा पैसा जल्दी से जल्दी देने की व्यवस्था की जाय|

(इति)

## Re: Decision to shutdown Doordarshan Kendra in Saharsa in Madhepura parliamentary constituency, Bihar

**श्री दिनेश चन्द्र यादव (मधेपुरा):** नेपाल देश की फ्रीक्वेंसी को रोकने के लिए भारत सरकार ने बिहार राज्य अन्तर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र मधेपुरा (बिहार) के सहरसा में उच्च क्षमता (20 किलोवाट) के दूरदर्शन केन्द्र की स्थापना दो दशक पूर्व करायी थी।

उक्त दूरदर्शन केन्द्र से 20 किलोवाट DD-1 (नेशनल) एवं 100 वाट की FM सेवा चालू करायी गई थी।

जानकारी मिली है कि उक्त दूरदर्शन केन्द्र को बंद किया जा रहा है। इस केन्द्र की स्थापना अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अवस्थित होने के कारण हीं करायी गयी थी।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूँ कि उक्त केन्द्र को बंद नहीं किया जाय एवं केन्द्र में स्थापित 100 वाट FM के स्थान पर 10 किलोवाट FM लगायी जाय, जिससे पिछड़े क्षेत्र एवं लम्बी दूरी तक के लोगों को भी FM रेडियो सुनने की सुविधा मिलेगी।

(इति)

## Re: Need to provide adequate irrigation facilities in Amroha parliamentary constituency, Uttar Pradesh

**कुंवर दानिश अली (अमरोहा):** मेरे संसदीय क्षेत्र अमरोहा एवं अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के हापुड़ जिले में सिंचाई की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण किसानों की फसलें ख़राब हो रही है। बारिश के पानी को जमा करने का उचित प्रबंध नही होने के कारण किसानों को खेती के लिए तालाबों और नहरों से पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। किसान यहाँ नलकूपों से खेती करने को मजबूर हैं।

बरसात के समय नाले और रजवाहों की सिल्ट सफाई नहीं होने के कारण मेरे क्षेत्र के धनौरा व गढ़मुक्तेश्वर के गंगा खादर में अधिक फसल बर्बाद होता है। यहाँ रजवाहों की सिल्ट सफाई नहीं होती है कई वर्षों से सिर्फ खाना पूर्ति की जा रही है, जिस के कारण किसानों को खेती के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अतः मेरी सरकार से ये मांग है की किसानों की इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए।

**کنور دانش علی (امروہہ): محترم اسپیکر صاحب، میرے پارلیمانی حلقہ امروہہ کے ہاپوڑ ضلع میں سینچائی کا مناسب انتظام نہ ہونے کی وجہ سے کسانوں کی فصلیں خراب ہو رہی ہیں۔ بارش کے پانی کو جمع کرنے کا مناسب انتظام نہیں ہونے کی وجہ سے کسانوں کو کھیتی کے لئے تالابوں اور نہروں سے پورا پانی نہیں مل پاتا ہے۔ کسان یہاں نل کوپوں سے کھیتی کرنے کو مجبور ہیں۔**

**برسات کے وقت نالوں اور رجواہوں کی سِلٹ صفائی نہ ہونے کی وجہ سے میرے حلقہ کے دھنورا اور گڑھ مکتیشور کے گنگا کھادرمیں زیادہ فصلیں برباد ہوتی ہیں۔ یہاں رجواہوں کی سِلٹ صفائی نہیں ہوتی ہے۔ کئی سالوں سے صرف خانہ پورتی کی جا رہی ہے، جس کی وجہ سے کسانوں کو کھیتی کے لئے بہت سی پریشانیوں کا سامنا کرنا پڑتا ہے۔ اس لئے میری سرکار سے یہ مانگ ہے کہ کسانوں کی اس پریشانی کا حل جلد سے جلد کرایا جائے۔ شکریہ**

**Re: Need to fix procurement target of rice for entire year for each State and also increase the pace of procurement**

DR. G. RANJITH REDDY (CHEVELLA): With farmer-friendly policies of Telangana CM, State achieved tremendous progress in agriculture sector and now the State has not only been able to meet its foodgrain requirement but also became a huge rice-surplus State. So, surplus grains can be sent to deficit States.

FCI is given mandate for food grain procurement, supply through PDS and keeping buffer stock. But, FCI is following policies, like not fixing procurement target for entire year, procurement not keeping pace with production, etc., proved to be detrimental to farming community, particularly from Telangana. Unfortunately, FCI is also not able to see increased production of rice in Telangana year-after-year. Due to this, Govt. of Telangana is finding it difficult to plan appropriate cropping pattern for farmers.

Hence, I request PM to kindly intervene and direct FCI to:

Fix procurement target of rice for entire year in one go for each State.

Increase its pace of procurement.

(ends)

**Re: Need to post a team of NDRF in Mahad, Raigad, Maharashtra on permanent basis**

SHRI SUNIL DATTATRAY TATKARE (RAIGAD): Sir through this August House, I would like to draw your attention towards a matter of urgent public importance. Sir as you are aware that for the past 2 years, my constituency is facing natural calamities especially cyclones and for quick response it is imperative to have a team of NDRF to be permanently positioned in Mahad, Raigad, Maharashtra.

(ends)

**Re: Need to provide free LPG connections to all the eligible women under Pradhan Mantri Ujjwala Yojana in Nandurbar parliamentary constituency, Maharashtra**

DR. HEENA VIJAYKUMAR GAVIT (NANDURBAR): Pradhan Mantri Ujjwala Yojana (PMUY) was launched in 2016 with an objective of providing deposit free LPG connections to women from poor households. The Government had set a target of 5 Crore LPG connections to be distributed to the poor households which was enhanced to 8 Crore. The said target had been achieved on 7th September, 2019, seven months ahead of target. In Union Budget of 2021-2022, government announced that 1 crore more connections will be provided under this scheme & PMUY 2.0 was launched in August 2021.

My Parliamentary constituency of Nandurbar is a tribal area & has also been declared as an aspirational district by NITI Aayog since it lags behind on several development parameters including low human development index. There are more than 60,000 women beneficiaries in Nandurbar which still don’t have access to cleaner cooking fuels like LPG under PMUY & they are forced to use conventional fuels like wood which causes adverse health effects. I request the Government to carry out a special drive for identifying these left out women beneficiaries in Nandurbar & ensure that they are provided with LPG cylinders under PMUY 2.0 in order to minimize the adverse effects of conventional fuel for cooking and other household purposes.

(ends)

## राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव

1708 hours

**माननीय अध्यक्ष :** आइटम नंबर- 23, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव।

श्री हरीश द्विवेदी प्रस्ताव करें।

**श्री हरीश द्विवेदी (बस्ती):** महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:-

"कि राष्ट्रपति की सेवा में निम्नलिखित शब्दों में एक समावेदन प्रस्तुत किया जाए:-

'कि इस सत्र में समवेत लोक सभा के सदस्य राष्ट्रपति के उस अभिभाषण के लिए, जो उन्होंने 31 जनवरी, 2022 को एक साथ समवेत संसद की दोनों सभाओं के समक्ष देने की कृपा की है, उनके अत्यंत आभारी हैं'।"

माननीय अध्यक्ष जी, महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर पार्टी ने मुझे बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आदरणीय प्रधान मंत्री जी का, आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का और आदरणीय गृह मंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

माननीय अध्यक्ष जी, महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला है।

1708 hours (Shri N. K. Premachandran *in the Chair*)

उन्होंने मोदी सरकार का जो मूल मंत्र है, "सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास", इस मूल मंत्र को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार के द्वारा विभिन्न बुनियादी सुविधाओं को कैसे गांव, गरीब, किसान और मजदूर तक पहुंचाया जाए, इस पर भी अपनी बात रखी। साथ ही साथ माननीय राष्ट्रपति जी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति जो केन्द्र सरकार के द्वारा लाई गई है, उस पर भी चर्चा की है। … (व्यवधान)

HON CHAIRPERSON: Please let the House be in order.

**श्री हरीश द्विवेदी (बस्ती):** साथ ही साथ गरीबों के लिए मोदी सरकार के द्वारा जो विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं बनाई गई हैं, उन पर भी प्रकाश डाला है।

(1710/NK/KSP)

माननीय सभापति जी, इस समय भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, 75 वर्ष पूर्ण होने वाले हैं। इस अमृत महोत्सव में मोदी सरकार ने देश के महापुरुषों को सम्मान देने की दृष्टि से देश में ऐसे ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को कैसे विकसित किया जाए, इस दृष्टि से कई महत्वपूर्ण काम किए हैं। जहां अमृत महोत्सव में सरदार वल्लभ भाई पटेल को याद करते हुए उनका एक सबसे बड़ा भव्य स्मारक बनाने का काम मोदी सरकार ने किया, वहीं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को याद करते हुए उनको सम्मान देने की दृष्टि से दिल्ली में एक स्मारक बनाने का काम मोदी सरकार कर रही है।

माननीय सभापति महोदय जी, मैं यह कह सकता हूं कि ऐसे तमाम महापुरुष जिन्होंने इस देश की आजादी के लिए कुर्बानी दी, इस देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन लगा दिया, ऐसे महापुरुषों को सम्मान देने का काम अगर किसी ने किया है तो मोदी सरकार ने किया है। मैं कह सकता हूं चाहे सरदार पटेल रहे हों, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस रहे हों या पंडित मदन मोहन मालवीय जी रहे हों उन्होंने इस देश को बहुत बड़ा योगदान दिया। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने कभी भी ऐसे महापुरुषों को सम्मानित नहीं किया। कांग्रेस पार्टी ने केवल एक परिवार को सम्मान देने का काम किया। मैं कह सकता हूं कि जिस सरदार पटेल का दुनिया में लोग सम्मान करते थे, वह हिन्दुस्तान के सिरमौर थे, उस सरदार पटेल को भी कांग्रेस पार्टी ने भुलाने का काम किया। मैं कह सकता हूं कि मोदी सरकार के आने के बाद, सरदार पटेल की जितनी ऊंचाई थी, उनका जितना बड़ा व्यक्तित्व था, उस ऊंचाई के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा स्मारक बनाने का काम हम करेंगे और इसे केवड़िया में किया। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती 23 जनवरी को है, मोदी सरकार ने 23 जनवरी से गणतंत्र दिवस का शुभारंभ किया। दिल्ली में इंडिया गेट के पास उनका एक भव्य स्मारक बनाने का काम हमारी सरकार कर रही है। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के लिए मैं एक बात जरूर कहूंगा।

जहां भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित कर रही है, वहीं उत्तर प्रदेश में एक घटना घटी, जहां पूर्व मुख्यमंत्री और इस लोक सभा के सांसद ने सरदार पटेल और जिन्ना के बारे में एक सभा में कहा। जिन्ना के बारे में बचपन से स्कूलों में पढ़ाया जाता है, हर बच्चा जानता है कि जिन्ना का हिन्दुस्तान के प्रति क्या योगदान रहा है, जिन्ना की क्या भूमिका रही है। सभी को पता है कि जिन्ना ने इस देश को तोड़ने का काम किया, जिन्ना ने देश का बंटवारा करने का काम किया। लेकिन एक सभा में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव जी ने जिन्ना और सरदार पटेल की तुलना करके सरदार पटेल का अपमान किया। मैं इस सभा के माध्यम से इसकी घोर निंदा करता हूं क्योंकि कहीं न कहीं इसमें वोट की राजनीति को समाजवादी पार्टी के नेताओं ने खोजने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि जिन्ना हमारे आदर्श हैं, जितना योगदान सरदार पटेल का है, जितना योगदान नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का है, जितना योगदान चन्द्रशेखर आजाद जी का है, जितना योगदान अन्य नेताओं का है, उतना ही योगदान जिन्ना का है। मैं इस नाते कह सकता हूं कि हमारे देश के जो स्वतंत्रता सेनानी हैं, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए काम किया, उनको अपमानित करने का काम समाजवादी पार्टी के नेताओं द्वारा किया जा रहा है।

माननीय प्रधानमंत्री जी जब प्रधानमंत्री बनें, तब उन्होंने सेंट्रल हॉल में संयुक्त सदन में भारतीय जनता पार्टी के सांसदों को कहा था कि हमारी सरकार 'सबका साथ सबका विकास' के मूल मंत्र को लेकर चलेगी और उस पर काम करेगी। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने कहा था देश के गांव, गरीब, किसान और मजदूरों के लिए हमारी सरकार समर्पित होगी। हमारे प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि नौजवान, माताओं-बहनों को समर्पित हमारी सरकार होगी, लेकिन शायद उस समय हम लोगों के ध्यान में यह नहीं आया कि इसका मतलब क्या होता है? उस समय जब 'सबका साथ सबका विकास' का नारा हमारे प्रधानमंत्री जी ने दिया तो तमाम विपक्ष के नेताओं ने हंसने का काम किया, लेकिन 'सबका साथ सबका विकास' होता क्या है? गरीबों, मजदूरों को समर्पित सरकार होती क्या है? इस पर जब धीरे-धीरे हमारी सरकार ने काम करना शुरू किया तो हमारे प्रधानमंत्री जी ने लक्ष्य रखा कि हम हिन्दुस्तान में हर गरीब के घर में बिजली की रोशनी पहुंचाएंगे। हमारी सरकार ने केवल इसे कहा नहीं, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना बनाकर हर गांव तक खम्भे के तार से ट्रांसर्फमर पहुंचाने का काम मोदी सरकार ने किया जो शायद पच्चीस - तीस साल पहले मिल जाना चाहिए था।

(1715/SK/KKD)

यह गरीबों का हक था। सरकारें गरीबों के लिए होती हैं, अमीरों के लिए नहीं होती हैं। गरीब को हर प्रकार का अधिकार मिल जाए, हर प्रकार की सुविधा मिल जाए, इसके लिए सरकारें होती हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी ने हर गांव में खंबा, तार और ट्रांसफार्मर पहुंचाया। माननीय प्रधान मंत्री जी ने कहा कि खंबा, तार, ट्रांसफार्मर पहुंचाने से ही गरीबों के घरों में रोशनी नहीं पहुंचेगी, इसलिए करोड़ों गरीबों के घर में 'सौभाग्य योजना' बनाकर मुफ्त बिजली का कनैक्शन और मीटर देने का काम किया। मैं इस नाते कह सकता हूं कि मोदी सरकार ने हर गरीब की चिंता की है। हर गरीब के घर में बिजली की रोशनी पहुंचनी चाहिए, गरीब के बच्चे को बिजली की रोशनी में पढ़ाई करने का अवसर मिलना चाहिए। गरीब के बच्चे को गर्मी में पंखे की हवा में आराम से नींद आनी चाहिए ताकि वह अच्छे से पढ़ाई कर सके। अगर यह व्यवस्था किसी ने की है, तो मोदी सरकार ने की है।

माननीय प्रधान मंत्री जी ने कहा कि हर गरीब को प्रधान मंत्री आवास बनाकर देंगे। यह उसका अधिकार है और सरकार की जिम्मेदारी है कि हर गरीब के सिर पर छत होनी चाहिए। इस दिशा में मोदी सरकार ने प्रधान मंत्री ग्रामीण आवास योजना बनाई और इसके तहत दो करोड़ से ज्यादा गरीबों को मुफ्त आवास बनाकर दिए। कल जो बजट पेश हुआ है, उसमें मोदी सरकार ने 48,000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। इस तरह से 80 लाख और प्रधान मंत्री आवास बनाकर देने का काम किया है।

मोदी सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का नारा दिया था, मैं कह सकता हूं कि उस पर चलते हुए देश के गांव, गरीब, किसान और मजदूर का विकास कैसे होता है, इस दिशा में प्रयास किया। इतना ही नहीं, माननीय प्रधान मंत्री जी ने 15 अगस्त को लालकिले के प्राचीर से कहा था कि हम स्वच्छ भारत अभियान चलाएंगे, हिंदुस्तान को स्वच्छ बनाएंगे, हिंदुस्तान स्वच्छ और सुंदर बनना चाहिए। इसके लिए उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि हम सब के घरों

में शौचालय बनाएंगे, सब सहयोग करें। पूरे देश में मोदी सरकार ने दस करोड़ से ज्यादा शौचालय बनवाए। उत्तर प्रदेश में अकेले दो करोड़ साठ लाख शौचालय गरीबों के लिए बनवाए हैं। हमने शौचालय भी बनवाए, प्रधान मंत्री आवास भी बनवाए, हर घर में बिजली के कनैक्शन भी दिए। इतना ही नहीं, माननीय प्रधान मंत्री जी ने कहा कि गरीब माताएं और बहनें, जिनके घरों में लकड़ी पर खाना बनता है, कंडी पर खाना बनता है और उसके धुएं के कारण गरीब माताएं और बहनें बीमार हो जाती हैं। उनकी दवा नहीं हो पाती है इसलिए वे अपना पूरा जीवन बीमारी में काट देती हैं और अगर ज्यादा बीमार होती हैं तो मर भी जाती हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी ने प्रधान मंत्री 'उज्ज्वला योजना' बनाकर पूरे हिंदुस्तान में आठ करोड़ से ज्यादा गरीब माताओं और बहनों को गैस कनैक्शन देने का काम किया। अकेले उत्तर प्रदेश में पौने दो करोड़ गैस कनैक्शन भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने दिए हैं।

हमने गैस कनैक्शन दिए, प्रधान मंत्री आवास बनवाए, बिजली कनैक्शन दिए, शौचालय बनवाए, इतना ही नहीं केंद्र सरकार पहले से ही गरीबों को मुफ्त राशन देने का काम कर रही है। गरीब को खाने के अभाव में किसी तरह की समस्या न आए और हर व्यक्ति के लिए खाने की व्यवस्था हो जाए, इसके लिए मोदी सरकार 'प्रधान मंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना' के अंतर्गत हर गरीब को मुफ्त राशन देने का काम कर रही है।

महोदय, तमाम ऐसे गरीब हैं जो बीमार हो जाते हैं तो हमारे पास आते हैं। एक सांसद होने के नाते प्रधान मंत्री केयर फंड में हम पत्र लिखते हैं कि हमारे क्षेत्र का व्यक्ति बीमार है, इसकी दवा नहीं हो पा रही है, इसलिए कुछ पैसा मिलना चाहिए। हम साल में अधिकतम 32 से 40 लोगों की दवा ही करा सकते हैं। तमाम गरीब ऐसे हैं जो हमारे पास आते हैं, लेकिन हम उनकी मदद नहीं कर पाते हैं। जब माननीय प्रधान मंत्री जी को यह बात पता चली तब 'आयुष्मान भारत योजना' बनाकर हिंदुस्तान के 50 करोड़ से ज्यादा गरीबों को मुफ्त में दवा देने का काम किया। उत्तर प्रदेश में करोड़ों रुपये की लागत से लोगों को दवाएं मिलीं।

हमने दवा कराने का काम किया, राशन देने का काम किया, प्रधान मंत्री आवास देने का काम किया, घरों में बिजली पहुंचाने का काम किया, गैस कनैक्शन देने का काम भी किया। इतना ही नहीं, माननीय प्रधान मंत्री जी चाहते हैं कि किसानों की आमदनी दोगुनी हो जाए। किसानों की आमदनी दोगुनी कैसे होगी? माननीय प्रधान मंत्री जी ने कहा कि हर किसान के खेत की मिट्टी की जांच कराएंगे। इसके लिए सॉयल हैल्थ कार्ड बनवाने की व्यवस्था की और मोदी सरकार ने 12 करोड़ सॉयल हैल्थ कार्ड बनवाए। इसके साथ ही साथ किसानों की आमदनी दोगुनी कैसे हो, इसके लिए किसानों को मुफ्त उपकरण और इस पर सब्सिडी देने का काम भी किया।

मोदी सरकार ने 'प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना' बनाकर हर किसान के खाते में साल में तीन किश्तों में दो हजार रुपये डालने का काम किया। अकेले उत्तर प्रदेश में पौने तीन करोड़ किसानों के खाते में दो हजार रुपये चार महीने पर जा रहे हैं।

(1720/MK/RP)

किसानों की आमदनी दोगुनी हो और गरीबों का कल्याण हो, उस दिशा में हमारी सरकार ने काम किया। हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा कि दिल्ली, मुम्बई जैसे बड़े-बड़े शहरों में 24 घंटे बिजली आती है। बिजली कैसे आएगी- जब खम्भा, तार और ट्रांसफॉर्मर होगा। हमने उत्तर प्रदेश में खम्भा, तार और ट्रांसफॉर्मर पहुंचा दिया। लेकिन, वर्ष 2014 से वर्ष 2017 तक उत्तर प्रदेश में एक ऐसी सरकार थी, जो केंद्र सरकार का सहयोग नहीं कर रही थी, सहयोग ले नहीं रही थी और सहयोग दे नहीं रही थी। इस कारण उत्तर प्रदेश में दो-चार घंटे बिजली आ रही थी। वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश की जनता ने संकल्प लिया कि हम उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाएंगे। जिसकी सरकार केंद्र में है, उसी की सरकार हम उत्तर प्रदेश में भी बनाएंगे। वर्ष 2017 में प्रचंड बहुमत के साथ उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की योगी सरकार आती है। योगी सरकार ने संकल्प लिया कि माननीय प्रधान मंत्री जी का जो संकल्प है कि गांव, गरीब, किसान और मजदूर का विकास होना चाहिए, उनको विभिन्न प्रकार की सुविधाएं मिलनी चाहिए, जो सुविधाएं अमीरों को मिलती हैं, वे सुविधाएं गरीबों को भी मिलनी चाहिए। यह संकल्प माननीय प्रधान मंत्री जी का था। उस दिशा में योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में बिजली की व्यवस्था कैसे ठीक हो, हर गरीब के घर में 24 घंटे बिजली आए, वह व्यवस्था करने का काम योगी सरकार ने किया। आज मैं गर्व से कह सकता हूं कि योगी सरकार उत्तर प्रदेश में 22 से 24 घंटे बिजली देने का काम कर रही है। हम पहले बिजली नहीं दे पाते थे। वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार थी। आज चुनाव आ गया है। अब चुनाव के समय में वहां के जो पूर्व मुख्य मंत्री हैं, जो समाजवादी पार्टी के मुखिया हैं, वे घोषणा कर रहे हैं कि हम 300 यूनिट बिजली फ्री में देंगे। उत्तर प्रदेश की जनता पूछ रही है कि जब आपकी सरकार में बिजली ही नहीं आती थी तो आपका फ्री देने का क्या मतलब है? आज उत्तर प्रदेश की जनता कहीं न कहीं यह महसूस कर रही है कि जो सुविधाएं हमें पहले मिल जानी चाहिए थीं, जो सुविधाएं हमें 20-25 साल पहले मिल जानी चाहिए थीं, वे सुविधाएं हमें मोदी सरकार और योगी सरकार आने के बाद मिल रही हैं। मैं यह कह सकता हूं कि भारतीय जनता पार्टी लगातार, हमारे प्रधान मंत्री जी ने जम्मू-कश्मीर में तिरंगा फहराने के बारे में सोचा। जब वहां तिरंगे का अपमान होता था, तिरंगे को जलाया जाता था, वहां पर लोग धमकी देते थे कि कोई भी तिरंगा फहराने आएगा, उसको यहां से वापस नहीं जाने देंगे। उस समय हमारे प्रधान मंत्री जी वर्ष 1992 में श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहराने गए थे। उसके पहले जनसंघ के संस्थापक एवं अध्यक्ष पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने नारा दिया था कि एक देश में दो निशान, दो प्रधान, दो विधान नहीं चलेगा, तो उनको जेल में डाल दिया गया। रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मौत हो गई। तब से लाखों की संख्या में लोग जम्मू-कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहराने का सपना देखते हुए शहीद हो गए। हमारी पार्टी और देश के तमाम राष्ट्रवादी लोगों का यह संकल्प था कि जो कानून उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, मुम्बई या उत्तराखंड में लागू है, वही कानून पूरे देश में लागू होना चाहिए। वहां वर्षों तक धारा-370 और 35-ए लागू था। मोदी सरकार के आने के बाद हमारी सरकार ने, हमारे प्रधान मंत्री जी ने, हमारे गृह मंत्री जी ने संकल्प लिया कि एक देश में दो निशान, दो प्रधान और दो विधान नहीं चलेगा।

इसको चरितार्थ करना है। 5 अगस्त, 2019 को इसी लोक सभा में हमारी सरकार ने बिल लाकर धारा-370 और 35-ए को समाप्त कर दिया। जम्मू-कश्मीर में जो अधिकार पिछड़ों को नहीं मिलता था, दलितों को नहीं मिलता था, महिलाओं को नहीं मिलता था, वह अधिकार देने का काम अगर किसी ने किया है तो मोदी सरकार ने किया। इसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को बधाई देता हूं और अभिनन्दन करता हूं कि हमारे देश के हजारों, लाखों और करोड़ों ऐसे राष्ट्रभक्त, जिनका यह सपना था कि एक देश में एक ही निशान होना चाहिए, एक ही प्रधान होना चाहिए और एक ही विधान होना चाहिए, उसको चरितार्थ करने का काम मोदी सरकार ने किया है।

आदरणीय मुलायम सिंह जी यहां बैठे हैं, मैं इनका बहुत सम्मान करता हूं। हमारी पार्टी और देश के करोड़ों ऐसे लोग जिनको भगवान राम में आस्था थी, आस्था है, लगातार उनका यह सपना था कि अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भव्य राम मन्दिर का निर्माण होना चाहिए। वहां लाखों-करोड़ों कार सेवकों ने हर प्रकार से सेवा की। वहां पर गोलियां चलवाई गईं सैंकड़ों लोग शहीद हुए और हजारों लोग घायल हुए। जब हम लोग चुनाव में जाते थे तो यही समाजवादी पार्टी के नेता घूम-घूमकर कहते थे कि 'रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे, लेकिन तारीख नहीं बताएंगे'। वे हम पर टॉन्ट कसते थे, ताना देते थे। लेकिन, शायद इनको यह नहीं पता था कि मोदी सरकार आने के बाद माननीय प्रधान मंत्री जी ने सुप्रीम कोर्ट से निवेदन किया कि इसकी सुनवाई करके जल्द से जल्द इसका डिसीजन दिया जाए।

(1725/SJN/NKL)

माननीय सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया और हम लोगों ने कहा था कि रामलला आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे और तारीख भी बताएंगे। माननीय प्रधानमंत्री जी और उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 5 अगस्त, 2020 को शिलान्यास किया और वहां पर भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। हमें गर्व होता है कि हमारी पार्टी, हमारे कार्यकर्ता और देश के करोड़ों लोगों को भगवान राम में आस्था है, इस देश के प्रति आस्था है, उनका यह संकल्प था, उनका यह सपना था, अगर किसी ने उस सपने को पूरा करने का काम किया है, तो वह मोदी और योगी सरकार ने किया है।

इतना ही नहीं, काशी के बारे में यह कहा जाता है कि काशी एक प्राचीन नगरी है। वह बाबा भोले के त्रिशूल पर टिकी हुई नगरी है, लेकिन बाबा काशी विश्वनाथ का जो मंदिर है, वह गलियों में था। वह 5,000 वर्ग फीट में सिमटा हुआ था। वहां लोगों को जाने में परेशानी होती थी, लोग दर्शन करने के लिए घंटों इंतजार किया करते थे। विपक्ष के तमाम नेतागण भी वहां दर्शन करने के लिए जाते हैं। वे पार्लियामेंट में भले ही इसका समर्थन न करें, लेकिन जब वे बाहर मिलते हैं, तो कहते हैं कि मोदी जी ने तो कमाल कर दिया। कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। बनारस तो वैसे भी गलियों का शहर है, संकरा शहर है। कोई इतना विस्तार कर सकता है, इतना अच्छा विकास कर सकता है, लेकिन हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने बाबा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाकर काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर का विकास किया है। इतना ही नहीं, मैं यह गर्व से कह सकता हूं कि आज पूरे हिन्दुस्तान और पूरी दुनिया में हिन्दू धर्म को जो मानने वाले लोग हैं, जो बाबा काशी विश्वनाथ और बाबा भोले को मानने वाले लोग हैं, उनको भी गर्व हो रहा है। जो 5,000 वर्ग फीट का परिसर था, अगर आज किसी ने उसे 6 लाख वर्ग फीट परिसर बनाने का काम किया है, तो वह मोदी सरकार ने किया है।

जब हमने कहा था कि जो हमारे देश के महापुरुष हैं, हम उनको भी सम्मान देंगे। हमारे जो धार्मिक स्थल हैं, हम उनका भी विकास करेंगे। हमने सिर्फ कहा ही नहीं है, बल्कि हमने किया भी है। भव्य राम मंदिर के निर्माण का रास्ता भी साफ हुआ, उसका शिलान्यास हुआ और बाबा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का विकास हुआ है। इतना ही नहीं विंध्याचल में मां विंध्यवासिनी जी का जो दरबार है, श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी वहां की सांसद हैं, एक कॉरिडोर बनाकर वहां का विकास किया गया है। हम लोगों ने संकल्प लिया है कि हम आने वाले समय में मथुरा का भी विकास करेंगे और वृन्दावन का भी विकास करेंगे। हमारी सरकार भगवान कृष्ण जी की नगरी को और सजाने का कार्य करेगी। हम यह मानते हैं कि जो हमारे आराध्य देव हैं, उनकी जो जन्म भूमि है, उसका विकास होना चाहिए। वहां पर पर्यटकों के आने-जाने की सुविधा होनी चाहिए। मैं यह सकता हूं कि जब से अयोध्या में राम मंदिर बन रहा है और जब से काशी में बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर का विकास हुआ है, तब से वहां पर लाखों की संख्या में पर्यटक जा रहे हैं। वहां पर बिजनेस डेवलेप हो रहा है, लोगों को रोज़गार मिल रहा है। वहां पर पूरी दुनिया और विदेशी पर्यटक आ रहे हैं। आर्थिक दृष्टि से भी लोग मज़बूत हो रहे हैं, तो मोदी और योगी जी की सरकार ने इस प्रकार का विकास करने का काम किया है।

मैं यह कह सकता हूं कि चारों धाम जो कि केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री हैं, अगर इन सभी स्थानों का विकास किसी ने किया है, तो मोदी सरकार और उत्तराखंड राज्य की पुष्कर सिंह धामी जी की सरकार ने किया है। वहां पर अच्छी सड़कें बनाई गई हैं, ताकि हम किसी भी मौसम में वहां जा सकें। हमारी सरकार ने इस दिशा में काम किया है। जब विकास की चर्चा होती है, तो सड़कों की चर्चा होना स्वाभाविक है। वर्ष 2014 के पहले पूरे देश में सिर्फ 90,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग बना था। आज की तारीख में मोदी सरकार और सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी जी के नेतृत्व में हिन्दुस्तान में पिछले साढ़े सात वर्षों में 1,40,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण करने का कार्य किया है। उत्तर प्रदेश में तमाम सड़कें बनी हैं। जब पहले दिल्ली से मेरठ जाते थे, तो तीन या चार घंटे लगते थे। माननीय सभापति जी, अगर आप भी कभी वहां जाएंगे, तो आप दिल्ली से मेरठ मात्र 40 से 50 मिनट में पहुंच जाएंगे।

उत्तर प्रदेश में 84 कोसी परिक्रमा है, जो लोग नहीं जानते हैं, वैसे तमिलनाडु वाले माननीय सदस्य मेरी बात समझ रहे होंगे, तो वे भी जानते होंगे, आन्ध्र प्रदेश वाले भी जानते हैं और कर्नाटक वाले भी जानते हैं कि जहां पर राजा दशरथ ने भगवान राम के जन्म के लिए पुत्र कामेष्ठि यज्ञ किया था, जहां से 84 कोसी परिक्रमा शुरू होती है, वह पुण्य भूमि मेरे संसदीय क्षेत्र बस्ती से प्रारंभ होती है। लोग वहां से 84 कोसी परिक्रमा करते हैं। वर्षों तक किसी सरकार ने उस परिक्रमा मार्ग की चिंता नहीं की थी, लेकिन मोदी सरकार आने के बाद हमने संकल्प लिया कि हम 84 कोसी परिक्रमा मार्ग को महामार्ग बनाएंगे।

(1730/YSH/MMN)

संकल्प ही नहीं लिया, बल्कि पिछले महीने हमारे सड़क एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गड़करी जी ने बस्ती में जाकर उसका शिलान्यास किया। परिक्रमा मार्ग को 4 लेन का नेशनल हाईवे बनाया जा रहा है। भगवान राम और माँ सीता की यादों से जुड़ा हुआ मार्ग, जो अयोध्या से जनकपुरी तक जाता है, वह मार्ग जर्जर था। उस मार्ग की किसी ने भी चिंता नहीं की, लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद हमारी सरकार ने संकल्प लिया कि हम उस मार्ग को बनाएंगे।... (व्यवधान) मैं सब कुछ बता रहा हूँ। मेरे पास एक घंटे का समय है। मैं सब कुछ बताऊंगा कि श्रमिकों के लिए क्या हुआ, नौजवानों के लिए क्या हुआ और किसानों के लिए क्या हुआ, मैं सारी चर्चा करूंगा।... (व्यवधान) आप हमारी बात सुनिए। राम जानकी मार्ग बनाने का काम अगर किसी ने किया है तो मोदी सरकार ने किया है। वह काम चल रहा है।... (व्यवधान) भगवान राम जब वन में गए थे तो अयोध्या से लेकर चित्रकूट तक राम वनगमन मार्ग को राष्ट्रीय महामार्ग बनाने का काम अगर किसी ने किया है तो मोदी सरकार ने किया है। लखनऊ रिंग रोड, बनारस रिंग रोड, मेरठ रिंग रोड और गोरखपुर जैसे तमाम रिंग रोड बनाने का काम किसी ने किया है तो मोदी सरकार ने किया है।

मैं यह कह सकता हूँ कि हमारी उत्तर प्रदेश सरकार ने योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में पूरे देश में सबसे ज्यादा स्टेट एक्सप्रेस-वे उत्तर प्रदेश राज्य में बनाए हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे 11 जिलों को जोड़ता है, वह बनकर तैयार है और उसका उद्घाटन माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय मुख्य मंत्री जी ने किया है। बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे भी बनकर तैयार हो गया है और उसका उद्घाटन भी हो गया है। गंगा एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास हो गया है। उसका शाहजहांपुर से शिलान्यास हुआ है, वह भी उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा एक्सप्रेस-वे बनने जा रहा है। तमाम ऐसे एक्सप्रेस-वे बनाने का काम केन्द्र सरकार ने, प्रदेश सरकार ने और उत्तराखण्ड की सरकार ने किया है। मैं इसके लिए माननीय प्रधान मंत्री जी का अभिनंदन करता हूँ और उनका आभार व्यक्त करता हूँ।

अभी हमारे एक मित्र कह रहे थे कि नौजवानों के लिए क्या किया? अब मैं उस पर आ रहा हूँ। मोदी सरकार आने के बाद प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि नौजवानों को कैसे अधिक से अधिक रोजगार दिया जाए और कहा कि इस पर हमें चिंता करनी चाहिए। उसके लिए हमारी सरकार ने प्रधान मंत्री मुद्रा योजना बनाई, जिससे गरीब नौजवानों को 50 हजार से लेकर 10 लाख रुपये तक का लोन आसानी से उपलब्ध हो जाए, कम इंटरेस्ट पर उपलब्ध हो जाए, यह व्यवस्था किसी सरकार ने की है तो वह मोदी सरकार ने की है। पूरे देश में 16 करोड़ गरीब नौजवानों को मुद्रा बैंक से लोन दिया गया है और वे अपना रोजगार कर रहे हैं। उनको रोजगार देने का काम हमारी सरकार ने किया है।... (व्यवधान) मैं 16 करोड़ बोल रहा हूँ। मोदी सरकार ने 16 करोड़ गरीब नौजवानों को रोजगार देने का काम मुद्रा बैंक के माध्यम से किया है और केवल मुद्रा बैंक ही नहीं, बल्कि केन्द्र सरकार की जितनी भी नियुक्तियां हुई हैं, चाहे रेलवे की नियुक्तियां हों या किसी भी विभाग की नियुक्तियां हों, वे पारदर्शिता के साथ हुई हैं, ईमानदारी से हुई हैं। बिना किसी भ्रष्टाचार के हुई हैं। बगैर भेदभाव, भाई-भतीजावाद के हुई है।

मोदी सरकार ने निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ नौजवानों को रोजगार देने का काम किया है और यही नहीं मैं उत्तर प्रदेश की भी जरूर चर्चा करूंगा। मैं उत्तर प्रदेश से आता हूँ। पूर्वांचल के बस्ती जिले से आता हूँ। बस्ती जिला एक पिछड़ा जिला है।

**माननीय सभापति (श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन):** आप महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलिए।

… (व्यवधान)

**श्री हरीश द्विवेदी (बस्ती):** सर, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में उत्तर प्रदेश को कैसे इग्नोर किया जा सकता है।… (व्यवधान) उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा प्रदेश है और चाहे कांग्रेस पाटी के नेता हों, समाजवादी पार्टी के नेता हों या बहुजन समाजवादी पार्टी के नेता हों, सभी नेता कहते हैं कि उत्तर प्रदेश से होकर के ही दिल्ली का रास्ता है तो दिल्ली में चर्चा हो और उत्तर प्रदेश की चर्चा ना हो तो मुझे लगता है कि यह अन्याय होगा।

**माननीय सभापति:** कोई अन्याय नहीं है।

… (व्यवधान)

**श्री हरीश द्विवेदी (बस्ती):** मेरा आपसे निवेदन है कि मुझे उत्तर प्रदेश के लिए बोलने का अवसर दिया जाए। आज उत्तर प्रदेश में चुनाव आ गया है।… (व्यवधान) मुझे बोलने दीजिए। हम किसी को डिस्टर्ब नहीं करते हैं।… (व्यवधान)

1734 बजे (माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

माननीय अध्यक्ष जी, कल कांग्रेस पार्टी के किसी नेता ने कहीं पर एक टिप्पणी की और टिप्प्णी यह थी कि अगर मोदी जी गंगा में डुबकी लगाते हैं तो उससे क्या हो जाएगा? मैं उनको यह बताना चाहता हूँ कि काश आपके जो मुखिया थे, पंडित जवाहर लाल नेहरू जी अगर गंगा में डुबकी लगा लिए होते तो जो उनके वंशज आज मंदिरों के सामने कोट के ऊपर जनेऊ लटकाकर के घूम रहे हैं और अपने आपको हिंदू सिद्ध करने का प्रयास कर रहे हैं, वह उनको नही करना पड़ता। मुझे ठीक से याद है कि कुछ दिन पहले, मोदी सरकार के आने से पहले, उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के आने से पहले लोगों को मंदिर में जाने से शर्म आती थी। मैं आपको कुंभ के मेले के बारे में बताता हूँ। आज उत्तर प्रदेश के समाजवादी पार्टी के जो मुखिया हैं, वे उस समय मुख्य मंत्री थे।

(1735/RPS/VR)

कुम्भ का मेला लगा था, उस समय वे गंगा स्नान करने नहीं गए, क्योंकि उनको डर लग रहा था कि अगर गंगा स्नान करने जाएंगे, मन्दिर का दर्शन करने जाएंगे, बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने जाएंगे तो हमारा वोट हमसे छिटक जाएगा। आज मैं माननीय प्रधानमंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं और उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान में और पूरी दुनिया में इस प्रकार का माहौल बन गया है कि सब लोगों को मजबूर होकर यह साबित करना पड़ रहा है कि हम भी हिन्दू हैं, हम भी मन्दिर जाते हैं और हम भी गंगा स्नान करते हैं। अब वे गंगा स्नान करने जाते हैं तो अपनी फोटो डालते हैं, मन्दिर में जाते हैं तो उसकी फोटो डालते हैं। पहले अगर वे घर में भी पूजा करते थे, जैसे लड़का होने पर या किसी अन्य शुभ कार्य में पूजा करते थे तो छिपाकर पूजा करते थे, उनको डर लगता था कि कहीं हमारा वोट न चला जाए। इस नाते, अगर आज पूरे हिन्दुस्तान में, सबमें यह गौरव पैदा हुआ है, यह गौरव देने का काम अगर किसी ने किया है तो मोदी जी ने किया है और उत्तर प्रदेश में योगी जी ने किया है, जिससे सबको मजबूर होना पड़ा कि हमको भी मन्दिर जाना चाहिए और हमको भी गंगा स्नान करना चाहिए।

महोदय, आज, अभी समाजवादी पार्टी के मुखिया ने एक स्टेटमेंट दिया है। उन्होंने कहा कि हम जब आएंगे तो इससे भी अच्छे भव्य राम मन्दिर का निर्माण करेंगे। अब उन्होंने ऐसा कहा है तो माननीय अध्यक्ष जी, मुझे उसका उत्तर देना ही पड़ेगा। आपको किसने रोका था? आपके पिताजी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, कारसेवकों पर गोलियां उसी समय चलाई गई थीं। उस समय सैकड़ों कारसेवक मारे गए थे, हजारों कारसेवक घायल हुए थे और उस समय यह नारा दिया गया था – 'परिन्दा पर भी नहीं मारेगा।' लेकिन उस समय भी कारसेवक वहां तक पहुंच गए थे। वर्षों से वहां आन्दोलन चल रहा है। राम जन्मभूमि पर प्लास्टिक की एक छोटी-सी छतरी में भगवान राम विराजमान थे, तब किसी ने चिन्ता नहीं की। जब मोदी सरकार ने शिलान्यास कर दिया, भव्य राम मन्दिर का निर्माण हो रहा है, तब उनको भी लग रहा है कि कहीं हमारा नुकसान न हो जाए, इसलिए वे भी कह रहे हैं। अरे भाई, आप कैसे बनवाएंगे? आपको एक विशेष वर्ग का वोट लेना है। हम उस वर्ग के विरोधी नहीं हैं। हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा था – सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास । हमने प्रधानमंत्री आवास बनाया तो सबके लिए बनाया, हमने शौचालय बनाया तो सबके लिए बनाया, हमने घर में बिजली पहुंचाई तो सबके घरों में बिजली पहुंचाई, हमने मुद्रा बैंक में लोन दिया तो सबको लोन दिया। हम किसी के विरोधी नहीं हैं, लेकिन हम तुष्टिकरण नहीं करते हैं। भगवान राम की जहां जन्मभूमि है, वहां राम मन्दिर बनना चाहिए। बाबा काशी-विश्वनाथ कॉरिडोर का विकास होना चाहिए, यह चिन्ता अगर किसी ने की तो मोदी सरकार ने की और उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने की।

महोदय, अब लॉ एंड ऑर्डर की बात हो रही है। पूरे देश में स्वाभाविक रूप से लॉ एंड ऑर्डर प्रदेशों का मामला होता है, लेकिन मैं इसकी चर्चा इसलिए करूंगा कि जब उत्तर प्रदेश में कुछ होता है, तब यहां दिल्ली में, लोक सभा में तमाम लोग हंगामा करते हैं। इसलिए जवाब देना जरूरी है, क्योंकि यहां पर हंगामा करते हैं।

माननीय अध्यक्ष जी, आपको याद होगा कि उत्तर प्रदेश में जो पिछली सरकारें थीं, उन सरकारों के समय में नारा दिया जाता था – 'जो जमीन सरकारी है, वह जमीन हमारी है' और 'जो खाली जमीन है, वह जमीन हमारी है।' बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर का जो संविधान है, उस संविधान में यह कहा गया है कि जब कानून का राज होगा, तभी लोगों को न्याय मिलेगा। ... (व्यवधान) दादा, आप मुझसे बहुत ज्यादा जानकार हैं। कानून के राज में ही गरीबों को न्याय मिलता है, गरीबों को अधिकार मिलता है और जब कानून का राज नहीं होगा तो गरीबों को अधिकार नहीं मिलेगा, गरीबों को न्याय नहीं मिलेगा। इसलिए मैं यह कह सकता हूं कि तमाम पुरानी सरकारों में, सपा-बसपा की सरकारों में तमाम माफियाओं के द्वारा गरीबों की जमीनों पर कब्जा किया जाता था, गरीबों के घरों पर कब्जा किया जाता था। हत्या, बलात्कार, अपहरण, लूट जैसी घटनाएं होती थीं, लेकिन उत्तर प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद, हमारी सरकार ने संकल्प लिया कि जो गुण्डे हैं, वे या तो जेल चले जाएं या फिर उत्तर प्रदेश छोड़कर चले जाएं। आज उत्तर प्रदेश में कानून का राज है और इतना ही नहीं, तमाम माफियाओं ने जो गरीबों की जमीनों पर कब्जा किया था, उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बुलडोजर चलवाकर, ऐसी अवैध कब्जे वाली जमीनों का अधिग्रहण कर लिया। ऐसी एक हजार करोड़ रुपये से ज्यादा मूल्य की जमीन उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सरकारी कब्जे में ली है। आज वहां गरीबों के आवास बन रहे हैं, गरीबों का आशियाना बन रहा है। आज गरीबों को भी महसूस हो रहा है कि केन्द्र में जो मोदी सरकार है और उत्तर प्रदेश में योगी सरकार है, वह सही मायनों में गरीबों की हितैषी है, गरीबों के कल्याण के लिए काम कर रही है, गरीबों को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है और गरीबों के विकास के लिए काम कर रही है।

(1740/SPS/SAN)

इस दिशा में हमारी सरकार ने काम किया है। मोदी सरकार, उत्तर प्रदेश में योगी सरकार और बगल में ही उत्तराखण्ड है, जो उत्तर प्रदेश का एक हिस्सा है, इस नाते मैं उसकी भी चर्चा करूंगा। उत्तराखण्ड में एक आपदा आई थी। उस आपदा में हमारे केन्द्रीय मंत्री आदरणीय अश्विनी चौबे जी भी फंस गए थे। भगवान ने उनको बचाया। उस समय किसी ने कल्पना नहीं की थी कि इतनी जल्दी वहां का विकास हो जाएगा और पुनर्निर्माण हो जाएगा, लेकिन मोदी जी ने उसका संकल्प लिया। उस समय मोदी जी गुजरात के मुख्य मंत्री थे, वहां से आकर उन्होंने कहा था कि इसका विकास होगा। केन्द्र में मोदी सरकार के आने के बाद, उत्तराखण्ड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद केदारनाथ जी, बद्रीनाथ जी और चारों धामों का विकास हमारी सरकार ने किया है। इस नाते मैं यह कह सकता हूं कि हमारी सरकार ने गांव, गरीब, किसान, मजदूर के विकास के लिए, नौजवानों के रोज़गार के लिए, महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए काम किया है और हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा कि - 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'। यह नारा हमारी सरकार ने दिया। हमने केवल नारा ही नहीं दिया है, बल्कि आपने देखा होगा कि अभी पिछले दिनों हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा कि लड़कियों को बराबर अवसर मिलना चाहिए। उनकी शादी की उम्र 18 साल थी, हमारी सरकार ने उसे 21 साल किया। लड़कियों को बराबर पढ़ने का अवसर मिलना चाहिए, बराबर अधिकार मिलना चाहिए, इस दिशा में मोदी सरकार ने काम किया।

महोदय, गांव की तमाम अनपढ़ महिलाएं, गरीब महिलाएं, जिनके पास रोज़गार करने, छोटा-मोटा कुटीर चलाने का कोई साधन नहीं था तो हमारे प्रधान मंत्री जी ने स्वयं सहायता समूह बनवाए। हिंदुस्तान में 20 लाख स्वयं सहायता समूह काम कर रहे हैं और अकेले उत्तर प्रदेश में 10 लाख स्वयं सहायता समूह काम कर रहे हैं। हम वहां पर उनको फाइनेंस करते हैं। उनको बगैर इंट्रैस्ट के फाइनेंस होता है और उनसे करोड़ों महिलाएं जुड़ी हुई हैं। वहां सबका विकास हो रहा है और सबको आगे बढ़ने का अवसर मोदी सरकार दे रही है। आज वे भी अपने घरों में खुशहाल हैं। कुटीर उद्योगों के माध्यम से ग्रामीण पृष्ठभूमि के जो तमाम काम होते हैं, उनको करके वे अपनी रोजी-रोटी चला रही हैं। इस दिशा में हमारी सरकार ने काम किया है। मैं यह कह सकता हूं कि तमाम ऐसे विषय हैं, जो कोई विषय नहीं हो सकते हैं, उन विषयों की चर्चा लगातार तमाम नेताओं के द्वारा की जा रही है। मैं अब कोविड की चर्चा करूंगा। … (व्यवधान)

**कुंवर दानिश अली (अमरोहा) :** हाथरस पर बोलिए।

**श्री हरीश द्विवेदी (बस्ती) :** भाई साहब जब आपको बोलना होगा, तब आप बोलिएगा, अभी हमको बोलने दीजिए। मैं नेताजी को बोल रहा हूं, नेताजी एकदम शांति से सुन रहे हैं। मैं अब कोविड की चर्चा करूंगा। जब पूरी दुनिया में कोविड की महामारी आई तो पूरी दुनिया के लोगों को जो लगता था, वह धारणा मोदी सरकार ने बदल दी है। लोगों को यह लगता था कि अमेरिका शक्तिशाली देश है, विकसित देश है, वहां पर स्वास्थ्य की अच्छी सेवाएं हैं। ब्रिटेन विकसित देश है, रूस विकसित देश है, चाइना विकसित देश है और जर्मनी से लेकर तमाम देशों को लगा कि हम तो कोविड से निपट लेंगे, लेकिन हिन्दुस्तान कैसे निपटेगा। वहां स्वास्थ्य की अच्छी सेवाएं नहीं हैं और आबादी ज्यादा है। सब लोग अपने देश से ज्यादा चिंतित हिन्दुस्तान को लेकर थे।

महोदय, जब कोविड महामारी ने हिन्दुस्तान में दस्तक दी तो हमारे प्रधान मंत्री जी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए उस समय जो कहा था, वह मुझे ठीक से याद है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने कहा कि आप लोग धैर्य रखिए, आप लोग हमारा साथ दीजिए और कोविड के कारण किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आएगी। उस समय देशवासियों ने माननीय प्रधान मंत्री जी के आह्वान का साथ दिया और जो प्रधान मंत्री जी ने कहा, वह किया। उस समय लॉकडाउन लगाया गया। लॉकडाउन के कारण तमाम गरीबों को खाने-पीने की समस्या आ सकती थी, उनके रोज़गार की समस्या आ सकती थी, लेकिन माननीय प्रधान मंत्री जी ने 'प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना' बनाकर 20 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का पैकेज दिया। इस लॉकडाउन की स्थिति में कोरोना काल में गरीबों के सामने खाने-पीने का कोई संकट उत्पन्न न हो, इसकी व्यवस्था अगर किसी ने की तो मोदी सरकार ने की। पूरी दुनिया की सबसे बड़ी गरीबों के कल्याण के लिए योजना अगर किसी ने बनाई तो मोदी सरकार ने बनाई। उसमें 80 करोड़ से ज्यादा गरीबों को मुफ्त में राशन देने का काम मोदी सरकार ने किया। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने पिछले साल से लगातार, एक बार मोदी जी का राशन और उत्तर प्रदेश की जनता कहती है कि योगी जी का उसी महीने में दूसरी बार राशन मिलेगा। योगी जी भी प्रदेश सरकार के माध्यम से गरीबों को दोबारा राशन दे रहे हैं। वह केवल राशन ही नहीं दे रहे हैं, बल्कि चावल भी दे रहे हैं, दाल भी दे रहे हैं, गेहूं भी दे रहे हैं, चना भी दे रहे हैं, कड़वा तेल भी दे रहे हैं और नमक भी दे रहे हैं।

(1745/RAJ/SNT)

गरीबों को कोविड काल में खाने-पीने की किसी प्रकार की समस्या न आए, अगर यह व्यवस्था किसी ने की है, तो मोदी सरकार ने की है और उत्तर प्रदेश में यह योगी सरकार ने किया है। इतना ही नहीं, आप सभी को याद होगा, मैं आप लोगों से ज्यादा नहीं जानता हूं, लेकिन जहां तक मुझे जानकारी है, हिन्दुस्तान में तमाम तरह की महामारी आईं। पूरी दुनिया वैक्सीन बना लेती थी और उसके 20, 25 और 30 सालों के बाद हिन्दुस्तान को ऐसे फेंक देती थी कि आप भी यह ले लीजिए। जब हिन्दुस्तान में कोविड महामारी आई, पूरी दुनिया चिंतित थी। हमारे प्रधान मंत्री जी ने पूरी दुनिया का नेतृत्व किया, प्रधान मंत्री जी ने हिन्दुस्तान के वैज्ञानिकों और डॉक्टरों से कहा कि आप वैक्सीन बनाइए।...(व्यवधान) उन्होंने केवल यह कहा ही नहीं, बल्कि 35 हजार करोड़ रुपए भी दिए।...(व्यवधान) आप अच्छी बात सुनिए। आप सभी लोग वैक्सीन लगवाए होंगे। सभी लोग यहां वैक्सीन लगवा कर बैठे हैं।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आप बैठे-बैठे टिप्पणी न करें।

माननीय सदस्य, आप मुझे संबोधित कीजिए।

**श्री हरीश द्विवेदी (बस्ती):** हमारे प्रधान मंत्री जी ने बजट में 35 हजार करोड़ रुपए की व्यवस्था की और वैज्ञानिकों को पूरी छूट दी कि वैक्सीन बनाना महत्वपूर्ण है। 10, 15, 20-30 सालों में कांग्रेस वाले भी इधर-उधर से यह मांग ले कर आते थे। प्रधान मंत्री जी ने कहा कि दुनिया में सबसे पहले हिन्दुस्तान वैक्सीन बनाएगा। माननीय प्रधान मंत्री जी ने 35 हजार करोड़ रुपए दे कर एक वैक्सीन नहीं बल्कि दो-दो वैक्सीन्स बनवाए। हमारी सरकार ने कोवैक्सीन और कोविशील्ड बनाने का काम किया है और 165 करोड़ से ज्यादा डोजेज, 75 प्रतिशत व्यस्क, जो 18 साल से ऊपर के लोग हैं, उनको दोनों डोजेज लग गए। हमारी सरकार ने वैक्सीन्स बनाईं। 15 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चों के लिए भी वैक्सीन आ रही है, उनको भी वैक्सीन लगेगी। अब बुस्टर डोज भी लग रही है। जब मोदी जी की वैक्सीन बन रही थी।...(व्यवधान) जब भारत की वैक्सीन बन रही थी। ...(व्यवधान) मोदी जी देश के प्रधान मंत्री हैं। उनके नेतृत्व में देश चल रहा है, सरकार चल रही है, तो अगर कोई काम होगा तो मोदी जी को ही श्रेय जाएगा। उसमें कुछ कहने वाली बात नहीं है, यह हंसने वाली बात नहीं है।

जब भारत की वैक्सीन बन कर तैयार हुई, तो समाजवादी पार्टी के नेता, कांग्रेस पार्टी के नेता, अन्य विरोधी दल के नेता, उस वैक्सीन की हंसी उड़ा रहे थे कि अभी ट्रायल नहीं हुआ है, वैक्सीन लग जाएगी, कोई खतरा हो जाएगा, यह हो जाएगा, वह हो जाएगा। आपने हमारी वैक्सीन की आलोचना नहीं की है, बल्कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने इस देश के वैज्ञानिकों की आलोचना की है। आज तक समाजवादी पार्टी के मुखिया वैक्सीन लगवाए या नहीं लगवाए, यह वह जानते होंगे, लेकिन जब देश की वैक्सीन बन गई, तो उसके लिए उन्होंने वैज्ञानिकों को ट्विट करके बधाई नहीं दी। उनके बारे में कहा जाता है कि वे ट्विटर नेता हैं। वे ट्विटर पर अपनी प्रतिक्रिया देते हैं। आप लोग इतिहास जानते हैं, आप पूरी दुनिया का आंकड़ा ले लीजिए, आप पूरी दुनिया के देशों की आबादी को जोड़ दीजिए, उससे ज्यादा वैक्सीन हिन्दुस्तान की सरकार ने लगवाई है। हमारी सरकार ने मुफ्त में वैक्सीन लगवाई है। मोदी सरकार ने वैक्सीन लगवा कर गरीबों को बचाने का काम किया है।

इसकी दूसरी लहर आई। दूसरी लहर में ऑक्सीजन की कमी महसूस होने लगी। तत्काल ऑक्सीजन का उत्पादन नहीं बढ़ सकता है, उसमें हफ्ता-10 दिन का समय लगा। हमारी सरकार ने सभी से सहयोग ले कर, हजारों की संख्या में ट्रेन चला कर ऑक्सीजन मंगाने का काम किया। इतना ही नहीं, बल्कि प्रधान मंत्री केयर्स फंड से 1200 से ज्यादा ऑक्सीजन प्लांट्स हिन्दुस्तान में और 550 से ज्यादा प्लांट्स उत्तर प्रदेश में लगवाए गए हैं। मेरे स्वयं के जिले में, जहां एक भी ऑक्सीजन प्लांट नहीं था, आज हमारे जिले में पांच-पांच ऑक्सीजन प्लांट्स हैं। मैंने एक प्लांट निधि से दिया है।…(व्यवधान) वहां उसे चलाने वाला भी है और सारी सुविधाएं हैं। हिन्दुस्तान में सभी को पता है कि 60-65 सालों की सरकार में देश में एक या दो एम्स थे। ये थे या नहीं थे, आप बताइए। अगर मैं आलोचना कर रहा हूं, तो आप बताइए। आज हिन्दुस्तान में लगभग 18 एम्स बन कर तैयार हैं। मैं केवल देश की बात नहीं कर रहा हूं, मैं उत्तर प्रदेश की भी चर्चा करूंगा।…(व्यवधान) आप हमारी बात सुनिए, ये 14 चल रहे हैं और 18 बन रहे हैं। देश के हर राज्य में एक एम्स बनाने की व्यवस्था हमारी सरकार कर रही है। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एम्स बन कर चालू हो गया है, रायबरेली में एम्स बन कर चालू हो गया है।…(व्यवधान) आप अपने भाषण में तर्क दे दीजिएगा।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आप इनको नोटिस न करें।

माननीय सदस्य, मैं आपसे बार-बार कह रहा हूं कि आप बैठे-बैठे टिप्पणी मत कीजिए।

(1750/VB/SRG)

**कुंवर दानिश अली (अमरोहा):** इतने एम्स बनकर तैयार नहीं हैं।… (व्यवधान)

**श्री हरीश द्विवेदी (बस्ती):** माननीय सांसद जी, अगर कोई आंकड़ा गलत होगा, तो आप बाद में हमसे आकर मिल लीजिएगा।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप उनको संबोधित न करें।

… (व्यवधान)

**श्री हरीश द्विवेदी (बस्ती):** माननीय अध्यक्ष जी, गोरखपुर में एम्स बनकर तैयार है और यह चल रहा है। आज गोरखपुर में एम्स बनने से केवल पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों को लाभ नहीं हो रहा है, बल्कि बिहार की बड़ी आबादी को भी इससे लाभ हो रहा है। रायबरेली में एम्स बनकर तैयार हो गया है। उत्तर प्रदेश में कितने मेडिकल कॉलेज थे? मैं सांसद बनकर आया, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी उस समय स्वास्थ्य मंत्री थे। भारत सरकार ने तमाम जिला अस्पतालों को अपग्रेड करके मेडिकल कॉलेज बनाने की एक योजना बनाई। उस समय पाँच मेडिकल कॉलेजेज का चयन हुआ। उत्तर प्रदेश में यह भारत सरकार ने किया। मैं उसमें सौभाग्यशाली हूँ। मैं अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के पास गया और उनसे निवेदन किया, उस समय वे माननीय स्वास्थ्य मंत्री थे, मैंने कहा कि हमारे जिले में कोई मेडिकल कॉलेज नहीं है। हमारा बस्ती जिला एक ऐतिहासिक जिला है। स्वतंत्रता आन्दोलन से लेकर तमाम सामाजिक-धार्मिक आन्दोलनों का नेतृत्व बस्ती ने किया है। लेकिन वहाँ कोई मेडिकल कॉलेज नहीं था, जबकि यह कमिश्नरी हेड क्वार्टर है। यह 150 वर्ष पुराना जिला है लेकिन एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं था।

आज मैं गर्व से कह सकता हूँ कि मोदी सरकार के सहयोग से वहाँ पर मेडिकल कॉलेज हुआ और उसका निर्माण होने के बाद योगी सरकार ने उसका उद्घाटन कर दिया। आज केवल बस्ती में ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज चल रहे हैं या बन रहे हैं। यह व्यवस्था योगी सरकार ने की है। इसमें मोदी सरकार ने सहयोग किया। आज उत्तर प्रदेश में भारत सरकार के सहयोग से हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार है। ये मेडिकल कॉलेजेज बनने से क्या लाभ होगा? जब गोरखपुर में एम्स नहीं था, मैं बस्ती का सांसद हूँ, आप सभी लोग जानते हैं, आप एम्स में दिखाने का प्रयास कीजिए, अगर एक हफ्ता प्रयास करेंगे, तो एक आदमी दिखवा सकते हैं। वहाँ इतनी भीड़ रहती है क्योंकि उस पर पूरे देश के मरीजों का लोड रहता है। हम भी प्रयास करते थे, लेकिन नहीं हो पाता था। आज गोरखपुर में एम्स बन गया है। पहले बस्ती का आदमी किराया खर्च करके दिल्ली आता था, यहाँ कमरा लेता था, ज्यादा पैसे खर्च होते थे, परेशानी होती थी, उसे परेशानी से मुक्ति मिल गई और पैसे की बचत हो गई। आज आराम से गोरखपुर के एम्स में उसका इलाज हो सकता है। बस्ती का आदमी इलाज कराने के लिए बनारस और लखनऊ के मेडिकल कॉलेजेज में जाता था। आज बस्ती में ही उसका इलाज हो सकता है, आज देवरिया में उसकी दवा हो सकती है, सिद्धार्थनगर में उसकी दवा हो सकती है, जहाँ भी मेडिकल कॉलेजेज हैं, वहाँ उनको इलाज की सुविधा हो सकती है। आज यह सुविधा गरीबों के लिए है।

हमारी सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास' की जो बात कही, उसने उस दिशा में काम किया है। गरीबों को अधिक-से-अधिक सुविधाएं कैसे उपलब्ध कराई जाएं, हमारी सरकार ने इस दिशा में काम किया है।

हमारे प्रधानमंत्री जी ने कहा कि जब गरीब आदमी हवाई जहाज पर चलना शुरू कर देगा तब यह माना जाएगा कि आज हिन्दुस्तान में सारे लोग बराबर हो गए। हवाई चप्पल पहना हुआ आदमी हवाई जहाज में चढ़ सके, उसके लिए हमने 'उड़ान' योजना बनाई। 'उड़ान' योजना के अंतर्गत हिन्दुस्तान के तमाम शहरों को एयरपोर्ट से जोड़ने का काम किया गया। उत्तर प्रदेश के जेवर, कुशीनगर एयरपोर्ट बनाए गए। लखनऊ में यह पहले से था। बनारस में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाने का काम किसी ने किया तो वह मोदी सरकार ने किया।

हमारी सरकार खिलाड़ियों के लिए 'खेलो इंडिया' योजना चला रही है। ग्रामीण पृष्ठभूमि के खिलाड़ियों को खेलने का अवसर दिया जाए, उनको सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। हमारे प्रधानमंत्री जी ने सांसदों को निर्देशित किया था, निवेदन किया था कि सभी सांसदों को खिलाड़ियों के लिए 'सांसद खेल महाकुम्भ' कार्यक्रम करना चाहिए। मैं गर्व से कहना चाहता हूँ कि मैंने अपने जिले में 'सांसद खेल महाकुम्भ' कार्यक्रम का आयोजन करवाया। हमारे देश के यशस्वी गृह मंत्री श्री अमित शाह जी उसका उद्घाटन करने गए थे। लगभग 50 हजार से ज्यादा ग्रामीण पृष्ठभूमि के खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में अवसर देने का काम अगर किसी ने किया, तो हमारी सरकार ने किया।

अभी मेजर ध्यानचंद के नाम से मेरठ में यूनिवर्सिटी का शिलान्यास माननीय प्रधानमंत्री जी और उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी ने किया है। इससे पहले आपका ध्यान इस पर क्यों नहीं गया? खिलाड़ी कौन है?

बड़े-बड़े बाप के लड़के जुगाड़ से खेल रहे हैं, क्रिकेट में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल रहे हैं, फुटबॉल में खेल रहे हैं, बॉलीवॉल में खेल रहे हैं, हॉकी में खेल रहे हैं। लेकिन गरीबों को खेलने का कोई अवसर ही नहीं मिल रहा है क्योंकि गरीबों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही थीं। अगर गांव-गांव तक वे सुविधाएं देने का काम किसी ने किया है, तो मोदी सरकार ने किया है। भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने किया है।

आज तमाम सांसदों ने खेल महाकुम्भ कराया है। उसकी एक पुस्तिका छपी है। वह मैं आपको भी दूंगा और विपक्ष के नेताओं को भी दूंगा। अगर आप हम से भी कुछ सीख सकते हैं, तो सीख लीजिए। आप सीखकर कुछ अच्छा काम कीजिएगा। इस तरह से, हर क्षेत्र में मोदी सरकार ने अच्छा काम किया।

(1755/PC/AK)

मैं टीकाकरण की चर्चा कर रहा था। अकेले उत्तर प्रदेश में 27 करोड़ से ज्यादा प्रथम और द्वितीय डोज़ का टीकाकरण उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने यहां के लोगों का करवाया है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। … (व्यवधान) अभी बोलने के लिए बहुत कुछ है। … (व्यवधान) श्रमिक एक्सप्रेस ट्रेन्स की चर्चा करना बहुत आवश्यक है। कोरोना काल में तमाम ऐसे श्रमिक थे, जो डर वश अपने-अपने स्थानों से निकल रहे थे। तमाम सरकारें हैं, किसी ने कोई चिंता नहीं की। राजस्थान में कांग्रेस पार्टी की सरकार है, अलग-अलग प्रदेशों में अलग-अलग सरकारें हैं। सबने उनको अनाथ छोड़ दिया, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने, जिसमें उस समय के हमारे रेल मंत्री माननीय श्री पीयूष गोयल जी थे, संकल्प लिया कि सभी श्रमिकों को उनके स्थानों तक पहुंचाने का काम हम करेंगे। इसके लिए 1 मई, मजदूर दिवस के दिन श्रमिकों के लिए स्पेशल ट्रेन्स चलाई गईं। 4,621 श्रमिक ट्रेन्स संचालित की गईं, जिनके माध्यम से 63 लाख से ज्यादा लोगों को उनके घरों तक पहुंचाने का काम अगर किसी ने किया, तो मोदी सरकार ने किया, भारत सरकार ने किया।

मैंने ऑक्सीजन स्पेशल ट्रेन्स की चर्चा की। ट्रेन्स से ऑक्सीजन उपलब्ध कराने का काम अलग-अलग प्रदेशों में हमारी सरकार ने किया, जिससे लोगों के सामने किसी प्रकार की समस्या न आए। … (व्यवधान) मैं गंगा किनारे की भी अभी चर्चा करूंगा। कल बजट में हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा कि गंगा किनारे पांच किलोमीटर तक हम ऑर्गेनिक खेती पर जोर देंगे, जिससे वहां प्रदूषण कम होगा और लोगों को रोजगार मिलेगा। देखिए, हमने जो कहा, वह हमने किया। हमने कहा कि हम बनारस में गंगा जी में जहाज चलाएंगे, जो हमने चलाया। हमने कहा कि इलाहाबाद से बनारस की यात्रा करेंगे, जो हमने की। हम जो कहते हैं, वह करते हैं। मोदी सरकार इसीलिए जानी जाती है कि मोदी जी जब कुछ बोलते हैं, तो देश के अंतिम छोर पर बैठा हुआ गरीब व्यक्ति भी सुनने का प्रयास करता है कि मोदी जी अगर कुछ कह रहे हैं, तो हमारे कल्याण के लिए कहेंगे, हमारे विकास के लिए कहेंगे।

किसानों की आमदनी दोगुनी हो रही है। आज किसान खुशहाल है। उत्तर प्रदेश में अभी चुनाव हो रहा है, चुनाव के बाद आपको पता चल जाएगा कि आपकी पार्टी कहां है और भारतीय जनता पार्टी कहां है। प्रचंड बहुमत के साथ हमारी सरकार बनेगी। … (व्यवधान)

मैं प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि की चर्चा जरूर करूंगा। बार-बार यह चर्चा होती है कि किसानों के लिए क्या हुआ? हमारे प्रधान मंत्री जी के आने के बाद, जब उत्तर प्रदेश में चुनाव चल रहा था, प्रधान मंत्री जी गए थे और उस समय, चुनाव से एक साल पहले हमारी सरकार ने किसानों के खाते में दो-दो हजार रुपये डालने का निर्णय लिया। माननीय प्रधान मंत्री जी हमारी पार्टी के सर्वोच्च नेता हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार उत्तर प्रदेश में आएगी, तो हम किसानों का कर्जा माफ करेंगे। हमने सिर्फ कहा ही नहीं, बल्कि 36 हजार करोड़ रुपये का कर्जा माफ करने का काम अगर किसी ने उत्तर प्रदेश में किया, तो मोदी सरकार और योगी सरकार ने प्रथम कैबिनेट बैठक में किया था। इस नाते यह न कहिए कि हम जो कहते हैं, वह करते नहीं हैं। हम जो कहते हैं, उसको हम करते हैं।

एक बहुत बड़ी और महत्वपूर्ण योजना मोदी सरकार ने चालू की है, पिछले दो सालों से वह योजना चल रही है। हर गरीब को शुद्ध पानी देने के लिए चल रही 'हर घर नल योजना' के अंतर्गत हमारी सरकार ने वर्ष 2024 तक हिन्दुस्तान के हर गरीब के घर तक शुद्ध पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। पानी के कारण तमाम प्रकार की बीमारियां होती हैं। बड़े लोगों ने तो अपने घरों में आरओ लगा लिए हैं, वे मिनरल वॉटर भी पी रहे हैं, लेकिन गरीब बेचारा परेशान है, उसे नल या कुंए का पानी ही पीना पड़ता है। उसका यह सपना था कि उसे भी पीने के लिए शुद्ध पानी मिल जाए, क्योंकि अगर उसे शुद्ध पानी मिल जाएगा, तो उसे पीकर उसे कोई बीमारी नहीं होगी और वह स्वस्थ रहेगा। हमारे प्रधान मंत्री जी ने पीने के शुद्ध पानी के लिए वर्ष 2024 तक इसे पूरा करने के लिए 3,50,000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। उत्तर प्रदेश में अकेले 30 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में यह योजना चल रही है, कई जगह कम्पलीट हो गई है।

(1800/KDS/SPR)

आने वाले समय में केन्द्र सरकार की इस योजना को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार, संकल्प लेकर, लक्ष्य लेकर कम से कम समय में पूरा करने का काम करेगी, जिससे गरीबों के घर में पीने का शुद्ध पानी समय से पहुंच जाए और गरीब पानी के कारण बीमार न हो तथा उसे किसी प्रकार की बीमारी न हो। यह व्यवस्था हमारी सरकार ने बनाई है। … (व्यवधान)

जब हमारी सरकार आई तो हमारे प्रधान मंत्री जी ने जनधन खाता खुलवाने की योजना बनाई। जनधन खाता जब खुल रहा था, तो विपक्ष के तमाम नेता कह रहे थे कि यह खाता खुलने से क्या होगा? आखिर खाता किसका खुला था? हिन्दुस्तान की 50 प्रतिशत से अधिक गरीब माताओं-बहनों का कोई खाता नहीं था, क्योंकि सबको पता है कि बैंक में उसी का खाता खुलता है, जिसके पास पैसा होता है। गरीबों के पास पैसा नहीं था। हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा…

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, आप कृपया बीच-बीच में मत उठें, न ही चर्चा करें। अगर एक-दो सेकेंड की चर्चा हो, तो कर लें, लेकिन बैठकर आपस में लंबी चर्चा मत करें।

… (व्यवधान)

**श्री हरीश द्विवेदी (बस्ती):** हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा कि हम जीरो बैलेंस पर खाता खुलवाएंगे। जब खाते खुलने शुरू हुए तो तमाम लोगों ने उसकी आलोचना करनी शुरू कर दी और कहने लगे कि खाता खुलवाने से क्या हो जाएगा? हमारी सरकार ने 50 करोड़ गरीबों का जनधन खाता मुफ्त में खुलवाया। प्रधान मंत्री जी ने उनसे कहा कि कुछ लेन-देन करते रहिए, कुछ पैसा डालते और निकालते रहिए। अगर आपका खाता चलता रहेगा, तो 5 हजार रुपये ओवर ड्राफ्ट करने की व्यवस्था हम देंगे। आप 5 हजार रुपया ले लीजिए, अपना छोटा-मोटा कारोबार कर लीजिए और उसके बाद धीरे-धीरे जमा कर दीजिए। इतना ही नहीं, एक रुपया महीना, 30 रुपया सालाना पर दो लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा देने का काम हमारी सरकार ने इस योजना के अंतर्गत किया। जब सबका खाता खुल गया तो हमारे प्रधान मंत्री जी ने बार-बार कहा, इस लोक सभा में भी कहा कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा।

महोदय, भ्रष्टाचार को कैसे रोका जाए, भ्रष्टाचार को कैसे समाप्त किया जाए, इस दिशा में मोदी सरकार ने गरीबों के हक में फैसला किया। आप सभी को याद होगा कि कांग्रेस पार्टी के एक पूर्व प्रधान मंत्री जी ने अपने भाषण में एक बार कहा था कि जब हम 1 रुपया भेजते हैं तो 85 पैसे रास्ते में रह जाते हैं। 85 पैसे, जिस पर गरीबों का हक है, वह रास्ते में न रह जाए, इसके लिए जनधन खाता खुलवाकर भारत सरकार की सभी योजनाओं को गरीबों के उस खाते से जोड़ा गया। चाहे गरीबों की पेंशन की योजना हो, श्रमिकों को जो पैसा भारत सरकार दे रही हो, वह योजना हो, गैस सब्सिडी हो, खाद की सब्सिडी हो या फिर जितनी भी भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार की योजनाएं हों, उनका पैसा डायरेक्ट गरीबों के खाते में जाए, ऐसी व्यवस्था अगर किसी ने की तो वह मोदी जी की सरकार ने की है। इसमें 55 प्रतिशत से ज्यादा गरीब माताओं का खाता खुला है। 100 में से 55 गरीब माताओं का और 100 में से 45 पुरुषों का खाता खुला है। एक बड़ी संख्या में गरीब माताओं को यह सुविधा देने का काम हमारी सरकार ने किया है। 8 करोड़ 70 लाख स्वयं सहायता समूहों को भी इन खातों से डायरेक्ट जोड़कर इनके खाते में डायरेक्ट पैसा ट्रांसफर करने का काम हमारी सरकार कर रही है।

अध्यक्ष महोदय, मैं कुछ और महत्वपूर्ण बातें आपसे करूंगा। भारत सरकार ने तमाम योजनाएं चलाईं। उन योजनाओं में हमें लगातार सफलताएं मिल रही हैं। चाहे स्मार्ट सिटी की योजना हो, चाहे मेट्रो की योजना हो, तमाम ऐसी योजनाएं हैं, जिनमें भारत सरकार लगातार काम कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी गम्भीरता से उन योजनाओं को शत-प्रतिशत लागू करने का काम किया है। अत: मैं यह कहना चाहता हूं कि इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड, 2020 का प्रथम पुरस्कार अगर किसी को मिला है, तो हमारी उत्तर प्रदेश सरकार को मिला है। प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत एमएसएमई के द्वारा सर्वाधिक रोजगार 45 हजार 166 समूहों को दिया गया है।

(1805/CS/UB)

4143 इकाइयों को, एक-एक इकाई में सैंकड़ों, हजारों लोग जुड़े रहते हैं, उनको रोजगार देने का काम उत्तर प्रदेश की सरकार ने किया है। देश में सबसे ज्यादा अच्छी तरह से अगर प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि व्यवस्थित तरीके से गरीब किसान के खाते में गई है तो वह उत्तर प्रदेश में गई है।... (व्यवधान)

महोदय, गन्ना किसान उत्तर प्रदेश मे बड़ी संख्या में रहते हैं और उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी की सरकार और उससे पहले की सरकारों ने गन्ना किसानों का भुगतान नहीं किया था। हमारी योगी सरकार आने के बाद उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों का भुगतान, जो बकाया था, उसका भुगतान किया और कितना किया है।... (व्यवधान) अली जी, आप सुन लीजिए।... (व्यवधान) आप यह सुन लीजिए।... (व्यवधान) आप यह सुन लीजिएगा और वहाँ बताइएगा।... (व्यवधान) गन्ना का बकाया भुगतान, उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने एक लाख 52 हजार करोड़ रुपये का भुगतान पिछली सरकारों का किया है। अपनी सरकार का तो हम कर ही रहे हैं, लेकिन पिछली सरकारों का इतना बकाया भुगतान योगी सरकार ने किया है। ये गन्ना और किसानों की बात करते हैं।... (व्यवधान) जब आएंगे तो शुगर मिल बेच देंगे।... (व्यवधान) जब आएंगे तो किसानों के ऊपर लाठीचार्ज करवाएंगे।... (व्यवधान) हमारे स्वयं के जिले में मुंडेरवा शुगर मिल थी, जो 25 सालों से बंद थी।... (व्यवधान) तमाम सरकारों में वहाँ पर गोलियाँ चलीं, तीन किसान शहीद हो गए। मोदी जी बस्ती में गए, उन्होंने अपने भाषण में कहा था कि हमारी सरकार आएगी तो मुंडेरवा की शुगर मिल हम चालू करवाएंगे और केवल कहा ही नहीं, बल्कि सरकार आने के बाद, योगी सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में मुंडेरवा में नई शुगर मिल निर्माण का काम किया और शुगर मिल बनकर तैयार हो गई और दो सालों से चल रही है। हम जो कहते हैं, वह करते हैं।

सौभाग्य योजना में एक करोड़ 38 लाख घरों को नि:शुल्क विद्युत कनेक्शन उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर दिया गया। 43 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास निर्माण कराने का काम उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने किया। अगर कोई राज्य सर्वाधिक कोरोना जाँच एवं टीकाकरण करने वाला है तो वह उत्तर प्रदेश है। अगर सेनिटाइजर का उत्पादन करने में किसी ने सबसे ज्यादा काम किया है तो वह उत्तर प्रदेश सरकार ने किया है। अगर प्रदेश के सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क स्थापित करने वाला कोई प्रदेश है तो वह उत्तर प्रदेश है। चार एक्सप्रेस-वे और पाँच अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट्स जहाँ पर हैं, वह उत्तर प्रदेश है। चिकित्सा क्षेत्र में 44 नए मेडिकल कॉलेजेज का निर्माण, जिनमें 16 का काम जारी है, अगर यह किसी ने किया है तो उत्तर प्रदेश ने किया है। अटल पेंशन योजना में 36 लाख 60,715 लोगों को लाभ देकर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है तो वह उत्तर प्रदेश ने किया है।... (व्यवधान) मैं 4.5 लाख नौकरियों की बात कर रहा हूँ।... (व्यवधान) नेताजी भी सुन रहे हैं, मैं नौकरियों की बात कर रहा हूँ।... (व्यवधान) समाजवादी पार्टी की सरकार में नौकरियाँ किसको दी जाती थीं, तीन-चार जिले के लोगों को नौकरियाँ दी जाती थीं और वह भी भेदभाव के आधार पर, भ्रष्टाचार के आधार पर दी जाती थीं।... (व्यवधान)

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद कोई यह कह दे कि फॉर्म भरने के बाद एक पैसा अतिरिक्त लगा हो। फॉर्म भरा, गरीब का लड़का भी योग्यता के आधार पर, 4.5 लाख से ज्यादा सरकारी नौकरी योगी सरकार ने दी हैं और गरीब के बेटे को नौकरी मिली है, किसान के बेटे को नौकरी मिली है, योग्यता के आधार पर नौकरी मिली है। 3.5 लाख से ज्यादा संविदाकर्मियों को नौकरी देने का काम योगी सरकार ने किया। 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ करने का काम योगी सरकार ने किया।... (व्यवधान) एक लाख 38 हजार सरकारी विद्यालयों का कायाकल्प अगर किसी ने किया है तो वह योगी सरकार ने किया है।... (व्यवधान)

**श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी (मल्काजगिरी):** सर, मेरा पॉइंट ऑफ ऑर्डर है। सर, योगी हाउस के मेंबर नहीं हैं।... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अच्छा, नियम क्या है? आप नियम बताओ। आप किस नियम के तहत उठा रहे हो?

... (व्यवधान)

**श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी (मल्काजगिरी):** सर, उनका नाम नहीं ले सकते हैं।... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप नियम बताओ।

**श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी (मल्काजगिरी):** वे इस हाउस के मेंबर नहीं हैं।... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, पॉइंट ऑफ ऑर्डर तो किसी नियम के तहत आता है।

... (व्यवधान)

**श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी (मल्काजगिरी):** सर, ऐसा नहीं कह सकते हैं।... (व्यवधान)

**श्री हरीश द्विवेदी (बस्ती):** महोदय, मेरी पार्टी ने आज मुझे इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपनी बात रखने का अवसर दिया है। वैसे ये हमारे मित्रगण हैं, रोज मिलते भी हैं, इस अवसर पर इनको डिस्टर्ब नहीं करना चाहिए, लेकिन ये अपना काम कर रहे हैं, क्योंकि अगर ये डिस्टर्ब नहीं करेंगे, कुछ टिप्पणी नहीं करेंगे तो इनकी नेताजी पूछेंगी कि आप बैठकर क्या कर रहे थे।

(1810/KN/KMR)

उनको वहां पर सर्टिफिकेट लेना है, इसलिए इस नाते उसमें कोई बात नहीं है। मैं पुन: एक बार महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का समर्थन करता हूं कि मुझे अपनी बात रखने का अवसर पार्टी ने दिया। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का, राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का, माननीय गृह मंत्री जी का और माननीय अध्यक्ष जी का आभार व्यक्त करता हूं कि इतना समय आपने मुझे दिया, इसके लिए बहुत-बहुत आभार, धन्यवाद।

(इति)

1810 बजे

**श्री कमलेश पासवान (बासगाँव):** अध्यक्ष महोदय, मैं अपने साथी हरीश द्विवेदी जी द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं आदरणीय प्रधान मंत्री मोदी जी, अमित शाह जी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के प्रति आभार प्रकट करना चाहता हूं कि मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलने के लिए अवसर दिया। मैं उनके प्रति आभार प्रकट करता हूं।

अध्यक्ष महोदय, जहां हम आज़ादी के 75 वर्ष पर 'अमृत महोत्सव' मना रहे हैं, वहीं हम सदी की सबसे बड़ी महामारी कोविड-19 से भी गुजर रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, देश के महान हस्तियों से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन हम सभी को प्रेरित करते हैं, जिसमें हमने सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती को बड़े ही भव्यता के साथ मनाया। इस सदी की सबसे बड़ी महामारी में जहां पूरे देश की अर्थव्यवस्था, खाद्यान्न व्यवस्था चरमरा गई थी, वहीं पर आदरणीय प्रधान मंत्री जी के कुशल नेतृत्व में पूरे देश में किसी प्रकार की समस्या चाहे चिकित्सा हो, खाद्यान्न हो, उसको कुशलता से निपटाने का प्रयास किया है।

1812 बजे (डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी पीठासीन हुए)

महोदय, मेरा यह सौभाग्य है कि आज राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के ऊपर पार्टी ने मुझे बोलने का अवसर दिया। मैं उत्तर प्रदेश के बासगाँव संसदीय क्षेत्र से आता हूं। मैं कोविड से ही अपनी बात शुरू करूँगा। इस समय देश में कोरोना की तीसरी लहर चल रही है। आदरणीय प्रधान मंत्री जी के कुशल नेतृत्व में देश में 130 करोड़ की आबादी को फ्री वैक्सीन दी है। दुनिया में सबसे ज्यादा फ्री वैक्सीन लगाने का काम हिन्दुस्तान में आदरणीय प्रधान मंत्री मोदी जी के द्वारा ही किया गया। कोरोना जैसी महामारी में देश की आर्थिक स्थिति को जानते हुए आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने पूरे देश में मुफ्त वैक्सीन प्रोग्राम को लागू करने का कार्य किया। महोदय, सिर्फ मुफ्त वैक्सीन ही नहीं दी, कोरोना महामारी से उबरने के लिए आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने सभी सेक्टरों को मजबूत करने के लिए, चाहे वे रेहड़ी वाले हों, चिकित्सक हों, गरीब हों, मिडिल क्लास के लोग हों, किसान हों, सभी लोगों को करीब 20 लाख करोड़ रुपये से ऊपर का राहत पैकेज देकर उनकी मदद करने का प्रयास किया है। हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र को चरितार्थ करते हुए आने वाले 25 वर्षों से ज्यादा के लिए काम कर रही है। महोदय, इस कोरोना काल में मुझे याद है कि जब पहली और दूसरी लहर चल रही थी, उस समय पार्लियामेंट चल रही थी और हम सब सांसदगण दिल्ली में ही थे। जो भयावह स्थिति थी, सब लोग उससे गुजरे हैं। जब दूसरी लहर आई तो कोई ऐसा परिवार नहीं रहा होगा, कोई ऐसा व्यक्ति नहीं रहा होगा, जिसने अपने किसी सगे को खोया नहीं होगा। उस काल में आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने जिस तरह से पूरे देश को उभारने का प्रयास किया, उनकी जितनी तारीफ की जाए, उतनी कम है।

महोदय, मैं स्वच्छता अभियान की बात करना चाहूंगा। हमारे साथी हरीश द्विवेदी जी ने स्वच्छता अभियान के बारे में बात की। मैं स्वच्छता अभियान के बारे में सोचता हूं तो मुझे महात्मा गांधी जी की याद आती है। मैं कल पढ़ रहा था कि वर्ष 1917 में जब आदरणीय महात्मा गांधी जी बनारस गए थे तो उन्होंने स्वच्छता की बात की थी।

(1815/GG/RCP)

जब उन्होंने स्वच्छता की बात जब की थी, तब कांग्रेस के उन्हीं के साथी लोगों ने उनका उपहास उड़ाने का काम किया था। उसके बाद अगर किसी ने स्वच्छता की बात की तो देश के लोकप्रिय प्रधान मंत्री आदरणीय मोदी जी ने की।

सभापति महोदय, जब प्रधान मंत्री जी ने कहा तब हम क्षेत्र में स्वच्छता अभियान को चालू करने के लिए गए। उस समय भी हमारे सांसद मित्र सेंट्रल हॉल में कहते थे कि आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने तुम लोगों को झाड़ू थमा दिए हैं। उस समय हम लोगों का भी उपहास करने का प्रयास किया गया। सभापति महोदय, लेकिन जब हम क्षेत्रों में गए, चाहे सांसद हों, चाहे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ता हों, चाहे स्वयं समूह हों, चाहे अन्य लोगों ने मिल कर, किसी ने तालाब की सफाई करने का प्रयास किया, किसी ने सड़कों की सफाई करने का प्रयास किया, किसी ने अस्पतालों की सफाई करने का प्रयास किया। महोदय, यह सिर्फ वहीं तक ही सीमित नहीं था। आदरणीय प्रधान मंत्री जी की यह सोच थी कि स्वच्छता अभियान को बढ़ा कर पूरे देश में जो क्रांति लानी है, वह तभी संभव हो पाएगी, जब हम इसको गांवों तक ले कर जाएंगे। मुझे प्रसन्नता है कि हम लोगों ने इसको काफी हद तक सफल भी पाया है। ये कौन लोग हैं? समाज के जो सबसे दलित, वंचित, पिछड़े हुए व्यक्ति हैं, ये वे लोग हैं। उनकी कैसे मदद की जाए, यह अगर किसी से सीखना है तो आदरणीय प्रधान मंत्री मोदी जी से सीखना होगा।

सभापति महोदय, आदरणीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान की अगर बात करें तो मुझे अपने लोक सभा संसदीय क्षेत्र बांसगांव की बात जरूर यहां पर कहनी चाहिए। स्वच्छता अभियान तो पूरे देश में चालू हुआ था। लेकिन उत्तर प्रदेश में, जहां से मैं सांसद हूँ, वहां जब शौचालय निर्माण की बात हुई तो गांवों में यह स्थिति थी कि किसी भी गांव में शौचालय नहीं था। शौचालय किनके पास था? शौचालय उनके पास था जो सक्षम व्यक्ति थे। जो गरीब लगातार 74 वर्षों से इंतजार कर रहा है कि हमको सरकार से जो मूलभूत सुविधा मिलनी है, वह कब मिलेगी। मेरा तो सौभाग्य है कि इसके बाद राहुल गांधी जी बोलेंगे। इन्हीं की सरकार ने 60 वर्षों तक इस देश पर राज किया है।

सभापति महोदय, हम 21वीं सदी में बात कर रहे हैं कि हमें बिजली चाहिए, हमें शौचालय चाहिए, हमें आवास चाहिए। हमें शुद्ध पानी चाहिए। यह पहले हो जाना चाहिए था। हम जिस बल पर, यह सरकार बना कर, यहां पर नियम बनाने के लिए आते हैं, यह सिर्फ जुमला रह गया कि गरीबी हटाओ-गरीबी हटाओ। गरीब हट गए, लेकिन गरीबी नहीं हटी।

सभापति महोदय, मैं अपने प्रधान मंत्री जी का अभिनंदन करना चाहता हूँ कि यदि किसी ने हम लोगों की सुध ली है, यदि हमारे समाज की किसी ने सुध ली है तो आदरणीय प्रधान मंत्री मोदी जी ने ली है। यहां हम शौचालय की बात कर रहे हैं। जब हम लोग गांव में जाते थे तो जिन घरों में शौचालय नहीं रहता था, सभापति महोदय, आप भी उसी समाज से आते हैं, आप गुजरात के रहने वाले हैं। महिलाओं को शौचालय जाना होता था तो दिन भर महिलाओं को इंतजार करना पड़ता था कि जब शाम हो जाएगी, तब हम खेतों में जाएंगे, नदी के किनारे जाएंगे। अगर उनकी किसी ने सुध ली है तो आदरणीय प्रधान मंत्री मोदी जी ने ली है।

यह कह कर मैं गर्व महसूस करता हूँ कि हमारे जैसे युवा सांसदों को यह प्रेरणा प्रति दिन मिलती है। जहां हम निचले स्तर की बात करेंगे, तो हम कुंभ मेले की बात भी करना चाहेंगे। जब कुंभ मेले का आयोजन हुआ, उसकी जितनी भव्यता थी, उसका पूरे देश के लोगों ने लोहा माना। आदरणीय मोदी जी और योगी जी के नेतृत्व में उसका सफल आयोजन किया गया। जब कुंभ मेले का आयोजन समाप्त हुआ तो हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने उनका अभिनंदन किया, जो वहां पर शौचालय साफ करते थे, जो नदी साफ करते थे।

आदरणीय सभापति जी, इससे हम जैसे करोड़ों नौजवान साथियों को प्रेरणा मिलती है, जो भविष्य की राजनीति करना चाहते हैं। प्रधान मंत्री जी ने उनका सम्मान किया, जो राहगीर थे। जो मजदूर काम करते थे, जो प्रतिदिन 400 रुपये की मजदूरी करेंगे, तब जा कर वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर पाएंगे, खाना खिला पाएंगे।

(1820/RV/RK)

जब काशी विश्वनाथ मन्दिर का कॉरिडोर बनकर तैयार हुआ और जब आदरणीय प्रधान मंत्री जी उसका उद्घाटन करने गए तो निश्चित रूप से पूरे देश के लोगों ने जिस तरह से सराहना की, उस समय हम सब लोग वहां पर उपस्थित थे।

सभापति जी, यह सब कार्य पहले ही हो जाना चाहिए था, लेकिन यह नहीं हुआ। आदरणीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में हम प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना की बात करते हैं, शौचालयों की बात करते हैं, मकान की बात करते हैं, बिजली की बात करते हैं। हम जो मांग करते थे, सन् 2014 में यह पूरी हुई। हमारे समाज के लोगों को, चाहे वे उत्तर प्रदेश के हों, बिहार के हों या राजस्थान के हों, उनको यह सपना दिखने लगा, यह उम्मीद जगने लगी जब आदरणीय प्रधान मंत्री मोदी जी सन् 2014 में पहली बार प्रधान मंत्री बन कर आए। उन्होंने संसद के गेट पर मत्था टेका कि इस समाज का जो आखिरी व्यक्ति खड़ा हुआ है, जहां सरकार की योजनाएं नहीं पहुंच रही हैं, तो हमारी यह सरकार उनके लिए संकल्पित है। मैंने इसे देखा और मुझे खुशी है। पिछले 13 वर्षों से मैं इसमें हूं। मैं विपक्ष में भी रहा। हमारे साथी बड़े भाई निशिकान्त दूबे जी हैं, शिव कुमार उदासी जी हैं, पटेल जी हैं, हमारे पीछे हमारे बड़े भाई संजय जायसवाल जी बैठे हैं, हम सब लोग एक साथ इस सदन में वर्ष 2009 में पहली बार आए थे। जब हम आए थे तो हम लोग सोचते थे कि हम लोग सदन में जाएंगे और अपने-अपने क्षेत्रों की बात रखेंगे। अगर हम अपने क्षेत्र की बात रखेंगे तो शायद हमारे क्षेत्र का विकास हो जाएगा। हम लोग ज़ीरो आवर, क्वैश्चन आवर में अपनी बात रखते थे, लेकिन हमारी समस्याएँ खत्म नहीं होती थीं। समस्याओं के खत्म होने की बात छोड़िए, उसकी सुध भी नहीं ली जाती थी। जब आदरणीय प्रधान मंत्री जी आए, तो मुझे याद आता है कि जब हम विकास की बात करते थे, चाहे वह रेल की हो, चाहे हॉस्पीटल्स की हो, चाहे रोड कनेक्टिविटी की बात हो, जहां पूरे देश में लाखों किलोमीटर की सड़कें बन रही हैं, वहीं अकेले उत्तर प्रदेश में, जब से आदरणीय योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सरकार बनी है, मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि उत्तर प्रदेश में जितना विकास पिछले साढ़े चार वर्षों में हुआ है, इतना विकास इससे पहले कभी नहीं हुआ था।

मैं वहां विधायक भी रहा हूं। सन् 2002 से 2007 तक मैं वहां विधायक रहा हूं। मैं यह जानता हूं। यहां हमारे गुरू आदरणीय मुलायम सिंह यादव जी बैठे हुए हैं। मैंने अपनी राजनीति की शुरुआत उस पार्टी से की थी। मुझे आज अफसोस हो रहा है। जब मैं वर्ष 2002 से 2007 के बीच विधायक था, जैसा कि हमारे वक्ता हरीश द्विवेदी जी ने कहा कि बिजली की समस्या उत्तर प्रदेश में थी तो उत्तर प्रदेश के हम सब लोग इसके भुक्तभोगी हैं।

सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश में पहले हम लोगों को सात घंटे से ज्यादा बिजली कभी नहीं मिली। अगर सुबह पाँच घंटे बिजली रहती थी तो फिर शाम को दो घंटे रहती थी और अगर शाम को दो घंटे रहती थी तो सबेरे तीन घंटे या चार घंटे ही बिजली रहती थी और आज उत्तर प्रदेश का चुनाव है तो आदरणीय अखिलेश यादव जी जुमलेबाजी कर रहे हैं कि अगर उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार आई तो हम बिजली मुफ्त देंगे।

मैं आदरणीय अखिलेश यादव जी से कहना चाहता हूं, बहन मायावती जी की भी सरकार थी। मगर, इससे पहले किसी ने वहां की सुध नहीं ली। हम यह कह रहे हैं कि आदरणीय मोदी जी और योगी जी की प्रेरणा से हम उत्तर प्रदेश में अभी करीब 18 से 20 घंटे बिजली दे रहे हैं। ये लोग उस समय को भूल गए होंगे।

अभी दानिश भाई बोल रहे थे कि गलत आँकड़ा दे रहे हैं।... (व्यवधान) इनको पता नहीं होगा। इनको कर्नाटक का पता होगा। ये तो गलती से उत्तर प्रदेश की राजनीति करने लगे। मैं इन्हें व्यक्तिगत रूप से जानता हूं, ये मेरे मित्र हैं। इसलिए मैं इनके बारे में नहीं कहना चाहूंगा, लेकिन उत्तर प्रदेश की जो स्थिति रही है, चाहे कानून-व्यवस्था की बात करूं तो मुझे डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की निश्चित तौर पर याद आती है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी ने संविधान लिखा था, ताकि कानून का राज हो सके। डॉ. भीमराव जी को हम लोग अपना मार्गदर्शक मानते हैं। अगर वे न होते तो शायद हम जैसे लोग, आप जैसे लोग इस सदन के हिस्सेदार नहीं होते।

(1825/MY/PS)

हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी को जो सही सम्मान मिलना चाहिए था, उसे दिया है। अगर उनको किसी ने सही सम्मान दिया है तो आदरणीय नरेन्द्र भाई मोदी जी ने दिया है। उनके नाम पर हमने विश्वविद्यालय बनवाया। उनके नाम से हमने कन्वेन्शन सेन्टर बनवाया। उनके नाम से हमने पंचतीर्थ स्थल बनवाया। उनके नाम से जितनी भी जगह थीं, उनको हमने विकसित करके एक आइना दिखाने का काम किया। इससे हम प्रेरणा भी ले सकते हैं।

सभापति महोदय, मैं यहाँ पर 'उज्ज्वला योजना' की बात जरूर करना चाहूँगा। 'उज्ज्वला योजना' एक ऐसी योजना है, जो वर्ष 2017-18 में लॉन्च हुई थी। उस समय तत्कालीन मंत्री आदरणीय धर्मेन्द्र प्रधान जी थे। उन्होंने सभी सांसदों से कहा था कि आप अपने-अपने क्षेत्रों में फॉर्म भरवाइए। ... (व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय (दमदम):** सर, अभी यहाँ एक भी मिनिस्टर नहीं है।... (व्यवधान)

**श्री कमलेश पासवान (बासगाँव):** दादा, यहाँ डबल मिनिस्टर हैं।... (व्यवधान)

**माननीय सभापति (डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी) :** सौगत राय जी, आप अपना स्थान लीजिए। मिनिस्टर साहब यहाँ हैं।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आप बैठ जाइए। … (व्यवधान)

केवल पासवान जी की बात रिकॉर्ड में जाएगी।

… (व्यवधान) (कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।)

**श्री कमलेश पासवान (बासगाँव):** सभापति महोदय, मैं 'उज्ज्वला योजना' के बारे में जरूर बात करना चाहूँगा। ये जो सभी योजनाएं हैं, सरकार की ये सभी योजनाएं उन परिवारों तक नहीं पहुँच पाई थीं, जो 60 साल पहले पहुँच जानी चाहिए थीं। समाज के सबसे नीचले पायदान पर जो लोग हैं, हमारे समाज के लोग हैं, उनमें दलित, शोषित, वंचित, गरीब, पीड़ित, मुस्लिम सहित सभी लोग हैं। इन सभी लोगों ने 'उज्ज्वला योजना' का खूब लाभ लिया। जब पहली बार इस योजना का शुभारंभ हुआ था तो मैंने अपने बासगाँव में कैंप लगाया था।

सभापति महोदय, मैं आपको अपनी आँख से देखी हुई बात बता रहा हूँ। जब फॉर्म के लिए वहाँ पर भीड़ लगी और मैं वहाँ गया तो देखा कि करीब 30 से 35 हजार लोग सिर्फ फॉर्म लेने के लिए खड़े हैं। उनको देखकर मैं हैरान हो गया, क्योंकि उतने लोगों के लिए फॉर्म ही नहीं था। हम लोग एक हजार लोगों के लिए फॉर्म लेकर गए थे। मैंने उनका वीडियो बनाया और उसको यहाँ लाकर धर्मेन्द्र प्रधान जी को दिखाया। वह इस वीडियो को देखकर आश्चर्यचकित हो गए। उन्होंने मुझे अपने चेयरमैन के ऑफिस में भेजा। मैंने उनको भी यह वीडियो दिखाया। उसके बाद उन्होंने यह मिशन बनाया कि पूरे देश के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने जो सपना देखा था कि इसको कैसे पूरा करना है और उसको अमलीजामा पहनाने के लिए आदरणीय धर्मेन्द्र प्रधान जी ने काम किया। ऐसा कोई गाँव नहीं होगा, जहाँ पर 40-50 की संख्या में हम लोगों ने उनको फ्री में गैस कनेक्शन देने का काम न किया हो।

सभापति महोदय, जब हम आवास की बात करेंगे तो पानी की बात जरूर आएगी। जब पानी की बात करेंगे तो हमें बिजली भी चाहिए। हमें बिजली के साथ-साथ खाना बनाने के लिए गैस भी चाहिए। आज हमें इसलिए बोलना पड़ रहा है कि इन लोगों ने अभी तक कुछ नहीं किया। इन्होंने सिर्फ भाषण दिया है।… (व्यवधान) इनकी शिकायत जरूर करनी पड़ेगी। यह कैसे कर्नाटक से यहाँ पर आ गए, इस पर हम लोग जरूर विस्तार से चर्चा करेंगे।

सभापति महोदय, जहाँ तक हम लॉ एंड ऑर्डर की बात करें तो मैं कह सकता हूँ कि उत्तर प्रदेश में आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में योगी जी ने कानून की स्थापना की है। एक जमाना था, जब उत्तर प्रदेश में गुंडे-माफियाओं का राज हुआ करता था। जिस जगह से मैं आता हूँ, गोरखपुर के बारे में सब लोग जानते हैं कि उसका एशिया के सबसे नंबर-वन पर अपराधिक इतिहास रहा है। लेकिन, जब से योगी जी की सरकार आई है, तब से गुंडे-माफिया जेल में हैं या प्रदेश के बाहर है या निश्चित तौर पर ऊपर हैं।

(1830/CP/SMN)

सभापति महोदय, मैं अंत में सिर्फ एक बात कहकर अपनी बात को समाप्त करना चाहूंगा। यह मोदी सरकार ही है, जिसने असली हकदार को उसका हक दिलाने का काम किया। मैं अपनी बात को यहीं समाप्त करता हूं।

सभापति जी, बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं अपनी पार्टी के सभी सम्मानित लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं, जो उन्होंने मुझे बोलने का अवसर दिया।

(इति)

**माननीय सभापति (डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी):** प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

"कि राष्ट्रपति की सेवा में निम्नलिखित शब्दों में एक समावेदन प्रस्तुत किया जाए:-

'कि इस सत्र में समवेत लोक सभा के सदस्य राष्ट्रपति के उस अभिभाषण के लिए, जो उन्होंने 31 जनवरी, 2022 को एक साथ समवेत संसद की दोनों सभाओं के समक्ष देने की कृपा की है, उनके अत्यंत आभारी हैं'।"

## राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर संशोधनों के बारे में घोषणा

1831 बजे

**माननीय सभापति:** राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जिन माननीय सदस्यों के संशोधन परिचालित किए गए हैं, यदि वे अपने संशोधनों को प्रस्तुत करने के इच्छुक हैं, 15 मिनट के भीतर सभा पटल पर अपनी पर्चियां भेज सकते हैं, जिनमें उन संशोधनों की क्रम संख्या दर्शायी गई हो, जिन्हें वे प्रस्तुत करना चाहते हैं। राज्य सभा चैम्बर तथा गैलरी में बैठे सदस्य संशोधनों को प्रस्तुत करने वाली पर्चियां राज्य सभा चैम्बर के पटल पर बैठे अधिकारियों को भेज दें। केवल उन संशोधनों को ही प्रस्तुत किया समझा जाएगा, जिनके सम्बन्ध में पर्चियां विनिर्दिष्ट समय के भीतर सभा पटल पर प्राप्त होंगी। इस प्रकार प्रस्तुत किए गए संशोधनों की क्रम संख्या को दर्शाने वाली सूची कुछ समय पश्चात सूचना पटल पर लगा दी जाएगी। सदस्य यदि सूची में कोई विसंगति पाते हैं, तो वे कृपया इसे तत्काल सभा पटल पर अधिकारियों के ध्यान में लाएं।

श्री राहुल गांधी जी।

1832 hours

SHRI RAHUL GANDHI (WAYANAD): Thank you, Chairman Sir, for allowing me to speak on the Presidential Address.

1832 hours (Hon. Speaker *in the Chair*)

I felt that the Presidential Address should have been a strategic Address, an Address that spoke to India about where we are and where we should be going, what are the challenges we are facing, what are the difficulties we are facing and what is the potential direction in which we can go. Unfortunately, the Presidential Address was a long list of things that the Government claims to have done but did not really contain the deeper strategic issues that we would have liked to see. Also, the Presidential Address did not touch a couple of central challenges facing our country. That is what I would like to discuss today. To me, it seemed that the Presidential Address was a list of bureaucratic ideas instead of a strategic vision. It looked to me as if it has been constructed not by a vision of leadership but by a group of bureaucrats who had simply to put something down on papers.

So, what did the Presidential Address miss? What did the Presidential Address not speak about? What did the Presidential Address hide from the people of India? I think there are three fundamental things that were not spoken about in the Presidential Address.

The first and what I consider to be the most important is the idea that there are now two Indias. There is no longer one India. There are two Indias. One India is for the extremely rich people, for those who have immense wealth, for those who have immense power, for those who do not need a job, for those who do not need water connections, electricity connections but for those who control the heart beat of the country.

And then, there is another India.

(1835/NK/SNB)

**श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर):** अध्यक्ष महोदय, जब इनके नेता बोलेंगे तब हम भी खड़े होंगे। … (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर):** अध्यक्ष महोदय, प्रेसिडेन्शियल एड्रेस की एक गरिमा होती है। इस गरिमा के मद्देनजर चर्चा करनी चाहिए, नेता सत्ता पक्ष के भी हैं और नेता विपक्ष के भी हैं। हमारे नेता अभी बोल रहे हैं, समय हमें दिया गया है, इस सूची में हम बोल रहे हैं। अगर आप चाहते हैं कि हमारे नेता के बोलने में बाधा डाली जाए तो हमारे पास भी मौका आएगा। जब आपके नेता बोलने उठेंगे तो हम भी इसी तरह की बाधा डालेंगे। आपको समझा रहे हैं, आपको चेतवानी दे रहे हैं। ऐसा नहीं है, हम लोग डरे हुए नहीं हैं। हम अपनी बात रखना चाहते हैं, यह हमारा अधिकार है। (व्यवधान)

SHRI RAHUL GANDHI (WAYANAD): For my friends in the Government, I want to make it clear that the spirit of what I am saying is not one of criticism, the spirit with which I speak is one of discomfort with the state of our country and the spirit with which I speak is one where I am worried about what is happening to the country. So, you must not take it as a criticism, take it as a citizen of the country expressing his concern about what is going on.

आज दो हिन्दुस्तान बन रहे हैं, एक अमीरों का हिन्दुस्तान और दूसरा गरीबों का हिन्दुस्तान। इन दो हिन्दुस्तानों के बीच में खाई बढ़ती जा रही है। आपने भी देखा होगा, अभी दो स्पीकर्स ने बात की, मगर आपने यह नहीं कहा कि रोजगार ढूंढने के लिए उत्तर प्रदेश और बिहार में रेलवे की नौकरी के लिए वहां के युवाओं ने क्या किया, वहां क्या हुआ, इसके बारे में आपने नहीं बोला। गरीब हिन्दुस्तान के पास आज रोजगार नहीं है। प्रेसिडेन्शियल एड्रेस में बेरोजगारी के बारे में एक शब्द नहीं था। आज पूरे हिन्दुस्तान में युवा रोजगार ढूंढ रहा है। हर स्टेट उत्तर प्रदेश, बिहार और सभी जगह हिन्दुस्तान का युवा एक ही चीज मांग रहा है, हमें रोजगार दे दो लेकिन आपकी सरकार नहीं दे पा रही है।

मैं आपको आंकड़ा देना चाहता हूं। पिछले साल तीन करोड़ युवाओं ने रोजगार खोया है। आप रोजगार देने की बात करते हैं, वर्ष 2021 में तीन करोड़ युवाओं ने रोजगार खोया है। 50 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी हिन्दुस्तान में है। आपने मेक इन इंडिया की बात की, स्टार्ट-अप इंडिया की बात की, मगर जो रोजगार हमारे युवाओं को मिलना चाहिए, वह नहीं मिला और जो रोजगार था, वह भी गायब हो गया। यह सच्चाई है और इस सच्चाई को आप भी पहचानते हैं क्योंकि आपने भी अपने भाषणों में रोजगार के बारे में कुछ नहीं कहा। कितना रोजगार पैदा किया गया है, किस प्रकार किया गया है, उसके बारे में आपने नहीं बोला और आप बोल भी नहीं पाएंगे। अगर आप बोलेंगे तो हिन्दुस्तान का युवा आपकी ओर देख कर कहेगा कि ये मजाक कर रहे हैं। यह स्थिति कैसे पैदा हुई? दो हिन्दुस्तान कैसे पैदा हुए? रोजगार स्मॉलर इंडस्ट्री, मीडियम इंडस्ट्री और इनफॉर्मल सेक्टर में बनता है। आपने उनसे लाखों, करोड़ों रुपया छीनकर हिन्दुस्तान के सबसे बड़े अरबपतियों को दिलवा दिया।

(1840/SK/RU)

आपने पिछले सात सालों में अनऑर्गेनाइज्ड सैक्टर और स्माल एंड मीडियम इंडस्ट्रीज़ पर एक के बाद एक, एक के बाद एक आक्रमण किए। … (व्यवधान) मैं सात की बात ही कर रहा हूं, मैं 60 की भी करूंगा। … (व्यवधान) मैं अपने भाषण के अंत में 60 साल की बात आपको खुश करने के लिए करूंगा। … (व्यवधान) आप ठहर जाइए। … (व्यवधान)

आपने असंगठित सैक्टर पर आक्रमण किया। कैसे किया? नोटबंदी, गलत जीएसटी और कोरोना के समय जो सपोर्ट देना था, आपने नहीं दिया। नतीजा क्या हुआ? नतीजा यह हुआ कि हिंदुस्तान के 84 परसेंट लोगों की आमदनी घटी और तेजी से वे गरीबी की ओर बढ़ रहे हैं। आपने पूछा और आपने 60 साल की बात कही। यूपीए सरकार ने 23 करोड़ लोगों को, गरीबों को दस साल में गरीबी से निकाला था। … (व्यवधान) हमारा आंकड़ा नहीं है। … (व्यवधान) आप हंसिए। … (व्यवधान) हमारा आंकड़ा नहीं है, यह सच्चा आंकड़ा है। … (व्यवधान) 27 करोड़ लोगों को हमने गरीबी से निकाला था और 23 करोड़ लोगों को आपने गरीबी में वापस डाल दिया। … (व्यवधान) हो क्या रहा है? फॉर्मल सैक्टर में मोनोपोलीज़ बन रही हैं। आप किसी भी सैक्टर में देखिए। मैं दो मोनोपोलिस्ट के बारे में थोड़ा सा बोलूंगा। … (व्यवधान) कोरोना के समय अलग-अलग वेरिएंट्स आते हैं - डेल्टा, ओमिक्रोन। … (व्यवधान) वह डबल वेरिएंट है। … (व्यवधान) पूरी की पूरी हिंदुस्तान की जो अर्थव्यवस्था है, उसके अंदर फैल रहा है।

आपने बात उठाई, तो उसके बारे में पहले बोल देता हूं। मैं नाम नहीं लूंगा। एक व्यक्ति को हिंदुस्तान के सब पोर्ट्स, एयरपोर्ट्स, पावर, ट्रांसमिशन, माइनिंग, ग्रीन एनर्जी, गैस डिस्ट्रीब्यूशन, एडिबल ऑयल … (व्यवधान) जो भी हिंदुस्तान में होता है, उधर अडानी जी दिखाई देते हैं। … (व्यवधान) दूसरी साइड, अंबानी जी की पेट्रो कैमिकल्स, टेलीकॉम, रिटेल, ई-कॉमर्स, की मोनोपोली है। … (व्यवधान) पूरा का पूरा धन चुने हुए लोगों के हाथ में जा रहा है।

आपने असंगठित सैक्टर को खत्म किया। देखिए, अगर आप इनफॉर्मल सैक्टर को खत्म कर देते और मैन्युफैक्चरिंग जॉब्स क्रिएट कर देते हैं तो फिर इतनी प्राब्लम्स नहीं आतीं, फिर दो हिंदुस्तान नहीं बनते। मगर आपने क्या किया? आपने असंगठित सैक्टर को खत्म कर दिया, नोटबंदी, जीएसटी, कोरोना। सारे के सारे स्माल एंड मीडियम बिजनेस को बंद कर दिया। … (व्यवधान) बोलने दीजिए।… (व्यवधान) आपने सारी की सारी स्माल एंड मीडियम इंडस्ट्रीज़ को खत्म कर दिया, नष्ट कर दिया। अगर आप उनकी मदद करते, उनको सपोर्ट देते तो फिर मैन्युफैक्चरिंग सैक्टर तैयार हो सकता था।

(1845/MK/SM)

मगर, जो लोग आपका मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर बना सकते थे, उनको आपने खत्म कर दिया। … (व्यवधान) आज हिन्दुस्तान में आप मेक इन इंडिया, मेड इन इंडिया की बात करते रहते हैं। आज मेड इन इंडिया हो ही नहीं सकता। बात खत्म हो गई। मेड इन इंडिया वाले कौन हैं? मेड इन इंडिया वाले स्मॉल मीडियम वाले लोग हैं। उनको आपने खत्म कर दिया। मेड इन इंडिया वाले असंगठित लोग हैं। उनको आपने खत्म कर दिया। आपने उनको हटा दिया। आपने उनको परे कर दिया। मेड इन इंडिया नहीं होने वाला है। … (व्यवधान) मेड इन इंडिया करने के लिए स्मॉल और मीडियम इंडस्ट्रीज को ही बड़ा करना पड़ेगा। बिना स्मॉल और मीडियम इंडस्ट्रीज को सपोर्ट दिए मेड इन इंडिया हो ही नहीं सकता है। अगर, आप पूछते हैं तो मैं आपको बताता हूं। अगर, हम मैन्युफैक्चरिंग जॉब्स की बात करें, तो मेरे पास आंकड़ा है। पिछले पांच सालों में मैन्युफैक्चरिंग जॉब्स 46 परसेंट कम हुए हैं। There is a 46 per cent drop in manufacturing jobs in India. Why? It is because that you have destroyed the unorganised sector. It is because that you have destroyed MSMEs. That is why you are focussing completely on five or ten people. I do not have problem with that. I do not have problem with big industries. Focus on them. But please realise that they cannot produce jobs for you. Small and medium industries are the only ones which can produce the jobs for you. That is the reality. हो क्या रहा है? दो हिन्दुस्तान बन रहे हैं और आप यहां पर भाषण देते रहते हैं। आप नया हिन्दुस्तान, न्यू इंडिया, मेक इन इंडिया और स्टार्ट-अप इंडिया के बारे में बोलते रहते हैं और देश में बेरोजगारी फैलती जा रही है। आप यह मत सोचिए कि गरीब हिन्दुस्तान जिसको आप बना रहे हैं, वह चुप बैठा रहेगा। वह चुप नहीं बैठा रहेगा। इस हिन्दुस्तान को सब कुछ दिख रहा है। … (व्यवधान) आप इस आंकड़े को सुनिए। ये आपकी सरकार की देन है। इसको अच्छी तरह से सुनिए। इस गरीब हिन्दुस्तान को दिख रहा है कि आज हिन्दुस्तान के 100 सबसे अमीर लोगों के पास हिन्दुस्तान के 55 करोड़ लोगों से ज्यादा जायदाद है। आप इस बात को समझिए। … (व्यवधान) 10 लोगों के पास 40 परसेंट हिन्दुस्तान से ज्यादा का धन है। … (व्यवधान) यह कैसे हुआ? यह आपने किया। यह नरेन्द्र मोदी जी ने किया। मैं आपको एक सुझाव देता हूं। प्रधान मंत्री जी को और आपको सुझाव देता हूं। आप जो दो हिन्दुस्तान बना रहे हैं, इन दो हिन्दुस्तान को जोड़ने का काम जल्दी से शुरू कीजिए। स्मॉल एंड मीडियम इंडस्ट्रीज की मदद करना शुरू कीजिए। जो हमारे बेरोजगार युवा हैं, उनकी मदद कीजिए। आप पूरा का पूरा धन इन्हीं पांच-दस लोगों को दे रहे हैं, क्योंकि ये आपकी मार्केटिंग करते हैं। आपको टी.वी., वाट्सएप और फेसबुक पर लगाते हैं। आप यह काम बंद कीजिए, नहीं तो देश का नुकसान होगा। आपका नहीं देश का नुकसान होगा। मेरा पहला सुझाव यही है।… (व्यवधान) नम्बर 2 और नम्बर थ्री भी है। वह अभी आगे आएगा। आपने जो 60 साल की बात कही थी, वह नम्बर थ्री में आएगा।… (व्यवधान)

Now, I would like to say that there are two competing visions of this country, which is frankly the main difference between 'us' and 'them'. If you read the Constitution of India you will find – and many of my colleagues who have not read it should look at it – that India is described as a Union of States. India is not described as a nation. It is described as a Union of States. What does that mean? That means that my brother from Tamil Nadu has to have the same right as my brother from Maharashtra, as my sister from Maharashtra, as my brother from Uttar Pradesh, as my brother from Bihar, as my sister from Manipur, Nagaland or Mizoram has.

(1850/KSP/SJN)

Of course, the people of Jammu and Kashmir have the same rights; the people of Nagaland, Andaman and Nicobar Islands and Lakshadweep also have the same rights. That is what it means. What is the difference? You have to understand this. This is a serious matter. I would like to have your view on it and I would like this Parliament to start serious discussions instead of the type of discussions that we are having. It is serious and I would like a serious response. What I heard in the first speech today was not serious. What Mr. Dwivedi said in his speech was not serious. It did not behove this House. It was not the standard that this House should be used to. It is not the standard that India should watch.

Now, Mr. Speaker, Sir, let me come back to the discussion. There are two visions of this country. One vision is that it is a Union of States. It means it is a negotiation; it means it is a conversation. I go to my brother in Tamil Nadu and I say, 'what do you want?' and he says, 'this is what I want'. Then, he asks me, 'what do you want?', and I say, 'this is what I want'. It is a partnership. It is not a kingdom; remember that. You will never ever in your entire life rule over the people of Tamil Nadu. It cannot be done. You will never ever in your life rule over these other people. … (*Interruptions*) Please listen to what I am saying.

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, आप लोग बोलने दीजिए। जब आपके नेता बोल रहे हैं, तो आप क्यों उनको डिस्टर्ब कर रहे हैं?

… (व्यवधान)

SHRI RAHUL GANDHI (WAYANAD): No matter what fantasies you might have, you will never ever rule over the people of the States of India. It had never been done in 3,000 years. It had never been the way India was ruled and you can look at any empire you want.

You can look at Ashoka the Great, you can look at the Mauryas, you can look at the Guptas, you can look at anyone you want; India has always been ruled by means of conversation and negotiation.

Now, what is the problem? The problem is, you people are confused. The problem is, you think that you can suppress these languages, these cultures, these histories. You think that you can suppress them. You have no idea of history, you have no idea of what you are dealing with, because the people of Tamil Nadu have, inside their heart, the idea of Tamil Nadu, the idea of the Tamil language and then also the idea of India. Do not be confused. The people of Kerala have the idea of their State. … (*Interruptions*) I am telling you the truth. The people of Kerala have a culture. I am now a Member of Parliament from Kerala. I understand it slightly better. They have a culture, they have dignity, they have a history. Like the gentleman said, the people of Rajasthan have a culture, have a history, have a tradition, have a language, and they have a way of life. This is like a bouquet of flowers. This is our strength. I learn from the people of Tamil Nadu, I learn from the people of Rajasthan, I learn even from you, every day I learn from you; it is not funny. I learn from you; it is not funny.

(1855/KKD/YSH)

Anyway, there is another vision -- a vision that India can be ruled by a stick from the Centre. You people have no idea of history because every time, it has been attempted, that stick has been broken and smashed.

Now, what is happening as a result of your flawed vision of the country? Two Indias are, of course, being created… (*Interruptions*) Two *Indias* are, of course, being created.

Speaker, Sir,

**माननीय अध्यक्ष :** आप यहां देखकर बोलिए।

… (व्यवधान)

SHRI RAHUL GANDHI (WAYANAD): So, what is happening as a result of this flawed vision? Two Indias … (*Interruptions*) मैं उस पर भी बोल देता हूँ।… (व्यवधान) मैं उस पर भी बोल देता हूँ। मैं इमरजेंसी पर भी बोल देता हूँ… (व्यवधान) मुझे कोई प्रॉब्लम नहीं है। मैं बोलने से नहीं डरता हूँ।… (व्यवधान)

So, there are two visions. One is the Union of States, union of languages, union of cultures, a bouquet of beautiful flowers that can challenge any power in the world. No power in the world has ever been able to challenge this bouquet of flowers.

Now, there is another vision – a centralising vision, the vision of a king, the idea of a king, which the Congress removed in 1947… (*Interruptions*) We smashed that idea of a king. Now, that idea of a king has come back. Now, there is a king, a *Shahanshah*, a ruler of rulers, a master of masters… (*Interruptions*) Now, what is happening? … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष:** आप बीच में मत बोलिए। No.

… (व्यवधान)

SHRI RAHUL GANDHI (WAYANAD): Now, Speaker, Sir, what is happening as a result of this flawed vision?

**माननीय अध्यक्ष:** किसी तरह का डिस्टर्बेंस नहीं हो रहा है। सामान्य तौर पर हल्का-फुल्का चलता है।

… (व्यवधान)

SHRI RAHUL GANDHI (WAYANAD): What is happening is that the instruments of the conversation between our States, the instruments of the conversation between our people -- what we call, the institutions of our country -- are being attacked and captured by one idea.

So, for example, today, the idea of Tamil Nadu is excluded from Indian institutions. They can keep coming to you again and again and again and again saying 'NEET, NEET, NEET, NEET, NEET'; and you will say: 'No; get out of here.' Right? They do not have a voice in your framework.

The farmers of Punjab can stand up and say: 'We do not agree with these three laws.' They do not have a voice in your framework. Only the king has the voice. The farmers can sit for one year; they can sit for one year outside, in Corona; they can die. It does not matter! The king does not agree … (*Interruptions*)

You do not listen to anybody, and even all of you, my dear brothers and sisters in the BJP. I saw my *Dalit* colleague speak today -- Paswan-ji. I saw him. He knows the history of the *Dalits;* he knows, who has oppressed the *Dalits* for three thousand years; and he is speaking with a hesitancy; he is speaking without … (*Interruptions*) I am proud of him. I am proud of this gentleman. He has spoken to me about what is in his heart. I am proud of this man. But he is in the wrong party … (*Interruptions*) Do not worry. घबराइए मत।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, बीच में मत बोलिए। आप बाद में बोलिएगा। No.

… (*Interruptions*)

SHRI RAHUL GANDHI (WAYANAD): Look, look. … (*Interruptions*)

Speaker, Sir, I am a democratic person. I will allow him to speak.

(1900/RP/RPS)

**माननीय अध्यक्ष :** आप किसी को इजाज़त नहीं दे सकते हैं, यह अधिकार मेरा है। प्लीज, बैठ जाइए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** क्या वे आसन को इजाज़त दे सकते हैं? यह अधिकार आसन का है कि किसको इजाज़त देनी है या किसको इजाज़त नहीं देनी है।

राहुल गांधी जी, आप बोलिए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठ जाइए। मैं आपको मौका दूंगा।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** राहुल गांधी जी, आप बोलिए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आप बैठिए, मैं आपको बाद में मौका दूंगा। राहुल गांधी जी, आप बोलिए।

… (व्यवधान)

SHRI RAHUL GANDHI (WAYANAD): Speaker, Sir, so this confused ideology, this confused understanding of the nation of India is playing havoc with this country. I will give you examples. The Judiciary, the Election Commission and the Pegasus are the instruments of ... (*Expunged as ordered by the Chair*) the voice of the Union of States…. (*Interruptions*) When you apply Pegasus on an Indian politician, when the ... (*Expunged as ordered by the Chair*) personally goes to Israel and authorises the use of Pegasus in India, he is attacking the people of Tamil Nadu, he is attacking the people of Assam, he is attacking the people of Kerala; and he is attacking the people of Bengal… … (*Interruptions*)

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा):** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** एक मिनट रुकिए। प्वाइंट ऑफ ऑर्डर क्या है? रूल बोलिए।

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा):** रूल 352 (1) ।

अध्यक्ष महोदय, रूल 352 (1) कहता है:

“A member while speaking shall not—

(i) refer to any matter of fact on which a judicial decision is pending;”

यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है और यदि इनको सुप्रीम कोर्ट पर विश्वास है, कोर्ट पर विश्वास है तो ये अपना फोन जमा करें। पहले उसकी इनक्वायरी में शामिल हों, क्योंकि इनका नाम भी पेगासस मैटर में है, जिसके बारे में वे कह रहे हैं। इसलिए वे पेगासस का नाम नहीं ले सकते हैं। ये कोऑपरेट नहीं कर रहे हैं।

SHRI RAHUL GANDHI (WAYANAD): So, what is happening is that a particular organisation has captured the institutional framework of the country and is attacking the voice of the different States of this country. My fear is that you will get a reaction from that voice. My fear is that this attack that you are carrying out on the institutional framework of this country is going to get a response from the Union of States. You are fiddling, I understand this. You might not appreciate it but my great grandfather spent 15 years in jail in building this thing. My grandmother was shot 32 times and my father was blown to bits. So, I understand a little bit about what this country is. My blood is being sacrificed not by me but by my great grandfather, by my grandmother and my father for this country. So, I understand what it is and you are fiddling with something very, very dangerous. I am advising you to stop it because if you do not stop, you will create a problem. You have already started creating the problem. The problem is already started in the North East. The problem is already started in Tamil Nadu. It is not visible to you right now.

What is happening in India? Are we living in the Union of States? If we are really living in the Union of States and if we are living in one-India, then I think that the Prime Minister of India should help us. We cannot run all the way to Delhi with begging bowls. It is not fair on the part of my friend, the Prime Minister of India. He has to look at each and every State on par with UP, Bihar and Gujarat. This is not proper. Tamil Nadu is one of the States, which has got the ability to spend money and has got the wherewithal to go for infrastructure facilities. All these things should be considered properly by the hon. Prime Minister and the Home Minister. They should come forward very quickly to render justice to Tamil Nadu. Thank you very much, Sir.

(ends)

HON. CHAIRPERSON: Thank you very much, Baalu ji. The next speaker is Prof. Sougata Ray.

1939 hours

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Sir, I rise to speak on the Motion of Thanks on the President's Address, and I oppose the Motion of Thanks and support all the Amendments, which are brought on this Motion of Thanks.

Unfortunately, all the Members of AITC are in Kolkata where our Chairman's election is taking place today.

(1940/SPR/GG)

Only our colleague, Sushri Mahua Moitra, who will speak tomorrow, is here. But it doesn't matter. I speak with the courage of conviction. What I want to say is that this Government has given a series of information about what it has done but it is the same thing - Ayushman Bharat, Pradhan Mantri Garib Kalyan Anna Yojana, Pradhan Mantri Awas Yojana, Jal Jeevan Mission, PM Kisan Samman Nidhi, SHGs, Ujjwala Scheme under which the Government gave three cylinders, which have runout, the GST, Pradhan Mantri Gatishakti National Master Plan. Ordnance factories, etc. etc. There is nothing new unfortunately in the President's Address.

But there are many things which are not mentioned in the President's Address, which I want to. Why was Amar Jawan Jyoti at India Gate extinguished? Was it because it was initiated by Indira Gandhi? Mr. Modi wants to delete history. Why West Bengal's Netaji's tableau was cancelled on the Republic Day parade? We had the same Netaji's tableau in Kolkata. Why have they rejected? The Prime Minister said that he will set up a granite statute of Netaji at India Gate but as a temporary measure, he set up a hologram. You know about hologram? It takes several laser beams getting together to create a hologram. That hologram has vanished from India Gate. With that, BJP's love for Netaji has vanished because Netaji and BJP would never be together.

What did Gandhi say about Netaji? Exactly a week before his assassination on January 30, Gandhiji had happily taken note of Subhas Chandra Bose's birthday. In his final eulogy to the departed leader, Mahatma pointed out that Subhas knew no provincialism nor communal differences. This is where Netaji was different from the BJP. In his brave Army, men and women were drawn from all over India without distinction, and evoked affection and loyalty which a very few have been able to evoke. When he was asked by a lawyer, for a good definition of Hinduism, Gandhi simply said, Hinduism

regarded all religions as worthy of all respect. Netaji, the Mahatma believed was such a Hindu. Therefore, in memory of that great patriot he called upon Indians to clean their hearts of all communal bitterness. That is why, BJP, which has communal bitterness in their hearts, have no right to respect, to honour, Netaji.

What did Jawaharlal Nehru said, when he was raising the flag at Lal Qila on 15th August, 1947? He said, on this day we must remember all those who have made sacrifices and suffered for the cause of Independence. It is needless for me to name all of them but I cannot help mentioning Subhas Chandra Bose, who left this country and formed the Indian National Army abroad and fought bravely for the freedom of the country. He hoisted the flag in the foreign countries. When the day came for hoisting it on the Red Fort, he was not to see his dream fulfilled. This is what Jawaharlal Nehru said about Netaji. … (*Interruptions*) You have no respect. Nishikant, you are a *pucca* RSS man; you keep quiet. You have no right to speak on Netaji. We come from Bengal, and Bengal has sacrificed for the freedom struggle. You go to the Cellular Jail in Andaman; three quarters of the Cellular Jail detainees were Bengalis. Kudhiram was one of the first martyrs who died on the gallows. This is the Bengal that this Prime Minister is insulting.

(1945/UB/RV)

Sir, the hon. Prime Minister is hitting out at two of the basic principles. One is 'secularism' and the other is 'federalism'. Just now, Mr. Baalu was speaking about NEET. Why should we impose a National Eligibility cum Entrance Test? Why can the States not have their own medical admission test? Thirteen boys and girls have committed suicide in Tamil Nadu. The hon. Prime Minister wants control over medical seats across the country.

Recently, the Central Government issued a circular that if the IAS officers are asked to join Central deputation, they must do. No permission from the State Government is needed. Is it not an assault on the federalism itself? The Government is destroying this.

The worst example is, why has the Centre appointed Governors? If they want to reward their ... (*Expunged as ordered by the Chair*) they can. … (*Interruptions*). What is wrong in this? … (*Interruptions*)

**माननीय सभापति (डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी) :** इसे कार्यवाही से निकाल देंगे।

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** सर, इसे संसद की कार्यवाही से हटाइए।… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** इस शब्द को संसदीय कार्यवाही से हटा देंगे।

… (व्यवधान)

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Why are they putting Governors who are at loggerheads with the State Governments? In Tamil Nadu, they are complaining about one Governor who disrespects Ministers in Tamil Nadu. In Maharashtra, there is some *… (Not recorded)*. He is disturbing the Maharashtra Government. … (*Interruptions*). In West Bengal, we have found a Governor who tweets every day. Under what article of the Constitution can the Governor tweet? I am not naming anybody. … (*Interruptions*).

HON. CHAIRPERSON: You are a very senior Member. You should speak in a dignified manner.

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा):** सर, इन्होंने …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) का नाम लिया।

**प्रो. सौगत राय (दमदम):** अरे, …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) नाम नहीं है, टाइटल है। उसका नाम है …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।)।

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा):** सर, ये सब नाम डिलीट करवाइए।… (व्यवधान)

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): I am just mentioning the post. I am not naming anybody. … (*Interruptions*). Sir, we are rewriting history. People from Kerala are here. The names of 387 Moplah martyrs were removed from the dictionary of India's freedom struggle (1857-1947). How could this Government do this? What about hate speeches encouraged by the hon. Prime Minister's visit to Ram Mandir? The hate *speechwalas* at Haridwar in a *dharam sansad* said, "we must kill the Muslims". What country are we living in? Secularism is under attack. Who was ... (*Expunged as ordered by the Chair*)? A Delhi BJP leader who provoked riots. Who was ... (*Expunged as ordered by the Chair*)? A Member of this House. He said, "*Goli Maaro*". … (*Interruptions*). 'गोली मारो।' हमारे खिलाफ सी.ए.ए. के पक्ष में जो है, गोली मारो। He is still a Minister. Another Minister's name is ... (*Expunged as ordered by the Chair*). His son mowed down. … (*Interruptions*)

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा):** सर, मेरा प्वायंट-ऑफ-ऑर्डर है।… (व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय (दमदम):** कुछ प्वायंट-ऑफ-ऑर्डर नहीं है।… (व्यवधान) I am not saying anything. सर, ये कुछ नहीं जानता है।… (व्यवधान)

DR. NISHIKANT DUBEY (GODDA): Sir, I will read Rule 352: “A member while speaking shall not make personal reference by way of making an allegation imputing a motive to or questioning the *bona fides* of any other member of the House…”. Shri Anurag Thakur is a Member of this House. Shri Ajay Mishra Teni is also a Member of this House. He cannot speak like this. … (*Interruptions*).

**माननीय सभापति :** अनुराग ठाकुर जी का और अजय मिश्रा जी का नाम डिलीट कर दीजिए।

… (व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय (दमदम):** सर, आप यह सलाह मत दीजिए, मैं हाउस का रूल्स जानता हूं… (व्यवधान) … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) इस हाउस का मेम्बर है। मैंने बोला कि उसने बोला था कि ‘गोली मारो।’… (व्यवधान)

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा):** सर, वे यहां डिफेंड करने के लिए नहीं है। इन्हें इसके लिए नोटिस देना है।… (व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय (दमदम):** कुछ नहीं देना है।… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप जो नाम लीजिएगा, वह रिकॉर्ड में नहीं जाएगा। आप बाकी जो भी बोलिए।

… (व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय (दमदम):** सर, ठीक है। एक …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) मिनिस्टर फॉर इंफॉर्मेशन एण्ड ब्रॉडकास्टिंग है।… (व्यवधान)

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा):** सर, यह …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) अनपार्लियामेंट्री वर्ड है।… (व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय (दमदम):** क्या …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) अनपार्लियामेंट्री है?… (व्यवधान)

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Can I use *… (Not recorded)*? वह बोला कि ‘गोली मारो।’… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: We will see the proceedings. मगर, आप गरिमापूर्ण भाषा में बोलिए।

… (व्यवधान)

(1950/MY/KMR)

**प्रो. सौगत राय (दमदम):** आप होम में एक मिनिस्टर ऑफ स्टेट हैं। उनके लड़के ने चार फार्मर्स को कुचल दिया। वह अभी भी मिनिस्ट्री में है। इन सब बातों को प्रेसीडेंट ने क्यों नहीं बोला। ऑफिसर ने कुछ लिख दिया और उन्होंने नहीं बोला।… (व्यवधान)

सर, कोई कोप में नहीं है। इन लोगों ने जे. एंड के. के बारे में बोला। हाउस में यह बोला गया कि हम जे. एंड के. को सुधारेंगे। वहाँ रोज मिलिटेंट एक्टीविटी होती है। इस होम मिनिस्टर को क्या अधिकार था?

Sir, what right did this Home Minister have to abrogate Article 370 and put Farooq Abdullah, a sitting Member of this House, and Omar Abdullah and Mehbooba Mufti who were former Members, in jail? What have they achieved in Jammu and Kashmir? They increased the divide further.

सर, यह सबसे बड़ा क्वेश्चन है। इससे आप भी चिंतित होंगे। जब आप पार्लियामेंट में घुसते हैं तो आप देखते हैं कि चारों तरफ कंस्ट्रक्शन हो रहा है। यहाँ टाटा कंस्ट्रक्शन हो रहा है। वह क्या बना रहा है? नया पार्लियामेंट बन रहा है और सेन्ट्रल विस्टा बदल रहा है। इसमें कितना खर्च है? इसमें 20 हजार करोड़ रुपये खर्च हो रहा है। यह किसी के … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) पैसा है कि आप 20 हजार करोड़ रुपये खर्च करेंगे। अभी कोविड का समय है। लोगों के पास पैसा नहीं है। उनके लिए वैक्सीन नहीं है। आप 20 हजार करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। यह … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) बन रहा है।

सर, वह पार्लियामेंट नहीं है, बल्कि वह … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) बन रहा है। हम इसके खिलाफ हैं… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON (DR. (PROF.) KIRIT PREMJIBHAI SOLANKI): Delete all these words.

**प्रो. सौगत राय (दमदम):** सर, हम इस सेन्ट्रल विस्टा का पूरा खिलाफ हैं। It is a wastage of time. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Sougata Ray ji, you are a very senior Member. आप जो बोलते हैं, उसको लोग फॉलो करते हैं। आप जरा गरिमापूर्ण भाषा में बोलिए।

**प्रो. सौगत राय (दमदम):** सर, यह नहीं होना चाहिए। पार्लियामेंट हाउस रहते हुए भी नया बिल्डिंग बन रहा है। किसके पास रुपया है? क्या किसी के पास ज्यादा पैसा है कि किसी के ख्याल से नया ताजमहल बनेगा। यह लोकतंत्र है और हम लोग बोलेंगे। जब तक गले से खुन नहीं निकलेगा, तब तक हम इसके खिलाफ बोलते जाएंगे।

सर, आपने देखा है, मैं भी सुप्रिया जी के साथ गया था, जब फार्मर्स लोग एजिटेट कर रहे थे। खुले आसमान में फार्मर्स लोगों ने पूरे एक साल तक आंदोलन किया। अब यू.पी. का चुनाव आ रहा है। इन्होंने डर के मारे फार्मर्स लॉ को विड्रॉ किया। इसमें 700 फार्मर्स की जान चली गई। इसके बारे में प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया ने एक भी बात नहीं बोला। क्या ये लोग देश की संतान नहीं थे? इन लोगों ने ऐसा किया और यह आपको याद है।

सर, यह सरकार *… (Not recorded)* की सरकार है। सब बेचो, एयर इंडिया को बेच दिया। कैसे बेचा? सरकार ने 51 हजार करोड़ रुपये के पुराने लोन का शोध किया, फिर टाटा जी ने 18 हजार करोड़ रुपये देकर उतने बड़े एयर इंडिया को खरीद लिया। यह किसकी संपत्ति है? सरकार ने इतने दिनों में इसे बनाया, लेकिन आप पब्लिक सेक्टर को बेच रहे हैं। ऑर्डनेंस फैक्ट्री को कॉरपोरेटाइज कर रहे हैं। मैं रोज सुनता हूँ कि आप एल.आई.सी. को बेच देंगे।

पंडित नेहरू ने उसको लोगों के स्वार्थ के लिए नेशनलाइज किया था। आप इतना बड़े डॉक्टर होकर इसके खिलाफ आवाज नहीं उठाएंगे, आप चेयर पर बैठे रहेंगे और प्रेसीडेंट भी कुछ नहीं बोलेंगे। आप लोग इस बारे में सोचिए।

सर, मैं और दो-चार बातें कहूँगा, मुझे ज्यादा नहीं बोलना है। महुआ जी बोलेंगी, वह मुझसे अच्छा बोलती हैं।

सर, नागालैंड के मोन डिस्ट्रिक्ट में छह आदमियों को मार दिया गया। उन पर कौन गोली चलायी? सेन्ट्रल पुलिस ने गोली चलाया। इस बारे में प्रेसीडेंट ने क्यों नहीं थोड़ा दुख प्रकट किया? टी.एम.सी. के लोग जब त्रिपुरा जाते हैं तो उन पर रोज अटैक होता है। हमारा एक सदस्य मुजीबुरर्हमान … *(Not recorded)* के हाथों से मर गया। उसका जवाब कौन देगा?

सर, प्रेसीडेंट ने इतना भाषण दिया। यह छोटा-सा भाषण है, लेकिन इसमें फ्यूल प्राइस का कोई मेंशन नहीं है। वह बोलते हैं कि हमने उज्ज्वला स्कीम दी। तीन सिलेंडर देकर बोलते हैं कि हम महिलाओं का सशक्तिकरण कर रहे हैं। अभी महिलाओं को 900 से लेकर 1000 रुपये में गैस सिलेंडर खरीदना पड़ता है।

(1955/CP/RCP)

इसको थोड़ा मेंशन भी नहीं किया। रोज जो पेट्रोल और डीजल का भाव बढ़ता है, उसके बारे में प्रेसीडेंट को कुछ बोलना नहीं है। सर, यह आप सोचिए।

हम लोग बार-बार बोले रहे थे, ये जो परिजाई श्रमिक हैं, माइग्रेंट लेबर्स हैं, इनको दस हजार रुपये दीजिए, तब इकोनॉमी मूव करेगी। अभिजीत विनायक बनर्जी, नोबल लोरिएट, उन्होंने बोला कि इकोनॉमी को रिवाइव करना है, तो कैश सपोर्ट देना है। सरकार नहीं सुनेगी। बोलते हैं कि हम लोग स्मॉल इंडस्ट्रीज़ को लोन दे रहे हैं। अरे, वह भूखा मर जाएगा तो स्मॉल इंडस्ट्री कहां रहेगी? कितने लोग भूखे मरे, इसका सरकार ने कोई हिसाब नहीं दिया।

सर, पेगासस के बारे में राहुल गांधी जी ने बताया।… (व्यवधान) ये लोग बोलेंगे कि सुप्रीम कोर्ट में केस है। कुछ नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने एक कमेटी बनाई है, वह राय देगी। उसको लेकर हम तो रोज हाउस स्टॉल कर सकते हैं, हम नहीं कर रहे हैं, डिबेट होने दे रहे हैं। यह मत सोचिए कि हम उठा नहीं पाएंगे। हम जब चाहेंगे, तब उठाएंगे, लोकतंत्र जब तक है। आप लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश कर रहे हैं। हम पर स्पाइंग कर रहे हैं। हम इसके खिलाफ आवाज उठायेंगे और उठाते रहेंगे।

सर, इस बार पद्म अवार्ड दिए। यह स्पीच में बोला है। हमारे यहां एक 90 साल की सबसे बड़ी आर्टिस्ट हैं, अधीर जी जानते हैं, संध्या मुखर्जी। उनको पद्मश्री दिया। पद्मश्री 30 साल के लड़के को दिया जाएगा, जो ओलम्पिक में सोना जीता, उसको दे सकते हैं। आप 90 साल की महिला को देकर उसका अपमान कर रहे हैं। She went into coma. She was so shocked. यह सरकार का काम है। किसी को जानते नहीं हैं। बोलते हैं कि हम पद्म अवार्ड दे रहे हैं, हम बहुत बड़ा काम कर रहे हैं।

सर, मेरे दोस्त दानिश अली बोल रहे थे। हाथरस में क्या हुआ? एक लड़की का बलात्कार करके उसकी हत्या कर दी। उसके बाद उसे जिंदा जला दिया गया। ... (व्यवधान) ये बोल रहे थे कि योगी जी के राज्य में बहुत अच्छा चल रहा है। महिला जिंदा जलती है *... (Not recorded)* के राज में। यही नारा चारों तरफ फैल गया। आप जानते हैं कि उन्नाव में क्या हुआ? *... (Not recorded)* का एक विधायक लड़की का बलात्कार करने के आरोप में अभी भी जेल में है।

सर, कानून की स्थिति बहुत खराब है। सर, लोग बड़े दुखी हैं। सर, हमारे बंगाल में एक कवि थे, जो मर चुके हैं। उन्होंने एक कविता लिखी थी।

*"Man is alone, you stand by him.
Come, float with him, stand with love.
Man is crying a lot, you stand by him.
Man is alone, you stand by him."

जो इंसान अकेला है, आज हम उसके साथ खड़े होना चाहते हैं। हम माइग्रेंट लेबर, गरीब लोग और बेरोजगार नौजवानों के साथ खड़े होना चाहेंगे। ये लोग 303 की बात कर सकते हैं, लेकिन असल फैसला जनता करेगी। देश की जनता-जनार्दन ने जब चाहा, बड़ी-बड़ी सरकार का तख्ता पलट दिया। मुझे विश्वास है, सर, शायद मैं नहीं रहूँगा, लेकिन यह तख्ता पलट जाएगा। जैसे ये चला रहे हैं, पूरी हुकूमत हाथ में ले रहे हैं, इनका तख्ता पलट जाएगा। इसी के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूँ। जय हिन्द।

(इति)

**माननीय सभापति (डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी):** बहुत-बहुत धन्यवाद।

डॉ. निशिकांत दुबे।

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा):** सर, सौगत दा ने मेरा नाम लिया। मुझे फक्र और गर्व है कि मैं आरएसएस का स्वयंसेवक हूँ। इन्होंने कहा कि मैं आरएसएस का स्वयंसेवक हूँ, मेरा मुँह बंद करा दिया। ये अपने बड़े भाई तथागत राय जी की ही किताब यदि पढ़ लेते, जिन्होंने पूरी रिसर्च की है कि अम्बेडकर जी के साथ किस तरह से कांग्रेस ने किया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने किस तरह की पार्टी बनाई। नजरूल इस्लाम, जिस सेक्युलरिज्म की ये बात करते हैं, उनको श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने, जब उनकी तबियत खराब हुई तो दो साल तक मधुपुर, जो मेरी कांस्टीट्यूएंसी है, वहाँ रखा। जब इनको अपने बड़े भाई के बारे सम्मान नहीं है तो आरएसएस और मेरे बारे में क्या सम्मान होगा। मैं यही आपको बताना चाहता हूँ। ... (व्यवधान)

* Original in Bangla

(2000/RK/NK)

2000 hours

SHRI MARGANI BHARAT (RAJAHMUNDRY): Thank you, Sir. I rise to speak on the Motion of Thanks on the President's Address. I thank you for giving me this opportunity.

The hon. President of India in his Address has effectively laid down the challenges faced by India in the past year, the vision of the Union Government for its future, and its on-going achievements. I would like to start by thanking the Union Government for facilitating an inclusive and broad-based recovery by keeping a strong focus on the capital expenditure and infrastructure, and connectivity projects. The President has conveyed the Union Government's approval of three greenfield airports projects, which our hon. Chief Minister had earlier requested for. The timely approval of this project will allow us to lay the foundation stone of an international greenfield airport at Bhogapuram, near Visakhapatnam. The timely approval will also ensure that the project will be completed in three years of timeframe.

I would like to remind this House that His Excellency, the President of India has rightly said that we are in the third year of the pandemic. We all know that our State of Andhra Pradesh was earlier bifurcated unscientifically in a hurry. It has been further ruined due to mis-governance of the earlier Government. It further went sloppy with this pandemic.

I would like to reiterate that India is completing 75 years of Independence and is celebrating the 'Azadi Ka Amrit Mahotsav'. We have entered into the Amrit Kaal. As I have said, AP is still screaming for a few drops of *amrit*. The AP Reorganisation Act was passed in the year 2014. It had given a mandate to implement certain provisions. I am not saying that the Government of India is not implementing those provisions but you may look at the pace. My State was unscientifically bifurcated. The pace at which the projects are moving is very sloppy. We are in the eighth year. After the unscientific bifurcation of Andhra Pradesh not even a single project has been completed, be it relating to educational institutions, railway zone, Polavaram project, steel plant, crude oil refinery, industrial corridor in line with Delhi-Mumbai corridor, or any other metro project. All these projects have been mentioned in the AP Reorganisation Act. If I keep on mentioning the projects, the list will go on.

2003 hours (Shri Bhartruhari Mahtab *in the Chair*)

Before touching upon other issues, I would like to focus on the issue which is plaguing the State of Andhra Pradesh. At the time of bifurcation, the State of Andhra Pradesh was left with a revenue deficit of Rs.22,000 crore. The Government had promised to compensate the revenue deficit but only Rs.4,000 crore has been given to the State, and the rest Rs.18,000 crore is still pending with the Government of India. Through you, Sir, I would request the Finance Minister to clear the bills pending with the Ministry.

I would like to raise the important issue of Polavaram project. It is a national project. The State has upfront funded the national project and is asking for the reimbursement of the fund. Never in the history of any national project in our country, has a State Government funded upfront.

(2005/PS/SK)

But still, we are requesting the Government of India for the timely release of the funds because the project is moving at a steady pace. The main thing is that the R&R package has to be released. If the R&R package is released, then only we can evacuate the people from that place to other places. Therefore, through you, I would like to request the hon. Finance Minister for timely release of funds.

I would like to speak about the major port, that is, 'Dugarajapatnam Port'. It was mentioned in the State's Reorganisation Act. It was clearly mentioned that the first phase of the works was to be completed by the end of 2021. But due to some technical issues, the work of the project has not been taken forward. The Government of India is considering 'Ramayapatnam Port' as a replacement. Through you, I would like to request the Government of India to start the works because the timeframe as per the State's Reorganisation Act, is till ten years and eight years have already passed. None of the projects are getting completed in a time-bound manner. I would like to request the Government of India to release the funds immediately.

We are very much grateful for the Centre's pro-active support with respect to the preparation of the Detailed Project Report for linking Godavari-Krishna Rivers, Krishna-Pennar Rivers, and Pennar-Cauvery Rivers. We assure our full cooperation in making the project a success with the hope that the neighbouring States will also work towards the finalisation of the DPR.

The 'Gati Shakti - National Master Plan for Multi-Modal Connectivity' has also been launched for accelerated infrastructure development. The hon. Finance Minister has rightly said that Rs. 1 lakh crore of funds are being given to the States for capital expenditure. When you look at the formula that has been made, the State of Andhra Pradesh is only getting four per cent of the funds for capital expenditure. But when you look at the BJP-ruled States like Uttar Pradesh, the formula comes to around 16 per cent to 17 per cent of the capital expenditure. I would like to request to the hon. Finance Minister to alter the formula and also, kindly look at the State of Andhra Pradesh in a good way.

The hon. Prime Minister has highlighted the importance of semiconductor manufacturing and the benefits of India's start-up ecosystem in reducing India's dependence on imports of electronics and hardware. In this regard, the State has sent a proposal of Rs. 6000 crore for the Mannavaram Project. We hope to get the Centre's approval and also the financial support to establish the semiconductor and electronic equipment manufacturing zone at Mannavaram.

I agree that the hon. President of India has said that the textiles has been a part of India's export basket and its competitive trade advantage for centuries. Now it is time that we revive India's position in the global markets by leveraging economies of scale, promised under the Mega Textile Parks scheme. The Government of Andhra Pradesh has submitted a proposal to set it up at Kopparthi. The location is also conducive in giving a fillip to eastern seaboard of India and also envisioning as a cluster of textiles.

We are very much grateful for the alignment of our vision and hopes. I hope that the synergy between the Government of Andhra Pradesh and the Union Government reaches new heights.

During the devastative second wave of COVID-19, in India, we saw many public sector units responding dynamically to the crisis at hand.

(2010/SMN/MK)

One among those PSU units is RINL, the Vishakhapatnam Steel Plant, which aided the meeting of medical oxygen shortfall that was faced by many of us last year.

Such PSUs should be retained instead of disinvesting them. The Government of India should drop that decision of disinvesting the Vizag Steel Plant.

In the State Reorganisation Act, there has been a mention of an industrial corridor between Vishakhapatnam and Chennai at par with the Delhi-Mumbai Expressway. I would urge the Minister of Road Transport and Highways to consider and expedite the work of Vizag-Chennai Industrial Corridor.

The Polavaram Project Authority is in the city of Hyderabad. The work of the project is going on near to my constituency, Rajahmundry.

The hon. Chief Minister of Andhra Pradesh has also sent letters to the Department of Jal Shakti to shift the Polavaram Project Authority to Rajahmundry.

From the Presidential Address, we can sense the commitment of Modi Government for the well-being of farmers and women. The YSR Rythu Bharosa reminds us of the commitment made under the PM Kisan Samman Nidhi. The State of Andhra Pradesh provides investment assistance to the eligible farmers at the rate of Rs. 13,500. Already three instalments were given in the last three years to the farmers of Andhra Pradesh. The PM Kisan Samman Nidhi is giving Rs. 6,000. In my State, the YSR Rythu Bharosa has added Rs. 7,500 to it.

The hon. Chief Minister Shri Y. S. Jagan Mohan Reddy made an iron clad commitment to support the women in different facets of their life through innovative schemes. The Amma Vodi is one of the novel schemes designed by the Government of Andhra Pradesh. For instance, the Government of Andhra Pradesh is giving direct benefit transfer of Rs. 15,000 every year to the mothers. Till this year, Rs. 45,000 was given to every poor household to send their children to the school.

Sir, I would like to bring to the notice of this House one pathetic incident which has happened a few days back. One minor girl from Andhra Pradesh has jumped from the fifth floor and died. It has happened because of the harassment by one sexual predator who I believe is a leader of TDP.

Our Government of Andhra Pradesh has sent Disha Act to the Government of India so that speedy trial can take place and to make a stringent law which should be more stringent than Nirbhaya Act. These kinds of incidents should not happen across the country.

I would request, through this House, the Ministry of Women and Child Development to make some stringent laws. The laws should be changed even in the education sector because weak-minded students may face problems from the sexual predators. Such kind of a shift in educational policy has to be implemented in the schools to train them properly.

We believe the State of Andhra Pradesh has a genuine grievance regarding the National Food Security Act.

(2015/SNB/SJN)

In many States like Gujarat, Karnataka, Maharashtra, the rural population covered under the NFSA is about 70 to 76 per cent, but in my State of Andhra Pradesh, the rural population covered under this is only 60 per cent. It clearly says that rest of the 40 per cent are in the middle-class segment. I would like to request the Government to examine this matter and leverage has to be increased and should be made at par with States like Gujarat, Karnataka and Maharashtra.

The State Government of Andhra Pradesh has introduced a scheme to deliver rice and other essential commodities at the doorstep of the people. This novel idea is being implemented in my State.

Sir, in para 66 of the President's Address, the hon. President has outlined the Union Government's commitment to preserve, enrich, and empower India's heritage. Recently, the Ramappa temple in Telangana has been declared by UNESCO as a world heritage site. I would like to highlight the fact that the Kodanda Rama Swamy temple of Vontimitta town in Kadapa district is one of the finest examples of Vijaynagaram architecture with Chola Kingdom features and if this is recommended to the UNESCO for consideration as a world heritage site, it will get immediate international recognition.

HON. CHAIRPERSON (SHRI BHARTRUHARI MAHTAB): Is there nothing at Rajahmundry?

SHRI MARGANI BHARAT (RAJAHMUNDRY): I will speak about that. There is one bridge called the Havelock bridge. We would like to urge the Government to send this long-standing proposal of ours to the UNESCO Committee for Evaluation so that it becomes a reality. In my constituency, in the British era, a bridge was constructed in the $19^{th}$ century. That is a heritage monument. The Government of India happens to disinvest that bridge.

HON. CHAIRPERSON: I understand it is not a railway bridge.

SHRI MARGANI BHARAT (RAJAHMUNDRY): Sir, it is a railway bridge. It is the Havelock bridge, as I mentioned. That is one of the finest bridges in the country. It is carved with mud stones where some millions of eggs have been used with clay to strengthen the structure of the bridge. That is one of the finest monuments. We have come up with a proposal to the Culture Ministry also in this regard. I would like to urge upon the Ministry of Culture to give a boost to the schemes of the Ministry like *Swadeshi Darshan* as has been mentioned by the hon. President. We are grateful to the Tourism Ministry for having recognised two coastal circuits and one Buddhist circuit under this scheme. The integrated development of these sites and timely transfers of funds under the schemes will not only boost the tourism sector, which has largely been hit by the Pandemic, but also help bring it back to the path of recovery. We hope that the Ministry of Culture will extend support and guide us in anchoring these circuits and also by promoting Kodanda Rama Swamy Temple and get it declared as the $41^{st}$ UNESCO world heritage site from India. Since the bifurcation of the State, Andhra Pradesh has been waiting for due recognition of these potential heritage sites by the UNESCO. We hope, the Government will consider the sentiments and the rich history of these temples. Our request is to create modern facilities and infrastructure for the pilgrims.

I would like to conclude and say that there is great enthusiasm and support of my State for being part of Team India and it would be our earnest effort to push our country towards a holistic and humane path of recovery post Pandemic.

Thank you.

(ends)

(2020/YSH/RU)

2020 बजे

**श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग):** सभापति महादेय, धन्यवाद। महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर इस सभागृह में धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया गया है, जिस पर शिव सेना की तरफ से विचार व्यक्त करने के लिए मैं खड़ा हुआ हूँ।

सभापति महोदय जी, यह लग रहा था कि कोरोना काल के बाद इस देश में जो गरीब लोग हैं, जो लोग बेरोजगार हो चुके हैं, जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले करोड़ों लोग हैं, उनको आधार देने का काम, उनके भविष्य को उज्ज्वल करने का काम महामहिम राष्ट्रपति जी के भाषण के माध्यम से केन्द्र सरकार की तरफ से किया जाएगा, लेकिन दुर्भाग्य से कोरोना काल के बाद इस देश को विकास के पथ पर चलाने के लिए जो दृढ़ निश्चय करने की आवश्यकता थी, सही मार्ग दिखाने की आवश्यकता थी या गरीबों तथा आम आदमी के जीवन यापन में बदलाव करने की आवश्यकता थी, उससे यह सरकार बहुत दूर जा चुकी है। इसीलिए महामहिम राष्ट्रपति जी का भाषण सुनने के बाद सारे देशवासी नाराज हो गए और हम सभी जनप्रतिनिधि भी नाराज होकर आज इस सभागृह में अपने विचार व्यक्त करने के लिए खड़े हुए हैं।

इस देश के वैज्ञानिकों ने और देश के शासन कर्ता ने, चाहे वह प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हों या स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया जी हों, उन्हें हम धन्यवाद देते हैं। चाहे दुनिया कुछ भी कहे, लेकिन इस देश में वैक्सीन का निर्माण करके देश को कोरोना से बचाने का काम केन्द्र सरकार के माध्यम से हुआ है। मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि राज्य सरकार ने भी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में काम किया है। चाहे महाराष्ट्र राज्य के मुख्य मंत्री श्री उद्धव जी ठाकरे हों, उप मुख्य मंत्री श्री अजीत पंवार हों या महाराष्ट्र राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेश टोपे जी हों, इन्होंने मुम्बई के साथ-साथ पूरे महाराष्ट्र को कोरोना से मुक्त करने का जो प्रयास किया है, उसके लिए उन्हें भी धन्यवाद देने की आवश्यकता है।

सभापति महोदय, दुर्भाग्यवश हो यह रहा था कि जिस राज्य में भाजपा का शासन नहीं था या जिस राज्य में दूसरे दल की सरकार है, जो पावर में नहीं है, उन राज्यों के साथ अन्याय किया जा रहा था और कई लोग यह चाहते थे कि वहां पर ज्यादा से ज्यादा कोरोना का प्रसार हो, ज्यादा से ज्यादा लोग कोरोना से मरें, ताकि वहां की गवर्नमेंट डिज़ाल्व कर सके और अपनी गवर्नमेंट वहां स्थापित कर सके। उनकी दुर्भाग्यता यह रही कि महाराष्ट्र की महाविकास अघाड़ी सरकार आज कोरोना की थर्ड वेव में भी, चाहे ओमिक्रॉन हो या डेल्टा हो, इन सबसे मुम्बई के साथ पूरे महाराष्ट्र को सुरक्षित रखने में कामयाब हो चुकी है। इसलिए मैं प्रधान मंत्री जी को जिस तरह से धन्यवाद करता हूँ, वैसे ही महाराष्ट्र की महाविकास अघाड़ी सरकार को भी धन्यवाद करता हूँ।

सभापति महोदय, खासकर कोरोना काल के बाद इस देश में आरोग्य के संबंध में कई योजनाएं लाई गई हैं। इस देश में ज्यादा से ज्यादा डॉक्टर्स होने चाहिए। ज्यादा से ज्यादा हॉस्पिटल्स होने चाहिए। सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स होने चाहिए तथा 'एम्स' होने चाहिए। इस तरह से महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्र में चार गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेजेस का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को पेश किया था।

यह मैं इसलिए बताना चाहता हूँ, क्योंकि सेन्ट्रल गवर्नमेंट के कई नौकरशाह जानबूझकर महाराष्ट्र सरकार के लिए परेशानी का निर्माण करते हैं। आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा है कि हर जिले में एक गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज होना ही चाहिए।

(2025/RPS/SM)

इसलिए महाराष्ट्र सरकार ने कोरोना के इस वक्त में, कोरोना के बावजूद भी चार गवर्नमेंट कॉलेजेज प्रपोज किए और मेरे क्षेत्र में सिन्धुदुर्ग गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज भी प्रपोज किया।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से आदरणीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मांडविया जी को बताना चाहता हूं। मैं मनसुख मांडविया जी को धन्यवाद दूंगा, उनके हेल्थ सेक्रेटरी राजेश भूषण जी को भी धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने एक अपनेपन से सिन्धुदुर्ग के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज को मंजूरी मिलने के लिए प्रयास किया। लेकिन यहां दिल्ली में जो एन.एम.सी. नाम की एक बॉडी है और उसकी जो सब्सिडरी बॉडी एम.ए.आर.बी. है, जो मैनेजमेंट एंड रेटिंग बोर्ड का काम करती है, मुझे बताते हुए दुख होता है कि एन.एम.सी. और एम.ए.आर.बी. में जो लोग बैठे हैं, वे उसे अपने बाप-दादा की संस्था समझकर वहां काम करते हैं। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज होने के बावजूद भी सिन्धुदुर्ग गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज का इंसपेक्शन छ: बार हो चुका है और हर बार अलग-अलग मुद्दे उठाए गए। जब फिजिकल इंसपेक्शन हुआ, उन्होंने जो फेहरिस्त क्लियर की, जो क्वेरीज रेज की, उन सभी को क्लियर कर दिया गया। दूसरी बार जब इंसपेक्शन हुई, तब अन्य नए मुद्दे उठाए गए। इस तरह से छ: बार इंसपेक्शन करने के बाद छ: नए-नए अलग-अलग मुद्दे उठाए गए। आखिर में जब मिनिस्टर साहब ने ऑर्डर दिया कि चाहे तो फिजिकल विजिट करो या फिर एक बार वी.सी. से इंसपेक्शन करो और स्पीकिंग ऑर्डर पास करो। सेंट्रल गवर्नमेंट के ज्वाइंट डायरेक्टर का ऐसा ऑर्डर है – '…And pass the speaking order.' ऐसा करने के बाद भी, इतना क्लियर कट ऑर्डर देने के बाद डायरेक्टर का लेटर एम.ए.आर.बी. के पास गया। उन्होंने फिर एक बार इंसपेक्शन किया और वे वहां के डॉक्टर को बोलते हैं कि आप यहां क्यों आते हैं? अपने गांव में आप क्लीनिक चालू करिए, यहां सिन्धुदुर्ग में किसलिए आते हैं? आप कहां रहते हैं? आपके नेबर्स कौन हैं? क्या आपको अच्छा खाना मिलता है? एम.ए.आर.बी. के मेंबर्स वहां के डीन और डॉक्टर्स से ऐसे बकवास क्वेश्चन्स पूछकर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सपने में जो गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज है, उसको डिसएप्रूव करने का काम करते हैं।

सभापति महोदय, मैं उससे भी आगे जाकर आपको बताना चाहता हूं कि एम.ए.आर.बी. और एन.एम.सी. ने 17 नवम्बर को सिन्धुदुर्ग गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज को एप्रूवल दी और 21 तारीख को उसे डिसएप्रूव कर दिया। यह कहां का न्याय हो सकता है? सिन्धुदुर्ग के एक प्राइवेट कॉलेज को प्रोटेक्ट करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सपने को ध्वस्त करने के लिए जो एम.ए.आर.बी. और एन.एम.सी. के लोग बैठे हैं, उनको 'हकाल' देने की आवश्यकता है। तभी इस देश में गरीबों को न्याय मिलेगा और स्वास्थ्य के बारे में गरीबों को जो आधार मिलना चाहिए, वह मिल सकता है। इसलिए मैं ऐसी मांग करता हूं। जैसा मैंने शुरू में कहा है, मैं मंत्री जी और सेक्रेटरी की सराहना करता हूं, लेकिन एम.ए.आर.बी. और एन.एम.सी. में जो ऐसे लोग हैं, उनकी मैं निन्दा करता हूं और जब तक ऐसे …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) लोग एन.एम.सी. और एम.ए.आर.बी. में बैठे हैं, तब तक इस देश के स्वास्थ्य का जो प्रश्न है, उसका उत्तर मिलने वाला नहीं है।

सभापति महोदय, मैं आगे जाना चाहता हूं। मैं केन्द्र सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि कोरोना के कार्यकाल में यह किया, वह किया, इस तरह की बहुत सी बातें हो चुकी हैं, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि कोरोना की वजह से जो लोग मर चुके हैं, उन्हें 50 हजार रुपये राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा दिए जाने चाहिए। मैं अभिमान से कहना चाहता हूं कि महाराष्ट्र की महाविकास अघाड़ी सरकार ने, जिन बच्चों के माता और पिता गुजर गए, उन सारी फैमिलीज को 50 हजार रुपये दिए हैं, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आदेश देने के बाद भी केन्द्र सरकार ने देश के ऐसे कितने परिवारों को आधार दिया है? सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कहा था कि 50 हजार रुपये देने चाहिए, इसलिए अपनी रिप्लाई में यह जानकारी दें कि देश में ऐसे कितने परिवारों को केन्द्र सरकार के माध्यम से 50 हजार रुपये दिए गए हैं। मैं इसके बारे में पूरी जानकारी चाहता हूं।

(2030/SPS/KSP)

मुझे भरोसा है कि प्रधान मंत्री जी उसके बारे में स्पष्ट निवेदन करेंगे। अगर नहीं दिया है तो इस जनवरी में 1,40,986 करोड़ रुपये का जीएसटी इकट्ठा किया है, उससे देने की व्यवस्था करें। वह लोगों का पैसा है और लोगों के पास जाना चाहिए। आदरणीय महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में बाबा साहेब अंबेडकर जी के तत्वों का अनुकरण किया गया। बाबा साहेब अंबेडकर जी ने कहा था कि मेरा आदर्श एक ऐसा समाज होगा, जो स्वाधीनता, समानता और भाईचारे पर आधारित हो। बाबा साहेब के आदर्शों को मेरी सरकार ध्येय मानती है, ऐसा राष्ट्रपति जी ने कहा।

सभापति जी, मैं कहना चाहता हूं कि बाबा साहेब अंबेडकर जी के माध्यम से जब देश में संविधान का निर्माण हुआ तो केन्द्र और राज्य सरकार की जो मर्यादा है, वह स्पष्ट की गई है। दुर्भाग्य से केन्द्र सरकार के माध्यम से इस देश के कई राज्यों में भाजपा की सरकार न होने के बावजूद, यह किया गया है कि वहां की सरकारों को कैसे परेशानी दे सकें, कैसे अस्थिर कर सकें, उन्हें कैसे डिस्टर्ब कर सकें? संविधान के माध्यम से राज्यपाल के पद का निर्माण हुआ था, लेकिन उस राज्यपाल का इस्तेमाल करने की शुरुआत की गई। महाराष्ट्र में संविधान के माध्यम से राज्यपाल गए हैं, लेकिन दुर्भाग्य से राजभवन का जितना दुरुपयोग आज के … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) ने किया है, स्वतंत्रता के बाद किसी राज्यपाल ने नहीं किया होगा। वह … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) के रूप में कार्य करते हैं। अगर मुंबई क्षेत्र की ड्रेनेज चॉक हुई तो राज्यपाल जी के पास चलिए और मुंबई क्षेत्र में राशन नहीं मिला तो राज्यपाल जी के पास चलिए। उसके बाद राज्यपाल कहते हैं कि आप सभी मेरे पास आइए, हम शासन चलाएंगे। क्या यह … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) का धंधा है? क्या यह राज्यपाल की ड्यूटी है? हम सोच ही नहीं सकते हैं कि महाराष्ट्र के स्वतंत्र होने के बाद चाहे वह पीसी अलेक्जेंडर हों, चाहे बाकी के हो चुके अन्य राज्यपाल हों, आज के राज्यपाल की तरह बर्ताव इसके पहले किसी राज्यपाल ने नहीं किया।

मेरा कहना है कि आप वहां की सरकार का मार्गदर्शन करें। अगर वहां कुछ गलत हो तो आप जरूर बताएं। ओबीसी के लिए राज्य सरकार ने एक ऑर्डिनेंस निकाला है। ओबीसी का प्रश्न तो पूरे देश में है। इम्पीरिकल डाटा कलेक्ट करने का काम चालू है, चाहे केन्द्र सरकार भले ही न दे।

यहां पार्लियामेंट्री कमेटी में कहा गया कि हमारे पास जो भी इम्पीरिकल डाटा है, वह परिपूर्ण है, उसमें कोई दोष नहीं है, लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट दिया तो बोलते हैं कि हमारे पास जो इम्पीरिकल डाटा है, वह सदोष है। ठीक है, सदोष होने दीजिए, हम इकट्ठा कर रहे हैं।

सभापति जी, ओबीसी के रिज़र्वेशन के लिए महाराष्ट्र गवर्नमेंट के द्वारा ऑर्डिनेंस निकालने के बाद आम आदमी के लिए यह था कि सामान्य कार्यकर्ता नगरपालिका में चुनाव लड़ने वाला था, सामान्य कार्यकर्ता पंचायत समिति और जिला परिषद में चुनाव लड़ने वाले थे। सामान्य कार्यकर्ता को न्याय देने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने एक कदम उठाया, लेकिन … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) महोदय जी ने सोचा कि महाविकास अघाड़ी का निर्णय है, उस पर स्टे तो देना ही है, साइन नहीं करना है। ऐसे सैकड़ों निर्णय, जो महाराष्ट्र सरकार ने जनता के हित के लिए लिये थे, गरीबों के हित के लिए लिये थे, उनके ऊपर … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) महोदय ने साइन नहीं किया। उन निर्णयों की तरफ देखा ही नहीं, फाइल के … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) रहे। महाराष्ट्र की कैबिनेट ने सिफारिश की और 12 एमएलसीज़ के अपॉइंटमेंट के लिए … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) के पास भेजा तो … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) बोले कि मुझे इसे पढ़ना ही नहीं है, मुझे देखना ही नहीं है। क्या यह … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) की ड्यूटी है? क्या यह सब न देने की ड्यूटी है?

**माननीय सभापति (श्री भर्तृहरि महताब) :** जब इनका भाषण पूरा हो जाए तो मंत्री जी आप रिप्लाई दे देना।

**श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) :** सभापति महोदय, मुझे मालूम है कि महंगाई इतनी बढ़ गई, उज्ज्वला गैस के दाम इतने बढ़ गए कि हमारे मंत्री जी को चूल्हा जलाकर रोटी बनानी पड़ी है।

**श्रीमती नवनीत रवि राणा (अमरावती) :** शिवसेना महाराष्ट्र में थी और ये तालियां मार रहे थे, जब महाराष्ट्र में उज्ज्वला योजना के माध्यम से उज्जवला गैस दे रहे थे। … (व्यवधान)

**श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) :** आप यह बोल लीजिए, लेकिन यह सच्चाई है कि मंत्री जी चूल्हा बनाकर खाना पका रहे थे। यहां पर बोलते हैं कि चूल्हा जलाएंगे तो आंखें खराब हो जाएंगी।

(2035/RAJ/KKD)

यहां वह बोलते हैं कि चूल्हा जलाएंगे तो आंख खराब होगा, लेकिन वह परवरता नहीं है, गैस परवरता नहीं है। उज्ज्वला गैस सिलेंडर की कीमत एक हजार रुपए से भी ज्यादा हो गई। डीजल और पेट्रोल के दाम बढ़ते जा रहे हैं, इनकी कीमत कम होने की कोई बात नहीं हो रही है। जब माननीय मंत्री जी खुद चूल्हा जलाते हैं, तो आम आदमी क्या करेगा? हमें चूल्हा जलाना ही पड़ रहा है। चूल्हा जलाने के बाद गरीबों के आंखों में फिर से दर्द होने लगेगा। …(व्यवधान)

**माननीय सभापति (श्री भर्तृहरि महताब):** चूल्हा जलाना भी एक कला है।

**श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग):** सभापति महोदय, अभी फिर एक बार चूल्हे का खाना पसंद करने वाले बहुत लोग आए हैं।…(व्यवधान)

इनकम टैक्स पे करने वाले लोग हैं। कल बजट भाषण दिया गया है। अगर लोग इनकम टैक्स की चोरी करेंगे, तो वे सीधा जेल में जाएंगे। मैं यह जानना चाहता हूं कि आप गरीबों को डांटते हैं, लेकिन इस देश को लूट कर जो विदेश में गए, वे कई हजार करोड़ रुपए लूट कर गए, वह एक बार स्पष्ट होने दें। कोई कह रहा है कि वे 40 हजार करोड़ रुपए लेकर गए, कोई कह रहा है कि वे 80 हजार करोड़ रुपए ले कर गए। जो चोरी करके यहां से गए हैं, वे फिर नहीं आए। आप गरीब लोगों को जेल में जरूर डाल सकते हैं, लेकिन आप इस देश को लूटने वाले लूटेरों को सजा देंगे, तो इस देश में गरीबों का राज आएगा, अन्यथा यह नहीं आएगा।

यहां 135 करोड़ की आबादी है। हमारे राष्ट्रपति जी कह रहे हैं कि छ: करोड़ ग्रामीण परिवार के लोगों को योजना का लाभ मिला है, यानी महामारी के बावजूद छ: करोड़ लोगों को योजना का लाभ मिला है। एग्जैक्टली, इस देश में महामारी के बाद कितनी बेरोजगारी निर्माण हुई है, कितने रोजगार देने वाले व्यवसाय बंद हो चुके हैं, यह आंकड़ा सभा के सामने आना चाहिए।

मैं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में जानना चाहता हूं। जैसा कि राहुल गांधी जी ने कहा है कि क्या एक या दो आदमी के लिए देश चलाना है, क्या एक या दो आदमी को सब कुछ देना है? देश के किसानों के हित के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर अमल किया गया, लेकिन जिनके माध्यम से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर अमल किया जा रहा है, हमारे देश में ऐसी 13 निजी कंपनियां है, उनके हित के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर अमल किया जा रहा है। सभी लोक प्रतिनिधि कह रहे हैं कि सरकारी योजना शुरू की जाए। सौभाग्य से, गुजरात गवर्नमेंट ने सभी निजी कंपनियों को दूसरी जगह पर फेंक दिया और प्रधान मंत्री जी के कहने के बाद खुद की फसल बीमा योजना शुरू की। इसलिए इस फसल बीमा योजना पर अमल करने वाली जो निजी कंपनियां हैं, उनको बर्खास्त करके गवर्नमेंट की फसल बीमा योजना निर्माण करके किसानों को आधार देने की आवश्यकता है। मुझे लगता है कि इस ओर केन्द्र सरकार सही तरह से काम करेगी।

सभापति महोदय जी, कई मंत्री जी बहुत अच्छा काम करते हैं। आदरणीय वीरेन्द्र कुमार जी मंत्री हैं, मैं उनकी सराहना करूंगा, जिन्होंने विक्लांगों के लिए में अच्छी तरह से काम किया है। इसलिए जो ऐसे अच्छे काम कर रहे हैं, हम उनकी जरूर सराहना करेंगे, लेकिन जो गरीबों को खत्म करने के लिए आगे आ रहे हैं, हम उनके लिए बिल्कुल कुछ आगे-पीछे नहीं देखेंगे।

आज सभी जगह डिजिटल इंडिया के बारे में कहा जा रहा है, लेकिन डिजिटल इंडिया करने के लिए हमारी कुछ ऐसी हरकतें है, यह मुझे नहीं लगता है। 15 सितम्बर, 2021 को केन्द्र सरकार ने देश के प्राइवेट टेलीकॉम कंपनी की आर्थिक सेहत को सुधारने के लिए राहत पैकेज दिया था। देश में बीएसएनएल टेलीकॉम कंपनी है। चाहे गरीब हों, श्रीमंत हों, या कर्मचारी हों, पूरे देशवासी बीएसएनएल पर निर्भर हैं, लेकिन आज बीएसएनएल की हालत क्या है?

(2040/VB/RP)

गांव-खेड़े में, पहाड़ी एरिया में बीएसएनएल का नेटवर्क पूरी तरह से बंद है।... (व्यवधान) वोडाफोन को फाइनेंशियल पैकेज दिया गया। एक ओर आप वोडाफोन को 15 परसेंट फाइनेंशियल पैकेज देते हैं और दूसरी तरफ बीएसएनएल एक सरकारी कम्पनी होने के बाद भी, वहाँ से 92 हजार लोगों के वीआरएस लेने के बाद भी वहाँ एक भी कर्मचारी की रिक्रूटमेंट नहीं हो रही है। आप कहते हैं कि सारे ट्रांजैक्शंस ऑनलाइन करो, बीएसएनएल के माध्यम से करो।

**माननीय सभापति (श्री भर्तृहरि महताब) :** इस बार बजट में आप देख लीजिए।

**श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग):** माननीय सभापति महोदय, यह बजट में है, लेकिन उसका उल्लेख माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में करने की आवश्यकता थी। मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ। कल बजट पेश किया गया, लेकिन इससे एक दिन पहले माननीय राष्ट्रपति जी का अभिभाषण हुआ। अगर उस भाषण में भी बीएसएनएल को सक्षम करने की बात हम सुनते, तो हमें खुशी होती। देशवासी जिस टेलीकॉम सिस्टम के ऊपर निर्भर हैं, उसे न्याय देने की आवश्यकता है।

**माननीय सभापति :** आपके बगल में आपके नेता श्री अरविन्द सावंत जी बैठे हैं, उनको मालूम है कि बजट में जो 45 हजार करोड़ रुपए मिले हैं, उसमें बीएसएनएल को कितना फायदा होगा।

**श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग):** माननीय सभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूँ कि पूरे देश में जिस तरह से प्रमोट किया जा रहा है, आप उसे प्रमोट करें, लेकिन अगर थोड़ा भी सपोर्ट बीएसएनएल को करते हैं, तो हम कह सकते हैं... (व्यवधान) अभी टू जी और थ्री जी की कनेक्टिविटी मिलना मुश्किल हो गया है। आप फाइव जी की बात तो छोड़ दीजिए, फोर जी भी नहीं है। पहाड़ी एरियाज वैसे के वैसे हैं। लेकिन एक ओर सारे गवर्नमेंट सेक्टर्स का निजीकरण किया जा रहा है, अगर उस तरह से बीएसएनएल को नहीं करना होगा, तो हम प्रधानमंत्री जी के मुँह से जानना चाहते हैं कि किसी भी हालत में बीएसएनल को बेचा नहीं जाएगा और जियो को रोका जाएगा तथा बीएसएनएल को प्रोजेक्ट करेंगे। इस बात को जब प्रधानमंत्री जी कहेंगे, तो हम मान सकेंगे कि इस देश के गरीबों की आवाज़ इस संसद में गूंज रही है।

सभापति महोदय, देशवासियों को मैं धन्यवाद देना चाहता हूँ, चाहे वे व्यापारी हों, छोटे किराना दुकान वाले हों या बड़े व्यापारी हों, उन्होंने कोरोना के बाद भी, इतनी परेशानी सहन करने के बाद भी, जैसा कि कल सभागृह में आदरणीय वित्त मंत्री जी ने कहा कि 1,40,986 करोड़ रुपए जीएसटी के रूप में सिर्फ जनवरी में एकट्ठा हो चुके हैं। यानी कितने ईमानदार लोगों का यह देश है। लेकिन हमारे राज्यों को क्या मिला? महाराष्ट्र का 30 हजार करोड़ रुपए जीएसटी आज तक नहीं

दिया गया है। मेट्रोपॉलिटन सिटी में जो कारपोरेशन हैं, उन्हें भी जीएसटी कानून के हिसाब से लगभग साढ़े तीन हजार करोड़ रुपए पिछले तीन वर्षों से नहीं दिए गए हैं। राज्यों का काम कैसे चलेगा, वहाँ पर विकास की गतिविधियाँ कैसे चलेंगी? जिस राज्य में आपके पार्टी की सरकार नहीं है, अगर आप उस राज्य के साथ अन्याय करने की सोचेंगे, तो यह सही बात नहीं होगी। इस देश में जितना रेवेन्यू इकट्ठा हो रहा है, उसमें लगभग 40 परसेंट रेवेन्यू केवल मुम्बई और महाराष्ट्र राज्य से मिल रहा है। दुर्भाग्य से, मुम्बई के जितने बडे-बड़े सेक्टर्स हैं, वे सारे के सारे गुजरात में हैं। आप उनको लेकर जाइए, आप जितना चाहें, उतना लेकर जाइए, लेकिन हमारे हक़ का जो है, वह तो हमें मिलना चाहिए।

**माननीय सभापति :** श्री विनायक राऊत जी, आप बहुत अच्छा बोलते हैं, लेकिन समय का अभाव है।

**श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग):** महोदय, केवल दो-तीन मिनट का समय और दे दीजिए।

मेरा यही कहना है कि मुम्बई जैसे मेट्रोपॉलिटन सिटी के लिए जो देना चाहिए, वह कर्तव्य के रूप में देना चाहिए, मांगने का समय ही नहीं आना चाहिए। आपने मुम्बई रेलवे के लिए क्या दिया, मेट्रो रेल के लिए क्या दिया, मुम्बई के झुग्गी-झोपड़ी वालों के डेवलपमेंट के लिए क्या दिया? एयरपोर्ट अथॉरिटी की जगह पर बसी हुई, रेलवे की जगह पर बसे हुए झुग्गी-झोपड़ी वालों के डेवलपमेंट के लिए क्या दिया? आप वहाँ से छीनने का काम कर रहे हैं, लेकिन जब देने का वक्त आता है, तो आप कंजूसी क्यों करते हैं, मुझे समझ में नहीं आता है। मैं यह आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से कहना चाहूंगा। हम किसके पास न्याय मांगने जाएं, यह हमारा हक़ है। हम आदरणीय प्रधानमंत्री जी से न्याय मांगेंगे। प्रधानमंत्री जी का कर्तव्य है कि देश के सारे राज्यों को वे न्याय दें।

(2045/PC/NKL)

'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' अगर सही तरीके से होगा, तो सही न्याय देने का काम केन्द्र सरकार के माध्यम से होगा। आखिर में मैं हमारे संत ज्ञानेश्वर जी के बारे में कहना चाहूंगा। संत ज्ञानेश्वर जी ने गरीबों के कल्याण के लिए ईश्वर से प्रार्थना की, खुद के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की, जो मराठी में इस प्रकार है –

"दुरीतांचे तिमीर जावो, विश्व स्वधर्मसूर्ये पाहो।
जो जे वांछील तो ते लाहो प्राणिजात॥"

इसका अर्थ है कि इस दुनिया में जो इंसान हैं, चाहे वे गरीब हों या अमीर हों, उन्हें जो-जो चाहिए, वह देने का आपका कर्तव्य है। इस हिसाब से आप न्याय करें। मैं इतना ही बोलकर आपका आभार व्यक्त करता हूं और अपना भाषण समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

(इति)

**माननीय सभापति (श्री भर्तृहरि महताब) :** विठ्ठल जी के मंदिर तक एक बड़ा रास्ता भी बन रहा है।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** मंत्री जी, आप बोलिए।

… (व्यवधान)

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री; कोयला मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दानवे रावसाहेब दादाराव) :** श्री विनायक भाऊराव राउत जी मेरे बड़े अच्छे दोस्त हैं। वे बहुत अच्छा भाषण देते हैं, जैसा कि आपने भी अभी तारीफ की। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** इस दोस्ती को बरकरार रखिए।

… (व्यवधान)

**श्री दानवे रावसाहेब दादाराव :** हम 25-30 साल साथ में ही थे। यहां राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा चल रही है और उन्होंने आधे घंटे महामहिम राज्यपाल जी के कामकाज पर टिप्पणी की है। … (व्यवधान) मुझे ऐसा लगता है कि इस लोक सभा में राज्यपाल जी के कामकाज पर टिप्पणी करना उचित नहीं है, इसलिए उसे कार्यवाही से निकाला जाए। … (व्यवधान)

SHRI ARVIND SAWANT (MUMBAI SOUTH): Sir, the question is this. हमें संविधान ने जो अधिकार दिए हैं, क्या उन अधिकारों का पालन महामहिम राज्यपाल जी करते हैं या नहीं? उन्होंने ये जो बातें कहीं … (व्यवधान) सर, मुझे आधे मिनट के लिए बोलने दीजिए। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** अरविंद जी, आप रुकिए।

… (व्यवधान)

SHRI ARVIND SAWANT (MUMBAI SOUTH): Sir, please let me complete. The Bill was passed by the Assembly.

**माननीय सभापति :** अरविंद जी, हम इसके ऊपर अभी चर्चा नहीं करेंगे। हम इन सारी चीज़ों को देख लेंगे।

… (व्यवधान)

**श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण) :** सर, मैं थोड़ी क्लैरिटी देता हूं। You please take it as a point of information. … (*Interruptions*)

**माननीय सभापति :** यदि पार्लियामेंट्री एटिकेट्स के खिलाफ कुछ होगा, तो उसे निकाल दिया जाएगा, क्योंकि हमें किसी कांस्टिट्यूशनल बॉडी के खिलाफ कोई कमेंट इस हाउस में नहीं करना चाहिए और यह पार्लियामेंट्री एटिकेट्स के खिलाफ है।

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** मैं अब डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे जी से निवेदन करूंगा कि वे अपना वक्तव्य रखें।

… (व्यवधान)

2047 बजे

**डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे (शिरूर) :** सभापति महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हो रही इस चर्चा में बोलने का अवसर दिया।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में आजादी के अमृत महोत्सव की बात की। कल तो इस सदन में एक बहुत ही प्यारे शब्द का इस्तेमाल हुआ – 'अमृतकाल'। इससे याद आया कि बचपन में हम एक खेल खेला करते थे, जिसे हम 'विषामृत' कहा करते थे। जिसे विष मिलता था, वह बच्चा बैठ जाता था और बाकी लोगों पर उसे अमृत देकर उठाने की जिम्मेदारी होती थी। ऐसा लगता है कि मानो इस अमृतकाल में देश की युवा पीढ़ी को विकास की राह छोड़कर सांप्रदायिकता, बेरोजगारी और हेट-स्पीचेज़ का विष देकर बैठाया गया है और उन्हें 'आइडिया ऑफ इंडिया' का अमृत देकर उठाने की जिम्मेदारी न सिर्फ सरकार की है, बल्कि हर राजनीतिक पार्टी, हर लोक प्रतिनिधि और हर देशवासी की भी है।

हमारे धर्मग्रंथ कहते हैं कि अमृत तब ही निकलता है, जब समुद्र मंथन होता है और अमृत निकलने से पहले आलोचना का हलाहल भी निकलता है। इसीलिए, इस अमृतकाल में प्रवेश करते हुए हम इस मंथन और हलाहल, इन दोनों को नजरअंदाज नहीं कर सकते। राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में जिन कोविड योद्धाओं की तारीफ की, जिनका गर्व से उल्लेख किया, उन सभी के प्रति मैं एक बार फिर कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। किशारों का टीकाकरण या प्रिकॉशनरी डोज़ जैसे कदम, जो सरकार ने उठाए हैं, उनके लिए सरकार का अभिनंदन भी करता हूं। इसी के साथ पब्लिक हैल्थ स्पेंडिंग में हमें ठोस कदम उठाने होंगे। कोविड महामारी ने हमारी आंखें खोलने के बाद अब आगे जाकर हमें आरोग्य को देशवासियों के मूलभूत अधिकार के रूप में देखना होगा, तब ही यह अमृतकाल देशवासियों के लिए अमृतमय साबित होगा।

इसके साथ ही राष्ट्रपति जी ने जिस कोरोना काल का उल्लेख किया, उस कोरोना काल के जो अप्रत्यक्ष परिणाम हैं, उनमें दो परिणामों पर हमें गंभीरता से विचार करना होगा। एक परिणाम इकोनॉमिक इफेक्ट और दूसरा एजुकेशनल इफेक्ट है। जो इकोनॉमिक इफेक्ट है, भले ही पेपर पर अर्थव्यवस्था उभरती हुई नजर आती हो, लेकिन वास्तविकता में आम देशवासी की क्या परिस्थिति है? लगभग 6.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे धकेले जा चुके हैं, 54 प्रतिशत लोगों की आय कम हो चुकी है और तकरीबन 60 लाख से अधिक छोटे उद्योगों पर ताला लग चुका है। इस तबके के बारे में हमें गंभीरतापूर्वक सोचना होगा, नहीं तो देश के मध्यम वर्ग को ऐसा लगेगा कि सिर्फ 142 लोगों की जो आय है, वह 23 लाख करोड़ रुपये से 56 लाख करोड़ रुपये होती है या गरीबों के लिए योजना आती है, लेकिन देश के मध्यमवर्गीय लोगों के बारे में सोचा नहीं जाता है। हमें इस पर गंभीरता से विचार करना होगा।

(2050/KDS/MMN)

इसी के साथ दूसरा अप्रत्यक्ष परिणाम एजुकेशनल इफेक्ट है। बच्चे, जो देश का भविष्य हैं, उन बच्चों की जिंदगी से कोरोना-काल के चलते मानो शिक्षा और विकास के दो साल जैसे गायब ही हो गए हैं या चले ही गए हैं। इस देश के भविष्य की जो क्षति हुई है, उसे भरने के लिए हमें ठोस कदम उठाने ही होंगे। बात हो रही है कि हर बात डिजिटल होगी, लेकिन देश में जो डिजिटल डिवाइड है, उसके चलते जो बच्चे इस शिक्षा से वंचित हो रहे हैं, उनके बारे में भी हमें सोचना होगा।

सभापति महोदय, अभिभाषण में स्किल इंडिया मिशन की भी बात हुई है, लेकिन किसी भी मिशन की सफलता तभी जानी जाती है, जब उसके अंतिम उद्देश्य की पूर्ति हो और इसका अंतिम उद्देश्य है रोजगार। इस सरकार ने देश के युवाओं से यह वायदा किया था कि उन्हें हर साल दो करोड़ रोजगार मिलेंगे, लेकिन अगर आंकड़े देखे जाएं तो आज भी देश में 5 करोड़ युवा बेरोजगार हैं, इसीलिए स्टार्ट अप या मेक इन इंडिया के साथ मनरेगा की स्ट्रेंग्थनिंग और अर्बन वर्जन ऑफ मनरेगा जैसे विकल्पों पर विचार होना ही चाहिए, क्योंकि हमारे देश के युवाओं में एक प्रचंड ऊर्जा है। अगर इस ऊर्जा को हम सही दिशा में संचालित करना चाहते हैं, तो सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह जॉब क्रिएशन करे और युवाओं को जॉब सिक्योरिटी भी दे।

सभापति महोदय, राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में एक और बात कही, जिस पर हम सभी को गर्व है। वह है विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की बात। इस लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है पत्रकारिता। वर्ष-2014 में सत्ता ग्रहण करने के बाद आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने यह कहा था- I quote it. "Democracy will not sustain if we cannot guarantee freedom of speech and expression." वास्तविकता यह है कि वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में अपना देश 180 देशों में 142वें पायदान पर खिसक गया है। वर्ष 2020 में 67 पत्रकारों की गिरफ्तारियां हुई हैं और 200 पत्रकारों पर हमले हुए हैं। जिन पत्रकारों की नौकरियां चली गई हैं, उनकी गिनती ही अलग है। अगर आज देश के मीडिया का सुर देखा जाए, तो देश के आम आदमी के जेहन में यह सवाल उठना लाजिमी है कि लोकतंत्र के इस चौथे स्तंभ को क्या निष्पक्ष रूप से अपनी पत्रकारिता करने की आजादी है या नहीं? राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में इन्फ्रास्ट्रक्चर की भी बात की। माननीय मंत्री महोदय सदन में हैं, इसलिए मैं यह अवसर लेना चाहता हूं कि जब इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात हो, तो रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर भी उतना ही जरूरी है। महाराष्ट्र में एमआरआईडीसी से एक बहुत ही महत्वाकांक्षी प्रकल्प पुणे-नासिक सेमी हाई स्पीड रेलवे है, जिसमें राज्य की भागीदारी केवल 20 परसेंट, केन्द्र की भागीदारी सिर्फ 20 परसेंट और 60 परसेंट थ्रू इक्विटी है। इसके बावजूद महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट ने इसके लिए मंजूरी दे दी है और उसने 100 करोड़ रुपये की पहली किश्त जमीन अधिग्रहण के लिए दे भी दी है, उसके बावजूद केन्द्र सरकार से इसे ग्रीन सिग्नल नहीं मिल रहा है।

सभापति महोदय, महाराष्ट्र के पुणे, नासिक और मुंबई को जोड़ने वाले प्रकल्प, जिसे हम गोल्डन ट्राई एंगल कहते हैं, एक बहुत ही महत्वाकांक्षी प्रकल्प है, अत: मेरा यह अनुरोध है कि जब हम इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात कर रहे हैं तो ऐसे महत्वाकांक्षी प्रकल्पों को नजरअंदाज नहीं किया जाए।

महोदय, अभिभाषण में एक और महत्वपूर्ण बात कही गई, जो सर्व समावेशी और सशक्त भारत के निर्माण से संबंधित है। जब हम आर्थिक सुरक्षा विषयक और शारीरिक सक्षमता तथा सशक्तता की बात करते हैं, तो यह सवाल भी उठता है कि क्या देश मानसिक सशक्तता की ओर बढ़ रहा है या नहीं? अगर हम अपने दिल पर हाथ रखकर इस सवाल का जवाब दें तो इसका जवाब आएगा-'नहीं', क्योंकि आए दिन देश के युवाओं और देशवासियों के दिलो-दिमाग में साम्प्रदायिकता का जहर घोला जा रहा है। मुझे मेरे धर्म पर अभिमान है और हर किसी को होना लाजिमी है, लेकिन जब धार्मिक अभिमान का रूपान्तरण धार्मिक उन्माद में होता है, तो वह धार्मिक उन्माद मानवता और देश की अखंडता के लिए निश्चित ही हानिकारक होता है। जब आईआईएम जैसे इंस्टीट्यूट के प्राध्यापक और विद्यार्थी आदणीय प्रधान मंत्री जी को चिट्ठी लिखकर देश की सामाजिक स्थिति पर चिंता जताते हैं, तो वह महज एक इत्तेफाक नहीं है। जब विदिशा में धार्मिक कारणों से एक स्कूल पर हमला होता है, तो यह सोचने पर हम मजबूर हो जाते हैं कि देश किस मानसिकता से गुजर रहा है।

(2055/CS/VR)

महोदय, आज देश के युवाओं के हाथ में पत्थर है, लेकिन इन युवाओं को बताने की जरूरत है कि इस पत्थर का उपयोग रचनात्मक निर्माण के लिए किया जाना चाहिए, न कि किसी पर फेंकने के लिए, क्योंकि किसी पर अगर पत्थर फेंका जाए तो न सिर्फ शरीर लहूलुहान होता है, बल्कि देश की अखण्डता भी लहूलुहान होती है। दुर्भाग्य की बात है कि आज देश के युवा से पूछा जाता है कि मंदिर जाओगे या मस्जिद, कल पूछा जाएगा मंदिर या चर्च, परसों पूछेंगे मंदिर या गुरूद्वारा, लेकिन एक दिन देश का युवा जवाब देगा अजी मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा, चर्च सब छोड़िए, पहले रोटी की बात कीजिए, पहले रोजगार की बात कीजिए, पहले देश के विकास की बात कीजिए।

महोदय, मैंने किस जाति में, किस पंथ में, किस प्रांत में, किस धर्म में जन्म लिया, इसका न्यूनगंड या अहम भाव पालने से अच्छा होगा कि मैं मेरे कर्तव्य से मेरे व्यक्तित्व को इतनी ऊँचाइयों पर ले जाऊँ कि मुझ पर मेरी जाति को, मुझ पर मेरे पंथ को, प्रांत को, धर्म को और अंतिमत: मेरे राष्ट्र को भी गर्व महसूस हो और जब ऐसा होगा तभी अमृतकाल का अमृत हर देशवासी के जीवन तक पहुँचेगा।

महोदय, अंत में मैं इतना ही कहूँगा कि इस अमृतकाल में देश उस दौर से गुजर रहा है, जब मीडिया सरकार से ज्यादा विपक्ष से सवाल पूछता है और देशभक्ति का सर्टिफिकेट सोशल मीडिया पर अंधभक्तों द्वारा दिया जाता है। फिर भी दिल में उम्मीद है, फिर भी दिल में उम्मीद है वैसा दिन आएगा, फिर भी दिल में उम्मीद है वो दिन भी आएगा जब देश का युवा जाग जाएगा और साम्प्रदायिकता का यह ग्रहण छूटकर सर्व समावेशकता का सूरज निकलेगा तभी आइडिया ऑफ इंडिया का उजाला देश भर में फैलेगा, आइडिया ऑफ इंडिया का उजाला देश भर में फैलेगा। धन्यवाद।

(इति)

**माननीय सभापति (श्री भर्तृहरि महताब):** जिसका मोल नहीं है, वह अमोल है।

श्री रितेश पाण्डेय।

2057 बजे

**श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर):** आदरणीय अधिष्ठाता महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद। आपने मुझे बहन कुमारी मायावती जी और बहुजन समाज पार्टी के पक्ष को यहाँ पर रखने और राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर उन्हें धन्यवाद देने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपका आभारी हूँ।

साल के पहले महीने के आखिरी दिन पर सरकार की पिछले साल की उपलब्धियों को गिनाते समय महामहिम ने एक बहुत ही जोरदार भाषण दिया, लेकिन जो सरकार श्रेय लेने में सबसे आगे है, उसे अपनी गलतियों का भी बीड़ा उठाना पड़ेगा। इस साल देश ने अनन्त पीड़ा झेलने का काम किया है। जहाँ लोगों ने महामारी में अपने माँ-बाप, बहन-भाई और बच्चों तक को खोने का काम किया है, वहीं सरकार अपनी पीठ थपथपा कर असलियत से दूर नहीं भाग सकती। आज देश की जनता सरकार से पश्चाताप चाहती है। हम विनम्रता चाहते हैं। हमें आत्मनिरीक्षण की जरूरत है। इन भावनाओं के बिना दोषी सरकार न तो अपनी गलतियों से कुछ सीख सकती है और न ही उसे सुधारने का काम कर सकती है। मैं यह पूछना चाहता हूँ कि आखिर सरकार को किस चीज का घमण्ड है? जब आप बंगाल में विशाल रैलियाँ बिना मास्क लगाए और सब चंगा-चंगा कर रहे थे, सैकड़ों लोगों ने अस्पतालों में ऑक्सीजन के अभाव में अपनी जान गंवाने का काम किया।

आदरणीय अधिष्ठाता महोदय, उत्तर प्रदेश में हमारी मां गंगा भी शववाहिनी बन गई थी। मैं आपके माध्यम से यहाँ यह जरूर कहना चाहता हूं कि जब सरकार से यह पूछा गया कि हमारे देश में ऑक्सीजन का अभाव क्यों हुआ, तो इनकी सरकार के लोगों ने यह बोलने का काम किया कि हमारे देश में एक भी व्यक्ति की जान ऑक्सीजन के अभाव में नहीं गई। यह हमारे देश के करोड़ों लोगों के संघर्ष को इतिहास के पन्नों से खारिज करने का काम करता है और यह अत्यन्त ही निन्दनीय है।

पिछले वर्ष हमारे किसानों ने ऐतिहासिक संघर्ष करके सिंघू बार्डर पर एक बहुत ही बड़ा आंदोलन किया, जिसमें 700 से अधिक किसानों ने अपनी जानें गंवाने का काम किया। यह सरकार जो हमेशा किसी विरोध-प्रदर्शन या किसी विरोध की आवाज को या तो मुकद्मों से और या फिर लाठियों से कुचलने का काम करती है।

(2100/KN/SAN)

उसको आखिरकार इन किसानों के सामने अपने तीन … *(Not recorded)* कानूनों को वापस लेना पड़ा और इस सरकार ने वापस लेते समय एक बूंद भी पश्चाताप जताने का काम नहीं किया। लेकिन उसके पश्चात् वह इसका श्रेय लेने में लगते चले गए। हम यह देखते हैं कि… (व्यवधान)

**माननीय सभापति (श्री भर्तृहरि महताब):** अगर सभा की अनुमति हो तो सभा की कार्यवाही एक घंटे के लिए, यानी 10 बजे तक बढ़ा दी जाए?

**अनेक माननीय सदस्य :** जी हाँ।

**माननीय सभापति :** ठीक है, धन्यवाद। सभा की कार्यवाही 10 बजे तक बढ़ाई जाती है।

**श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर):** अधिष्ठाता महोदय, केन्द्रीय मंत्री के बेटे ने किसानों को अपनी गाड़ी से रौंदने का काम किया और जब उसे दोषी पाया गया तो हमने क्या देखा कि सरकार अपराधियों के पक्ष में खड़ी होकर उनको बचाने का काम कर रही थी।

2101 बजे (श्री कोडिकुन्निल सुरेश पीठासीन हुए)

मैं आपसे यह पूछना चाहता हूं कि आप अपने भाषण में यह कहा करते थे कि किसानों की आय को दोगुना किया जाएगा। लेकिन आज स्थिति क्या है? किसानों की आय दोगुनी तो दूर किसानी की लागत में दोगुना बढ़ोतरी देखने को मिली है। सिंचाई, उर्वरकों की कीमतों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी से हमारे किसानों का मेरुदंड पूरी तरह से टूट चुका है। ग्रामीण भारत में जो लाचारी आपके कार्यकाल में फैली हुई है, न तो उसकी आपको परवाह है और न ही उसे सुधारने के लिए आप कुछ काम कर रहे हैं। वर्ष प्रतिवर्ष गैस सिलैंडर के दाम एक हजार पार हो गए, खाने का तेल 200 रुपये लीटर पार हो गया और दाल के भाव में अप्रत्याशित रूप से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है तथा वहीं भारी मात्रा में ग्रामीण और पूरे देश में भारी बेरोजगारी देखने को मिल रही है। आप ग्रामीण भारत की जीवन रेखा, जिसे हम मनरेगा के नाम से जानते हैं, उसको भी अप्रभावी करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वर्ष प्रतिवर्ष मनरेगा में आवंटन को कम किया जा रहा है और वहीं राज्यों के कोष भी पूरी तरह से कमी का सामना करने का काम करते हैं। हम अपने मनरेगा के श्रमिकों के वेतन को समय पर दे नहीं पाते हैं, जिससे मनरेगा की डिमांड में फर्जी कटौती देखने का काम होता है।

माननीय अधिष्ठाता महोदय, सरकार यह कहती है कि इनकी सरकार ने पूरा प्रयास किया है कि कोरोना काल में कोई भी भूखा न रह जाए। लेकिन आपके कार्यकाल में ग्लोबल हंगर इंडेक्स यानी कि वैश्विक भूख सूचकांक में भारत जो वर्ष 2020 में 116 देशों में 94वें रैंक पर था, आज वर्ष 2021 में वह गिरकर 104 रैंक पर पहुंच गया है। चावल और गेहूं देकर आप यह नहीं कह सकते कि हमने भूखमरी खत्म कर दी। चावल और गेहूं देकर आप वोट मांगने के एक स्टंट में जरूर बदल सकते हैं, लेकिन आपको यह जानना जरूरी है कि हमारे देश में एक सशक्त देश बनाने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ और पोषित नागरिक भी होना अत्यंत ही जरूरी है। देश की उन्नति में संपूर्ण योगदान देने के लिए हमारे बच्चों को पोषित होना जरूरी है। मात्र चावल और आटा देकर आप इस हकीकत से यह नहीं कह सकते कि हमने पोषण देने का काम किया है।

21वीं सदी में सबको समान अवसर प्रदान करने के लिए हमारी महिलाओं और बच्चों को भी समान रूप से पौष्टिक आहार उपलब्ध होना अत्यंत ही जरूरी है। लेकिन आपके कार्यकाल में बच्चों और महिलाओं के पोषण और स्वास्थ्य में दशकों की पाई हुई उन्नति को मिट्टी में मिलाने का काम किया गया है।

मैं नौजवानों पर भी कुछ चर्चा करना चाहूंगा। अगर आप इस सरकार की नाकामियों की बात करेंगे तो सबसे बड़ा धोखा देश के करोड़ों नौजवानों के साथ हुआ है। कितनी अपेक्षाओं और आकांक्षाओं के साथ देश के नौजवानों ने आपको वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में वोट देने का काम किया था। जब आपने प्रलोभन दिया कि प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरियां दी जाएँगी तो हमारे नौजवानों ने विश्वास किया। जब आपने प्रलोभन दिया कि शिक्षा व्यवस्थाओं में और सुधार किया जाएगा तो हमारे नौजवानों ने विश्वास किया। जब आपने प्रलोभन दिया कि हमारे देश को भ्रष्टाचार से मुक्त किया जाएगा तो हमारे नौजवानों ने विश्वास किया।

(2105/GG/SNT)

लेकिन आपकी बातों को मान कर, आपको वोट दे कर के इस देश के नौजवानों को आखिर क्या मिला? आज बेरोज़गारी अपनी चरम सीमा पर पहुंच रखी है। आज देश में एक ऐसी स्थिति पैदा हो गई है, जहां करोड़ों लोग या तो बेरोज़गार हैं या अपनी योग्यता से कम की नौकरी करने के लिए मजबूर हैं। कुछ ऐसे हैं, जिनको इतनी ज्यादा असमानताओं का सामना करना पड़ा कि अब उन्होंने नौकरी ढूंढना ही छोड़ दिया है। दो करोड़ नौकरी प्रति वर्ष के हिसाब से तो अब तक आपको 14 करोड़ नौकरियां दे देनी चाहिए थीं, लेकिन अभी तक इन नौकरियों का कोई भी ब्यौरा हमारे पास नहीं पहुंचा है। मुझे पूरा विश्वास है कि आगामी उत्तर प्रदेश के चुनाव में इनसे इन 14 करोड़ नौकरियों का हिसाब लेने का काम ज़रूर होगा। आप इस वैश्विक महामारी से उत्पन्न मंदी का सहारा ले कर के अपनी जिम्मेदारियों से छुटकारा नहीं पा सकते हैं। अपने संपूर्ण कार्यकाल में आपने नौजवानों को सरकारी नौकरियों से वंचित करने का काम किया है। जहां एक तरफ सरकारी पीएसयू का निजीकरण किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ सरकारी नौकरियों को संविदा पर दे कर के नौजवानों को आरक्षण और सम्मानजनक नौकरियों से वंचित करने का काम किया जा रहा है।

माननीय अधिष्ठाता महोदय, जो सरकारी नौकरियां आती भी हैं, वे किसी न किसी प्रकार के घोटालों में लिप्त रहती हैं। जैसा कि हमने हाल में ही उत्तर प्रदेश और बिहार में राष्ट्रीय रेलवे बोर्ड की भर्तियों में देखने का काम किया है। कुछ सालों से उत्तर प्रदेश के 69,000 सहायक शिक्षकों की भर्तियों में भी हम इस स्थिति को देखने का काम कर रहे हैं। आप एक तरफ बात करते हैं कि सरकारी स्कूलों में अप्रत्याशित रूप से छात्राओं ने दाखिला लिया है, लेकिन शायद ग्रामीण भारत की असलियत से आप अभी तक परिचित नहीं हैं। मैं यह बताना चाहता हूँ कि जहां माँ-बाप अपने लड़कों को मंहगे प्राइवेट स्कूलों में दाखिला दिलाने का काम करते हैं, वहीं लड़कियों को बेकार और घटिया सरकारी स्कूलों में दाखिला दिलाने का काम किया जाता है।

ग्रामीण भारत में बढ़ती गरीबी और लाचारी ने इस प्रवृत्ति को और बढ़ावा देने का काम किया है। आप देश-विदेश में डिजिटल इंडिया का बखान करते हैं। लेकिन वैश्विक महामारी के समय सिर्फ 20 प्रतिशत बच्चों के पास ऑनलाइन शिक्षा में सार्थक रूप से भाग लेने की क्षमता थी। भारत में आज भी लगभग 40 पर्सेंट घरों में कम से कम एक बच्चे ने अपनी शिक्षा को छोड़ दिया है।

माननीय अधिष्ठाता महोदय, इसके परिणामस्वरूप आज एक बार फिर बच्चों को बाल मज़दूरी और बाल विवाह में धकेल देने का कार्य किया जा रहा है। आपने इन दो सालों में रेस्टोरेंट और सिनेमाघरों को खुले रखने का तो काम किया, उसके साथ-साथ चुनावी रैलियों को भी बड़े पैमाने पर करने का काम किया। लेकिन बार-बार स्कूल बंद कर के करोड़ों बच्चों के भविष्य को आपने अंधकार में डालने का काम किया। आज भारत सरकार ने युवाओं की एक पूरी पीढ़ी के विकास को संकट में डाल दिया है। कहीं पर भी इन बाधाओं से उभरने के लिए कोई भी नीति या प्रधान मंत्री योजना सामने नहीं आ रही है।

माननीय अधिष्ठाता महोदय, मैं आपको यह याद दिलाना चाहता हूँ कि इनके कार्यकाल में ऐसी स्थिति पैदा हो गई है, जहां सिर्फ अमीर खुश है और यह स्टॉक मार्केट की प्रतिबद्धताओं में साफ दिखने का काम होता है। लेकिन बहुजन समाज के गरीब, युवा, पिछड़े और अल्पसंख्यक बेबसी, लाचारी और बेरोज़गारी में पूरी तरह से घिरे हुए हैं।

माननीय अधिष्ठाता महोदय, आखिरी विषय पर मैं यह कहना चाहूंगा कि माननीय महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में बाबा साहब को याद करते हुए यह कहा था कि वे बाबा साहब के आदर्शों को सरकार का ध्येय वाक्य मानने का काम करते हैं। लेकिन वास्तविकता में बाबा साहब अंबेडकर के आदर्शों का पालन करने में यह सरकार कोसों दूर है। जो सरकार संविधान को, देश के संघीय ढांचे को और देश में दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों के हकों को नकार सकती है, वह सरकार किस मुंह से बाबा साहब अंबेडकर का नाम ले सकती है। जब एक दलित को अपनी बारात में घोड़ी चढ़ने से इसलिए रोका जाता है, क्योंकि वह एक अछूत जाति से आने का काम करता है, तब आपकी सामाजिक सद्भावना कहां गई थी?

(2110/RV/SRG)

जब आपके समर्थक 'धर्म संसद' में खुले आम देश के अल्पसंख्यकों के नरसंहार की बात करते हैं।

HON. CHAIRPERSON (SHRI KODIKUNNIL SURESH): Ritesh Ji, please conclude. Your Party has one more Members to speak.

SHRI RITESH PANDEY (AMBEDKAR NAGAR): Please give me some more time. The time allocated for this discussion is 12 hours.

जब आपके समर्थकों ने 'धर्म संसद' में खुले आम देश में अल्पसंख्यकों के नरसंहार की बात की, तब कहां थी आपकी सामाजिक सद्भावना? जब आपकी पार्टी की राज्य सरकारों ने 'लव जेहाद' का कानून लाकर कुछ समुदायों के लोगों का उत्पीड़न किया, तब कहां थी आपकी सामाजिक सद्भावना?

जब आपके समर्थकों ने राम के नाम पर दलितों को और मुस्लिम्स को लिंचिंग करने का काम किया, तब मॉब लिंचिंग का एकमात्र कानून लाने में आप असमर्थ रहे, तब कहां थी आपकी सामाजिक सद्भावना? आपके नेता आज देश में 'अस्सी-बीस' की बात करने का काम करते हैं, नफरत और विभाजन की गंदी राजनीति करते हैं। मैं उनसे हाथ जोड़ कर यह निवेदन करता हूं कि बाबा साहब का नाम लेकर उनके महान विचारों को अपवित्र न करें।

माननीय अधिष्ठाता महोदय, अन्त में, मैं, आपके माध्यम से सरकार को, जो उत्तर प्रदेश के चुनावों में जा रही है, उसके बारे में यह जरूर बोलना चाहूंगा कि इन्हें आज पूरी तरह से घबराहट हो रही है कि ये इस चुनाव को हारने का काम करेंगे और उसके लिए मैं यहां पर एक शेर जरूर पढ़ना चाहूँगा -

नशा-ए-नाज़ ने बेहाल किया है तुमको,
अपने ही ज़ोर में मदहोश हुए जाते हो,
हम कोई आग नहीं, धूप नहीं, आँच नहीं,
फिर क्यों पसीने में सराबोर हुए जाते हो।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** आदरणीय सभापति जी, मैं एक अनाउसमेंट के लिए खड़ा हुआ हूं कि माननीय सांसदों के लिए और स्टाफ के लिए डिनर की व्यवस्था है। कमरा नं. 70 में माननीय सांसदों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है और कमरा नं. 73 में स्टाफ के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है।

2112 बजे

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** आदरणीय अधिष्ठाता महोदय, मैं आपका अत्यंत आभारी हूं कि आपने महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर आदरणीय हरीश द्विवेदी जी के धन्यवाद प्रस्ताव पर और श्री कमलेश पासवान जी के समर्थन के प्रस्ताव पर बोलने का मुझे अवसर दिया है। अभी मैं बहुत देर से महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर इस सम्मानित सदन के सभी विद्वान नेताओं को सुन रहा था। राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की नीतियों का, कार्यक्रमों का, उनकी योजनाओं का, उपलब्धियों का दस्तावेज होता है। किसी भी सरकार के कार्यक्रमों का पैमाना क्या होता है? हमने उस सरकार के कार्यक्रमों से देश की जनता को, चाहे वे सोशल सिक्योरिटी की हों, चाहे उनकी बुनियादी आवश्यकताएं, जैसे आवास हों, बिजली का कनेक्शन हों, चाहे शौचालय हों या उनकी जो भी बुनियादी आवश्यकताएं हैं, उन्हें पूरा करने का काम सरकार किया करती है। महामहिम राष्ट्रपति के इस अभिभाषण में जिस तरह से महामहिम राष्ट्रपति ने उल्लेख किया है कि भारत की एक अर्थव्यवस्था है, उसमें यह है कि 'India is the fastest growing economy in the world'. यह बात केवल महामहिम राष्ट्रपति जी ने नहीं कही है, बल्कि यह हमारी सरकार की नीतियां हैं। आप कोविड की वैश्विक चुनौती के समय को याद कीजिए, जब पहली बार आज से दो साल पहले वर्ष 2019 में कोविड आया तो उस समय हम उस वैश्विक चुनौती से बेखबर थे। जब कोविड की लहर आई और जब डॉक्टर्स को और कोरोना वारियर्स को पी.पी.ई. किट्स की जरूरत पड़ी, तो उस समय हम पी.पी.ई. किट्स को भी चाइना से मंगाने का काम करते थे। उस समय हमारे पास न तो उतने वेंटिलेटर्स थे, न ही एन-95 मास्क्स थे। आप याद कीजिए कि कोविड की उस चुनौती में जब पूरे देश के सामने यह महसूस हुआ तो उस समय भारत के प्रधान मंत्री मोदी जी ने पूरे देश की जनता से आह्वान किया कि अब एक वक्त आ गया है, जब भारत को 'आत्मनिर्भर भारत' बनाना होगा और वह ऐसा भारत बनेगा जब हम अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किसी देश पर निर्भर नहीं होंगे, बल्कि भारत अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति स्वयं करेगा और दूसरे देशों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने का काम करेगा।

(2115/MY/AK)

आपने देखा कि हमारे इंडियन मेडिकल रिसर्च काउन्सिल ने कहा कि चीन से पी.पी.ई. किट का जो असाइनमेंट आया था, वह अप टू दी मार्क नहीं था और उसको रिजेक्ट कर दिया। आज परिस्थितियाँ कितनी बदली हैं। आज इस देश की परिस्थिति इस प्रकार बदली है कि जब कोविड की दूसरी लहर आई और आज तीसरी लहर आई, तो इस तीसरी लहर में जहाँ अमेरिका जैसे विकसित देश में ओमिक्रॉन से मौतें हो रही हैं, वहीं आज हमारे देश में कोविड की तीसरी लहर में एक परसेंट लोग भी अस्पताल में दाखिल नहीं हुए। इसका कारण है कि हमारे वैज्ञानिकों ने हमारी सरकार के प्रयास से दो-दो वैक्सीन्स दी। आज 93 परसेंट लोगों ने उस वैक्सीन का फर्स्ट डोज लेने का काम किया और 70 परसेंट लोगों ने दूसरी डोज ली। इसके कारण ही आज लोग सुरक्षित हैं।

जहाँ हम दूसरे देशों से पी.पी.ई. किट मँगा रहे थे, आज हमने इन परिस्थितियों में 180 देशों को वैक्सीन्स देने का काम किया है। हमारे आदरणीय मोदी जी की सरकार ने केवल अपने देश के लोगों को सुरक्षित करने का काम नहीं किया, बल्कि विश्व के तमाम देशों के लोगों को कोविड से बचाने का काम किया है। यह हमारी सरकार की नीतियाँ हैं। यह काम आत्मनिर्भर भारत की तरफ है।

आज आप देखें कि इस सदन में जब वित मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने इकोनॉमिक सर्वे प्रस्तुत किया, चाहे आर्थिक सर्वेक्षण हो या बजट आया हो, आप सोचिए कि चीन और अमेरिका की जो जीडीपी या विकास दर थी, उसमें वे नंबर एक पर थे। इस कोविड के समय हमारी सरकार ने देश के 130 करोड़ लोगों की जिंदगी बचाने का काम किया है। उसके साथ-साथ हमारी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को भी बचाने के लिए जिस तरह से आत्मनिर्भर बनने का प्रयास किया, यह उसी का नतीजा रहा है। यह केवल एन.एस.ओ. नहीं कह रहा, बल्कि यह आई.एम.एफ. कह रहा है। यह उसका ही प्रोजेक्शन है। यह वर्ल्ड बैंक का प्रोजेक्शन है। आज भारत की अर्थव्यवस्था की ग्रोथ रेट 9.6 परसेंट है। अभी चीन का ग्रोथ रेट 8.1 परसेंट है और अमेरिका की 5.3 परसेंट है। आज इस सदन और देश को इस बात के लिए गर्व की अनुभूति करनी चाहिए कि इस कोरोना की वैश्विक चुनौती में भी भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में उभरी है।

आज हमने कैपिटल एक्सपेंडिचर में 13.5 परसेंट खर्च किया है। इससे चाहे हाइवेज़ हों, रेलवेज़ हों, इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स हों, हमने कनेक्टिविटी को बढ़ाने का काम किया है। इसी तरह से सोशल सेक्टर में हमने 8.6 परसेंट खर्च किया, जो कि वर्ष 2014 में 6.2 परसेंट था। इसी तरीके से लगातार हमने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया।

महोदय, अभी हमारे साथी लोग नहीं हैं। मैं आज उनके नेता का भाषण पूरी गंभीरता से सुन रहा था। उन्होंने कहा कि दो भारत हैं। आखिर अगर दो भारत हैं तो उस दो भारत का गुनहगार कौन है? वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी जी को जो भारत मिला था, जिसको आपने उनके हाथों में दिया, वर्ष 1947 में देश आजाद होने के बाद भी 18 हजार गाँवों में बिजली नहीं थी। उस समय दिल्ली में बिजली थी और देश के 18 हजार गाँवों में बिजली नहीं थी तो वह दो भारत था। मोदी जी ने इसी सदन में संकल्प किया कि हम अगले तीन सालों में भारत के सभी गाँवों का विद्युतीकरण करेंगे, चाहे वह नॉर्थ-ईस्ट का गाँव हो या उत्तराखंड का गाँव हो। उन्होंने तीन साल से पहले ही देश के 18 हजार गाँवों में विद्युत पहुँचाने का काम किया। आखिर यह कौन-सा काम है और आप उस भारत के बारे में इस प्रकार से कहते हैं। 18,452 गाँवों के विद्युतीकरण के बाद, आपने देखा होगा और हमने पहले संकल्प लिया कि देश के सभी गाँवों का विद्युतीकरण करेंगे। वर्ष 2014 में जब हमारी सरकार आई तो साढ़े चार करोड़ घरों में बिजली नहीं थी। आप कल्पना कर सकते हैं। आज आप कह रहे हैं कि दो भारत हैं। आज उस दो भारत की जो आर्थिक विषमताएं हैं, भारत के एक गाँव में जिन लोगों के घरों में बिजली नहीं थी, जिनके घरों में शौचालय नहीं था, जिनके घरों में सिर पर पक्की छत नहीं थी, जिनके पास आवास नहीं था, अगर आज उस भारत को देश के दूसरे भाग के साथ बराबरी में लाने का काम किया है तो भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने लाने काम किया है।

आज आप देखेंगे कि साढ़े चार करोड़ घरों में बिजली ले जाने का काम हमने सौभाग्य योजना में तय किया। हमने कहा कि चाहे कोई छोटा हो, गरीब हो, अमीर हो, हम सौभाग्य योजना के तहत बिजली का कनेक्शन सभी को मुफ्त में देने में काम करेंगे।

(2120/CP/SPR)

आज यह कहा गया कि हम संघीय ढांचे में विश्वास नहीं करते हैं। अगर संघीय ढांचे की बात न होती, तो साढ़े चार करोड़ घरों में बिजली देने का काम न होता, चाहे कहीं कांग्रेस की सरकार हो, चाहे कहीं बीजू जनता दल की सरकार हो, चाहे कहीं डीएमके की सरकार हो।

जब कोविड की वैक्सीन बनी, तो लोग उसे कह रहे थे कि यह मोदी जी की वैक्सीन है। प्रधान मंत्री जी ने लगातार मुख्यमंत्रियों के साथ संवाद स्थापित किया, क्योंकि वे इस चुनौती को समझ रहे थे कि अगर लोगों का वैक्सिनेशन नहीं हुआ, विश्व का सबसे बड़ा अभियान चलाकर 135 करोड़ पॉपुलेशन का अगर वैक्सिनेशन नहीं किया गया तो शायद दूसरी और तीसरी लहर में भारत के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती खड़ी हो जाएगी। राज्य कह रहे थे कि हम खुद वैक्सीन का प्रबंध करेंगे, हम खुद मंगाएंगे। जब दुनिया के बाजारों में नहीं मिला, उन्होंने कहा कि हमारे पास पैसा नहीं है, आज मैं कह रहा हूं कि शायद संघीय ढांचे का इससे बड़ा उदाहरण नहीं हो सकता कि आज दुनिया में कोविड के वैक्सीन का सबसे बड़ा अभियान हमारे देश में चल रहा है। देश के लोगों को दोनों डोज मिलाकर लगभग 150 करोड़ डोज लग चुकी हैं। उन्हें मुफ्त वैक्सीन देने का काम भारत सरकार ने किया, हमारी सरकार ने किया। आज आप दो भारत की बात कर रहे हैं, उस समय दो करोड़ लोग ऐसे थे, जिनके पास आवास नहीं था। किस तरह से वे पन्नियाँ डालकर, किस तरह से खपरैल में, किस तरह से कच्चे घरों में रह रहे थे। उनके लिए दो करोड़ प्रधान मंत्री आवास, घर बनाने का काम किया है। इसमें एक करोड़ 70 लाख आवास और सैंक्शन हो चुके हैं। महिलाओं की बार-बार इस सदन में बात होती रही है। वे महिलाएं, बहनें, जिनको शायद बरसात में अगर लकड़ियाँ गीली रहती थीं तो चूल्हा जलाने में उन बहनों को कितना कष्ट होता था, आँखों से आँसू, अस्थमा, एक वक्त का खाना बनाने में उन्हें कितना धुआँ इनहेल करना पड़ता था, जिसके कारण वे अस्थमा की मरीज हो रही थीं। ऐसी 8 करोड़ महिलाओं को, इस देश के लोगों को मुफ्त कनेक्शन देने का काम किया गया, जबकि 2014 तक पूरे देश की आबादी में 1.47 करोड़ ही गैस के कनेक्शंस थे। वर्ष 2014 में जब सरकार बनी थी, उस समय गेहूँ इम्पोर्ट किया जाता था, 20 लाख टन यूएसए से मँगाया जाता था। आज जो परिस्थितियां हैं, कोविड की वैश्विक चुनौती आई, लोगों को लॉकडाउन में रहना पड़ा, लोगों को घरों में रहना पड़ा, तो देश के 80 करोड़ लोगों को 5 किलो प्रति यूनिट के साथ मुफ्त खाद्यान्न देने का काम पिछले 19 महीने से लगातार मोदी जी की सरकार, हमारी सरकार कर रही है और यह मार्च तक चलेगा।

हमने जिंदगी की हिफाजत के साथ लोगों को खाद्यान्न देने का काम किया है। सदन में इस बारे में तमाम बातें होती हैं कि हमारी बहनों को शाम तक सूरज ढलने का इंतजार करना पड़ता था। साढ़े 6 करोड़ टॉयलेट्स बनाने का काम हमने किया। वर्ष 2014 से 2021 तक 10 करोड़ टॉयलेट्स बनाये। आजादी के बाद से वर्ष 2014 तक पूरे देश में केवल साढ़े 6 करोड़ शौचालय थे और 2014 से 2021 तक हमने 10 करोड़ शौचालय बनवाये। आज जिस भारत की बात कर रहे हैं, मैं कहना चाहता हूं कि कभी भारत इम्पोर्ट करता था और आज हम एक्सपोर्ट कर रहे हैं।

मनरेगा की बात आई, रोजगार की बात आई। आखिर मनरेगा में दस सालों में, अभी हमारे बीएसपी के साथी ने भी कहा, अन्य सदस्यों ने भी कहा कि मनरेगा में क्या हो रहा है, बजट कम हो रहा है। 10 साल में टोटल 1.96 लाख करोड़ रुपये मनरेगा में खर्च हुए हैं और पिछले 7 सालों में हमने 4 लाख 70 हजार करोड़ रुपये खर्च किए हैं, तो इससे स्वाभाविक ही हमने रोजगार बढ़ाया है। इसी सदन में 37 हजार करोड़ का बजट हमने मनरेगा में दिया था, लेकिन जब कोविड आ गया, लॉकडाउन हो गया, तो उस समय फिर प्रधान मंत्री ने 50 हजार करोड़ रुपये मनरेगा में और डालने का काम किया, जिससे जो प्रवासी मजदूर आएंगे, उससे प्रवासी मजदूरों को वहां पर काम मिले और उन लोगों को काम दिया।

यह कहा गया कि आज भारत के प्रधान मंत्री एक तरह से आइसोलेशन में आ गए हैं। हमारे देश के लोगों की स्थिति यह हो गई है कि हमारे साथ कोई नहीं है।

(2125/NK/UB)

आज मैं कहना चाहता हूं, शायद यह भारत के पहले प्रधानमंत्री होंगे, जिनको दुनिया के तमाम देशों ने, जिस तरह से अपने देश में भारत रत्न होता है, उसी तरह से उस देश का सबसे बड़ा अवार्ड होगा, उस अवार्ड को देने का काम किया। सऊदी अरब का 'आर्डर ऑफ अब्दुल अजीज़ अल सउद' देने का काम किया, 'स्टेट आर्डर ऑफ गाजी अमीर अमानुल्लाह खान' अफगानिस्तान का अवार्ड है, 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फिलिस्तीन प्लेस्टीन अवार्ड हो, आर्डर ऑफ जायद अवार्ड मिला, आर्डर ऑफ सेंट एन्ड्रयू अवार्ड रूस से मिला, भारत के प्रधानमंत्री को कितने अवार्ड्स मिले हैं। मैं कहना चाहता हूं कि आज आपको ग्लासगो का सम्मेलन याद होगा, लोगों ने कहा कि चीन और पाकिस्तान एक हो गया, आज चीन और पाकिस्तान की बात कर रहे हैं। पाकिस्तान और चीन को दुनिया से अलग-थलग कर देने का काम अगर किसी ने किया है तो भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।

अभी सितम्बर में क्वाड का सम्मेलन हुआ, उस क्वाड सम्मेलन में यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया और इंडिया है। चीन के लोगों ने कहा कि क्वाड चीन की सिक्युरिटी के लिए सबसे बड़ा खतरा है। आज यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया, इंडिया, रूस या मीडिल ईस्ट या ब्राजील हो, आज दुनिया की सारे कंट्रीज भारत के साथ खड़ी हैं। अगर यह बात जगदम्बिका पाल कहें या हमारी पार्टी के नेता प्रधानमंत्री के लिए कहें तो लगेगा कि हम अपने नेता की तारीफ कर रहे हैं। ग्लासगो के उस सम्मेलन में जहां क्लाइमेट चेंजेज की बातें हो रही थीं, उसमें बोरिस जॉनसन ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने क्या कहा था, अधीर रंजन चौधरी जी यहां हैं, यह बात निश्चित तौर से रिकार्ड पर जाएगी। बोरिस जॉनसन ने जो बात कही उसे मैं क्वोट करता हूं, There is one Sun. जैसे दुनिया में एक सूरज है, there is one world. एक विश्व है, And there is one grid दुनिया का एक ग्रिड है, there is one Narendra Modi. One man has achieved absolutely extraordinary things for his country . यह बात बोरिस जॉनसन ने कहा, not for his own country only but for the whole world also. यह बात ब्रिटिश प्राइम मिनिस्टर ने कही, आज इनको इस बात को खड़े होकर कहना चाहिए कि जो पाकिस्तान और चीन हमेशा हमारे विरोध में रहता था, आज पाकिस्तान और चीन को दुनिया से अलग-थलग करने का काम भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।

मैं कहना चाहता हूं कि जिन्हें पूरे देश में सम्मानित करने का काम किया, हमारे टीएमसी के साथी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के बारे में बोल रहे थे। इंडिया गेट पर किसकी स्टैचू लगी थी, यहां स्टैचू ब्रिटेन के किंग जार्ज पंचम की लगी थी और वर्ष 1967 तक लगी थी। हिन्दुस्तान के सबसे महत्वपूर्ण स्थान पर आजादी के बाद भी जार्ज पंचम की स्टैचू लगी थी। वर्ष 1967 में स्टैचू हटाई गई और वहां 2021 तक कोई स्टैचू नहीं थी। उस जगह पर आज हिन्दुस्तान में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का स्टैचू लगाने का काम प्रधानमंत्री जी ने किया है।

आज मैं कहना चाहता हूं, आज एक ट्वीट किया गया, अमर जवान ज्योति को वहां से हटा दिया गया। अमर जवान ज्योति को हटाने का काम किया। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी ने कहा था कि हम एक नेशनल वॉर मेमोरियल बनाएंगे, इंदिरा जी ने कहा था कि एक नेशनल वॉर मेमोरियल बनाएंगे। देश के छब्बीस हजार जवानों ने अपने प्राणों की आहूति दे दी, देश की सीमाओं की हिफाजत के लिए बलि वेदी पर अपनी जान को न्यौछावर कर दिया, ऐसे छब्बीस हजार सैनिकों के लिए भारत आज तक उनकी स्मृति और सम्मान में कोई वॉर मेमोरियल नहीं बना पाया था। नेशनल वॉर मेमोरियल बनाने का काम भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। आज उसी इंडिया गेट के पास पचास एकड़ में नेशनल वॉर मेमोरियल बनाने का काम किया है, आज वहां पर सुभाष चन्द्र बोस जी की मूर्ति 23 जनवरी को लगाई गई क्योंकि उस दिन उनकी जयंती थी। हमारा गणतंत्र अब 26 जनवरी से नहीं 23 जनवरी से शुरू होगा। हम निश्चित रूप से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी को सम्मान देने का काम कर रहे हैं।

(2130/SK/KMR)

मैं कहता हूं कि बहुत सी सरकारें आईं, आखिर क्यों नहीं किया? अगर कांग्रेस पार्टी के नेता नेशनल आर्काइव्स में चले जाएं तो उनको अहसास हो जाएगा कि वर्ष 1956 में कोलकाता के राजभवन में ब्रिटिश प्राइम मिनिस्टर क्लिमेंट एट्ली आए थे। अधीर जी को मालूम है कि उस समय जस्टिस चक्रवर्ती राज्यपाल थे और वह राजभवन में थे। दूसरा विश्व युद्ध हुआ, जस्टिस चक्रवर्ती ने पूछा कि आप, ब्रिटिश लोग जीत गए, लेकिन इसके बावजूद भारत को कैसे आजादी मिल गई? इस पर ब्रिटिश प्राइम मिनिस्टर क्लिमेंट एट्ली ने मुस्कुराते हुए केवल तीन शब्द कहे – सुभाष चन्द्र बोस। भारत की आजादी के समय तत्कालीन प्राइम मिनिस्टर और लार्ड माउंटबेटन के सामने जब भारत को आजादी मिली और उन्होंने कोलकाता के राजभवन में कहा कि सुभाष चन्द्र बोस जी के नाते देश को आजादी मिली। क्या उस सुभाष चन्द्र बोस को सम्मानित करने का काम किया गया? आज वर्ष 2022 में उनके जन्मदिन पर स्टेच्यु लगाने का काम किया गया। होलोग्राम की बात हो रही थी कि होलोग्राम का स्टेच्यु लगाया गया। जब तक ग्रेनाइट का स्टेच्यु तैयार नहीं होता है, इसलिए होलोग्राम का स्टेच्यु उनके जन्मदिन पर लगाया गया। आज पूरा विश्व अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है कि कम से कम भारत की राजधानी में स्टेच्यु लगाने का काम किया गया है। अमर जवान ज्योति, जो वहां थी, को नेशनल वार मेमोरियल की ज्योति में शामिल किया। यहां 26,000 जवानों का श्रद्धा सुमन होगा, अखंड ज्योति हर समय जलती रहेगी, निश्चित तौर से इससे देश के शहीदों का सम्मान बढ़ेगा।

मैं कहना चाहता हूं, आप सब भी इसके गवाह हैं, माननीय प्रधानमंत्री ने मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर में 64,000 करोड़ रुपए की योजना काशी से लांच की। कोविड की वैश्विक चुनौती में लोगों को मेडिकल टैस्ट कराने पड़े, पैथोलजी टैस्ट के लिए गांव के लोगों ने शहरों के पीजीआई या मेडिकल कॉलेज तक पहुंचते हुए अपने प्राणों को खो दिया, इसलिए आज पूरे देश में मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का काम किया गया है।

आज माननीय प्रधान मंत्री जी और हमारी सरकार ने किसानों पर फोकस किया है और किसानों के हितों के लिए कदम उठाए हैं। यहां कहा गया कि किसान बैठे थे और उनकी सुध नहीं ली। अरे, इस सदन में मैं भी सदस्य था, मैं गवाह हूं। इस सदन में जो आज कांग्रेस के नेता बोल रहे थे कि किसानों के हित में लोक सभा से बिल पारित हुआ, राज्य सभा से बिल पारित हुआ, छः घंटे सभी दलों के माननीय सदस्यों ने हिस्सा लिया, अधीर रंजन जी ने भी हिस्सा लिया और उसके बाद कृषि कानून पास हुए। इसमें डॉ. स्वामीनाथन की रिपोर्ट को लागू करने का काम किया गया था। माननीय प्रधान मंत्री जी ने एमएसपी को डेढ़ गुना बढ़ाने का काम किया। जिस तरह से सवाल उठाए गए, चाहे एमएसपी पर सवाल उठाया गया हो, चाहे मंडी समितियों पर उठाया गया हो, सारी चीजों को स्पष्ट किया गया। इसके बावजूद भी उन किसानों की भावनाओं को देखते हुए माननीय प्रधान मंत्री जी का बड़प्पन था कि उन्होंने तीनों कृषि कानूनों को वापस ले लिया। आपके नेता ने क्या किया? इसी सदन में मनरेगा का बिल पारित हुआ था और आपकी सरकार ने किया था? मनमोहन सिंह जी की सरकार ने किया था। उस बिल को फाड़ने का काम किसने किया था? जो आज बोलने का काम कर रहे हैं। अपनी ही सरकार में बिल को फाड़ने का काम किया था। पूरे देश के लोग शर्मसार हुए थे। … (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर):** मनरेगा नहीं था। … (व्यवधान)

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** कौन सा बिल फाड़ा था? … (व्यवधान)

**श्री हिबी इडन (एरनाकुलम):** वह मनरेगा नहीं था। … (व्यवधान)

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** आप बता दें कि कौन सा बिल फाड़ा था? I must correct myself. You just tell me which was that Bill. आप बता दें कि किस बिल को फाड़ा था।

यहां राजस्थान के साथी बैठे थे तो पूछ रहे थे कि आप बोल रहे हैं तो राजस्थान की संपूर्ण कर्ज माफी पर बोल दीजिए।

(2135/MK/RCP)

संपूर्ण माफी की बात हुई कि संपूर्ण कर्ज माफी होगी। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार इसी वायदे पर आई कि संपूर्ण कर्ज माफी होगी। आज तीन साल हो गए हैं, वहां के किसान राजधानी में सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं कि जो वायदा किया था, उसका क्या हुआ। हमने उत्तर प्रदेश में भी वायदा किया था। देश के गृह मंत्री श्री अमित शाह जी वर्ष 2017 में गए थे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का घोषणा-पत्र जारी करते हुए कहा था कि जिस दिन उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी हम एक लाख तक के कर्ज एक महीने के अंदर माफ करेंगे। आपने देखा होगा कि वर्ष 2017 में हमारी सरकार बनी तो हमने 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया। आज यह हमारी उपलब्धि है। हमने जो वायदा किया था, उन वायदों को पूरा करने का काम किया है। आज पूरी दुनिया जानती है सबसे बड़ा फूड सिक्योरिटी प्रोग्राम भारत में चल रहा है। आज हमारी डबल इंजन की सरकार देश के केवल 80 करोड़ लोगों को ही नहीं दे रही है। उत्तर प्रदेश में जहां 15 करोड़ लोगों को 5 किलो अनाज प्रति यूनिट केंद्र सरकार से मिल रहा है, वहीं उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ जी की सरकार से भी मिल रहा है। ... (व्यवधान)

आज मैं कहना चाहता हूं कि 'प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि' में छोटे-छोटे किसानों की कितनी बड़ी चिंता की है। आज हमने उन छोटे-छोटे 11 करोड़ किसानों के खाते में छ: हजार रुपये प्रतिवर्ष पेस्टिसाइड्स, खाद और बीज के लिए भारत के एक्सचेकर से 1 लाख 80 हजार करोड़ रुपये डाले हैं। हमने किसानों को स्वॉयल हेल्थ कार्ड दिया है, किसानों को किसान सम्मान निधि दिया है, उनको प्रधान मंत्री कृषि इंश्योरेंस दे रहे हैं तो उसका नतीजा यह हुआ है कि आज एग्रीकल्चर का ग्रोथ रेट 3.9 परसेंट बढ़ा है। लोग कृषि से पलायन कर रहे थे। लोग खेती नहीं कर रहे थे। विपक्ष के लोग एमएसपी की बात करते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि एमएसपी केवल जारी नहीं है, आज हमने एमएसपी की खरीद के लिए 2 लाख 37 हजार करोड़ सीधे किसानों के खाते में देने का काम किया है। प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना और अटल भूजल योजना के माध्यम से 64 लाख हेक्यटेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई की है।

जब डिजिटल पेमेंट की बात हुई तो चिदम्बरम साहब, जो नौ बार बजट पेश कर चुके थे, उन्होंने कहा कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल पेमेंट कैसे होगा? यह संभव ही नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग इसको यूज नहीं कर पाएंगे, क्योंकि वे पढ़े-लिखे नहीं है। लेकिन, आज तो यह ऑन रेकॉर्ड है। यह हमारी सरकारी नीतियों और प्रधान मंत्री जी के प्रयास की देन है। जिस दिन वे सरकार में आए, उन्होंने जन-धन खाता खुलवाना शुरू किया। उन्होंने डिजिटल पेमेंट की बात कही। आज उसका नतीजा है कि 8 लाख करोड़ का डिजिटल पेमेंट यूपीआई के माध्यम से हुआ है, जो पूरी दुनिया में सर्वाधिक है। एक दशक पहले हम सबसे पीछे थे। आज हम चाइना से दोगुना और अमेरिका से दस गुना ज्यादा डिजिटल पेमेंट कर रहे हैं, उसके बावजूद ये कह रहे हैं।

आज मैं कहना चाहता हूं कि ये देश की सुरक्षा की बात करते हैं। ये देश की सुरक्षा की बात करेंगे? वर्ष 2014 के पहले क्या स्थिति थी? सीमा पार से आईएसआई के आतंकवादी आते थे और हमारे देश के सैनिकों का सर काटकर लेकर चले जाते थे। हम रिटैलिएट नहीं करते थे। पूरे देश का खून खौल जाता था। पुलवामा और उरी में कोई बात हुई तो उसको पूरे देश ने नहीं बल्कि पूरी दुनिया ने देखा कि हमने बालाकोट में एयर स्ट्राइक किया। हमारे सैनिकों ने उनकी सीमाओं में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की है। पाकिस्तान अब समझ गया है कि अब वह भारत नहीं है, अब भारत एक हो चुका है, अब भारत मजबूत भारत, आत्मनिर्भर भारत और शक्तिशाली भारत हो चुका है। चाहे पाकिस्तान हो या चाइना, अगर वह हमारी तरफ नजरे उठाएगा तो हम उसकी नजरों को फोड़ देने का काम करेंगे। ऐसी भारत की हमारी सरकार है।

(2140/SJN/RK)

मैं कहना चाहता हूं कि आज हमारी जो स्थिति है।…(व्यवधान) मैं कन्क्लूड कर रहा हूं।…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON (SHRI KODIKUNNIL SURESH): Shri Jagdambika Pal ji, please wind up.

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) :** महोदय, हमारी सरकार की जो उपलब्धियां और योजनाएं हैं।…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: You should give chance to other Members also. It is the pandemic time.

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) :** आदरणीय अधिष्ठाता महोदय, आज देश के उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को चाहे पटेल हों, चाहे सुभाष चन्द्र बोस हों, चाहे वीर सावरकर हों या चाहे बाबा भीमराव आंबेडकर हों, पंचशील का सिद्धांत किसने बनाने का काम किया। यह बड़े-बड़े महापुरुषों ने किया है। अगर आज बाबा भीमराव आंबेडकर पीठ बनाने का काम किया है, अगर आज उनकी स्मृति में स्मारक बनाने का काम किया है, तो इसी पार्लियामेंट के बगल में हिन्दुस्तान में पहली बार नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया है। पांचों स्थान जुड़े हुए थे, उसको पंचतीर्थ स्थान बनाने का काम किया गया है। हमने जिस तरह से बैकवर्ड कमीशन को कंस्टिट्यूशनल दर्जा दिया है। ये आज बांटने की बात करते हैं, ये किस तरह से कह रहे हैं। सारे राज्यों के साथ फेडरल स्ट्रक्चर में, आज चाहे जीएसटी हो, चाहे कोविड का प्रबंधन हो, जिस तरीके से काम किया जा रहा है, मुझे लगता है कि हम उनके साथ डिसरिस्पेक्ट नहीं करते हैं। हम उनकी रिस्पेक्ट करना चाहते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि वे हम पर आरोप लगा रहे थे कि हमने डिसरिस्पेक्ट किया है। हम बिल्कुल डिसरिस्पेक्ट नहीं करते हैं, हम तो रिस्पेक्ट करते हैं, लेकिन आपको रिजेक्ट करने का काम देश की जनता कर रही है। एक-एक राज्य से कांग्रेस पार्टी मुक्त हो रही है और कुछ दिनों बाद भारत से भी कांग्रेस पार्टी मुक्त हो जाएगी। मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

(इति)

2142 hours

SHRI HIBI EDEN (ERNAKULAM): Thank you, Sir, for giving me this opportunity. I would like to strongly oppose the Motion of Thanks on the President's Address.

महोदय, माननीय पाल साहब बहुत ही बुजुर्ग और वरिष्ठ नेता हैं। वे आवासन और शहरी कार्य संबंधी समिति के चेयरमैन भी हैं। But he has made a factual error in his speech. He has mentioned that Shri Rahul Gandhi tore the MGNREGA Bill in the House. I suppose, he wanted to mention about the Bill which he tore in a Press Conference and that was related to a Bill against corruption. पब्लिक रिप्रेजेंटेटिव्स के करप्शन के बारे में जो बिल लाया गया था, उसके खिलाफ राहुल गांधी जी ने बोला था। शायद आप उसके बारे में बोल रहे हैं। He is a very senior and respected Member of the House. So, I am pretty sure that he will not speak without facts.

Sir, I am opposing this Motion because there was no concrete plan to either strengthen the economy of this country or to address the issues faced by the common man during the last two years of COVID.

The Hon. President mentioned about building a strong foundation for the next 25 years following the mantra of 'Sabka Saath, Sabka Vikas, Sabka Vishwas' और अब कहा जा रहा है कि सबका प्रयास। वर्ष 2019 में जब इस सरकार ने शपथ ली थी, तब माननीय प्रधानमंत्री जी ने बोला था कि 'सबका साथ और सबका विकास'। उसके बाद उन्होंने वर्ष 2020 में बोला था कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' और वे अब सबके प्रयास के बारे में बोल रहे हैं।

महोदय, इस सरकार ने इस देश के किसानों का साथ नहीं दिया है। इस सरकार ने इस देश के कोविड-19 मरीजों का साथ नहीं दिया है। इस सरकार ने लाखों-करोड़ों नौजवानों को रोज़गार भी नहीं दिया है और उनका साथ भी नहीं दिया है। इस सरकार ने इस देश के जितने भी पिछड़े वर्ग हैं, जो शोषित हैं, जो युवा हैं, जो मछुआरे हैं, जो दलित हैं, आदिवासी हैं, पीड़ित हैं, इस सरकार ने किसी का भी साथ नहीं दिया है। इसलिए ये जो मंत्र बोला जाता है, 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास', यह गलत है। इस सरकार ने सिर्फ साथ दिया है, तो अदानी का साथ दिया है। इस सरकार ने सिर्फ अंबानी को विश्वास दिलाया है। इस सरकार ने इन दोनों का ही विकास किया है। अदानी और अंबानी के विकास के लिए काम करने वाली जो सरकार है, वह बीजेपी और नरेन्द्र मोदी की सरकार है। मैं विश्वास के साथ यह बात बोल सकता हूं।

(2145/PS/YSH)

There are many reasons to oppose the Motion of Thanks on the President's Address. We have a global pandemic in place but there are no concrete methods to fight against this pandemic and also, no COVID relief packages are announced in this country by this Government. There are many people who died of COVID. There were many colleagues of ours, many hon. Members of Parliament, many Members of Legislative Assemblies and former Members of Parliament -- who we barely know -- who died because of COVID. COVID has no religion. People from the BJP and the Congress Party have died because of the pandemic. राज्य सभा के मैम्बर श्री राजीव सातव जी, हमारे साथी कन्याकुमारी से एच. वसंतकुमार जी तथा श्री सुरेश अंगडी जी जो कि इस कैबिनेट में मंत्री थे। हम कोविड में बहुत सारे लोगों को खो चुके हैं। Due to COVID, lives have been lost. But there are lakhs and lakhs of people who were faceless and who were bread winners of their families. They were fathers and mothers, and brothers and sisters who have lost their lives due to COVID. But the Central Government has not declared any package and has not declared anything for the families of the COVID victims.

Sir, it is quite unfortunate. How can we deal with a pandemic-like situation in a country like India? When the Great Depression happened in the United States in 1930, there was a Direct Benefit Transfer method. The Keynesian Theory of John Keynes is well-known across the globe. He was a well-known economist. According to him, for example, when you deposit Rs. 10,000 to a person's account, he is going to directly spend it in the market; he is going to rejuvenate the market; and is going to strengthen the economy. That is how, the economy is strengthened in the times of pandemic and in the times where we had a great economic recession in place. That is how a responsible Government should act. But unfortunately, our Government has not done anything. Not only that, the Government has cut down Rs. 25,000 crore of MGNREGA, which was very vital in providing jobs to many urban and rural population. It is a form of Direct Benefit Transfer for creating lakhs and lakhs of jobs. The MGNREGA account or the budget for the MGNREGA was reduced by Rs. 25,000 crore, which was quite unfortunate.

Now, I come to the small-scale industries, MSME sectors and the tourism industry in our country. The lives and livelihoods of many are disturbed in this COVID. But the Government has not provided any relief. Nothing has been done for them. The moratorium, which was in place for the last few months, was not extended. The moratorium is not in place for the people who had taken loans for these small-scale industries, MSMEs and for many other industrial purposes. The moratorium is also not for them who had taken educational loans. The moratorium is not in place because of which many children and many young people are on the verge of committing suicides.

Sir, there are many things that the hon. President has mentioned. I would like to mention some of those things. The Jal Jeevan Mission is a very important aspect. 'Har Ghar Jal' is a very important and creative project of the Central Government. But unfortunately, the source of water for the Har Ghar Jal Project is not enough to supply ample quantity of water. If there is no source, I do not think that 'Har Ghar Jal' Project of the Jal Jeeval Mission would be a success.

In this august House, I had asked a question about the fishermen of our country and got a reply. After 2015, no fund was received by the State of Kerala from the Central Government for building seawalls for the fishermen community. Their lives and livelihoods are at stake. We know that the cyclones have affected them. We know that many of the fishermen are affected whenever there is a sea erosion. We know that many of the fishermen are suffering a lot because there are no ample seawalls in our coastal belt. But unfortunately, the Central Government has not allotted a single rupee after 2015, that is, after the UPA Government. Sir, it is quite unfortunate.

(2150/SMN/RPS)

Sir, the Pradhan Mantri Gati Shakti Yojana is a very important project. The Prime Minister himself and the Ministers are very well explaining about the projects. It is a single multi-modal transportation system which would connect our entire transportation system. It is a creative project.

In my Constituency, I met the hon. Minister for Railways. He just left the House. There are 110 acres of land in my Constituency Ernakulam. It is central part of Kochi. It is around Rs. 5500 crore worth of land and it is now a marshalling yard of the Indian Railways. We can start 10-15 platforms and build a beautiful central railway station which will connect the metro rail, which would connect the water metro and which would connect the mobility hub. This would be a first of its kind in India when we talk about Pradhan Mantri Gati Shakti Yojana. Our hon. leader Rahul Ji said that there are two Indias. Why are you not considering the southern part of India as a part of India? This is a project which is one of its kind where water, rail, road and Indian Railways and metros can perform together. In one single ticket, you can travel in all these state-of-the-art transportation systems. But unfortunately, it has been pending with the Railways for the last three years.

Sir, Kochi Metro Rail is one of the finest metro rails in the country. This metro rail was started in 2012. When the UPA Government was there, the initial detailed project report was accepted. The second phase was accepted. The Chief Advisor of Kochi Metro Rail was Dr. E. Sreedharan. Till now, for the second phase, Cabinet clearance has not been received from the Central Government. They had dragged it for two to two and a half years. Unfortunately, there is no mention in the Budget and there is no mention in any of the Speeches about the Kochi Metro Rail second phase expansion which is supposed to be from Jawahara Lal Nehru Stadium to the Info Park Kakkanad and it is most economically feasible. It is financially feasible as more number of travellers travel everyday in this route but unfortunately, Kerala has been chucked out from this project.

Sir, how the Make in India project is happening in our country? The Cochin Shipyard Limited is in my constituency. The prestigious INS Vikrant is the first aircraft carrier for the Indian Army and it is being built and the trial runs are going on in Kochi backwaters.

Sir, 25 per cent of the shares of this strategically important Public Sector Undertaking has been sold. Now, the Central Government has not very clearly mentioned about the K-Rail, the silver line project, which is also a major project mooted by the State Government but no environmental clearance has been received. The detailed project report has a lot of loopholes in which the Central Government has not answered many questions.

Sir, the hon. Finance Minister Shrimati Nirmala Sitharaman ji has presented the Budget. In the year 2019-20, the GDP growth was 3.71 per cent. It was not because of the COVID-19 pandemic situation. It was because of the continuous mismanagement of the economy. Right from demonetisation to GST, the mismanagement of the economy has led to this situation in this country. Tax terrorism is happening in our country and there is also petroleum tax and the fuel price hike. You cannot imagine that for mediclaim, 18 per cent has been taxed whereas for food, it is just five per cent.

HON. CHAIRPERSON (SHRI KODIKUNNIL SURESH): Please conclude now.

SHRI HIBI EDEN (ERNAKULAM): I am concluding Sir.

The pandemic coupled with recession is a major crisis as far as the economic status of our country is concerned.

Sir, the Public Sector Undertakings have been vastly sold. All the profit-making undertakings have been sold. The economy has been held with all the money which has been acquired from the shares which have been sold from the Public Sector Undertakings. This money is being diverted. That is the reason for a projected hype in the futuristic GDP which is shown by the hon. Finance Minister.

Sir, I would once again oppose the Motion of Thanks to the hon. President, Shri Ramnath Kovind Ji. Thank you.

(ends)

(2155/SPS/SNB)

2155 बजे

**श्रीमती नवनीत रवि राणा (अमरावती) :** सभापति जी, आपने मुझे महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलने के लिए अवसर दिया, उसके लिए मैं आपकी आभारी हूं और आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

हमारा देश कोरोना जैसी महामारी से गुजर रहा है। ऐसे समय में माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने बहुत सूझ-बूझ से हमारे देश के नागरिकों की रक्षा करने का काम किया है। यह एक बहुत ही अच्छा काम सरकार द्वारा हमारे देशवासियों के प्रति हुआ है। प्रधान मंत्री जी के आह्वान पर देश के फ्रंटलाइन वर्कर्स, जिनमें डाक्टर्स, सिस्टर्स, ब्रदर्स, प्रशासन, शासन, हमारी आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी वर्कर्स आदि सभी ने एकजुट होकर, एक टीम बनाकर देश के लोगों की जान बचाने का काम किया। जिसके प्रति हमारे राष्ट्रपति जी ने भी उनका धन्यवाद किया और उनकी पहचान देश को अपने शब्दों में अपने भाषण में बताई है। मैं इनका भी अपने शब्दों में आपके द्वारा धन्यवाद करना चाहूंगी।

सभापति महोदय, आज हमारा देश वर्ल्ड में सबसे ज्यादा फ्री वैक्सीनेशन की डोज़ देने वाले देशों में से एक है, जिसका क्रेडिट हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी को जाता है। माननीय प्रधान मंत्री जी की सरकार द्वारा 64 हजार करोड़ रुपये की लागत से 'प्राइम मिनिस्टर आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन' शुरू किया गया। हमारी सरकार के द्वारा यह बहुत ही अच्छा काम हुआ है। सरकार ने देश भर में गरीबों के इलाज हेतु सस्ती दवाइयों के लिए 8 हजार जन औषधि केन्द्र स्थापित किए, जिसका सीधा-सीधा लाभ उन जरूरतमंद, मिडिल क्लास और लोअर मिडिल क्लास लोगों को मिला। सरकार और पंत प्रधान जी की योजना के द्वारा लोगों को इसका लाभ मिला है। 'प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के तहत कोरोना पीरियड में जो लोग अपने-अपने घरों में बैठे थे, जिन्होंने अपनी नौकरियां गवाई थीं, ऐसे जरूरतमंद और गरीब लोगों के घर तक अन्न पहुंचाने का काम भी हमारी सरकार और हमारे आदरणीय प्राइम मिनिस्टर साहब ने किया है।

सभापति महोदय, हमारे श्रमिक भाई-बहनों के लिए सरकार ने ई-श्रम पोर्टल शुरू किया गया, जिससे अब तक लगभग 30 करोड़ से ज्यादा श्रमिकों ने लाभ लिया है। जन-धन आधार मोबाइल सर्विस शुरू की गई, जो आम नागरिकों को गांव तक राहत देती है। उन्हें बैंक के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं और आधार के द्वारा घर तक पैसे मिल जाते हैं। बीते वर्ष में प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत लगभग 2 करोड़ गरीब परिवारों को पक्के घर मिले। सरकार के द्वारा बहुत ही अच्छा कदम लोगों के लिए उठाया गया। 'हर घर जल' योजना के द्वारा पूरे देश में 6 करोड़ ग्रामीण घरों में पीने के पानी का कनेक्शन लगाया गया। इसका लाभ घरों की माताओं और बहनों को मिला।

महोदय, हमारे क्षेत्र के अमरावती जिले में 600 करोड़ रुपये देकर ऐसे गांवों में माताओं और बहनों का विचार करके इस योजना का लाभ अमरावती डिस्ट्रिक्ट को दिया गया। इसके लिए मैं आदरणीय प्राइम मिनिस्टर और जल मिशन के मंत्री महोदय का भी बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूं। देश के किसानों के प्रति पूरी निष्ठा से काम करते हुए माननीय प्रधान मंत्री जी की सरकार ने वर्ष

2020-21 के तहत लगभग 1400 लाख मीट्रिक टन किसानों का अन्न खरीदा, जिसका लगभग दो करोड़ किसानों को लाभ मिला है। प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से अब तक लगभग 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को 1 लाख 80 हजार करोड़ रुपये का भुगतान इस सरकार द्वारा किया गया है। आज 'प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना' के माध्यम से पूरे देश भर में गांव-गांव को जोड़ने का काम किया गया है। इसके तहत 36 हजार 500 किलोमीटर सड़क बनाई गई है, जिसमें 175 से 200 किलोमीटर की सड़कें हमारे अमरावती डिस्ट्रिक्ट में हैं, जिसका कार्य चालू है। इसके लिए मैं पंत प्रधान जी और मंत्री महोदय जी का दिल से बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहती हूं।

(2200/RAJ/RU)

अमरावती जिले में पिछले एक-डेढ़ महीने पहले आदरणीय गडकरी साहब ने बहुत सारी सड़कों और नेशनल हाइवेज का उद्घाटन और भूमिपूजन करके, हमारे जिले को बहुत बड़ी भेंट नेशनल हाइवे द्वारा दी गई है, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। आज कमाल हो गया है कि महाराष्ट्र में शिवसेना की सरकार है, उद्धव ठाकरे जी की सरकार है, उनके फ्लोर लीडर ने मेड इन इंडिया वैक्सीनेशन के लिए सरकार का अभिनंदन किया है और उनको बधाई दी है।… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON (SHRI KODIKUNNIL SURESH): Is it the pleasure of the House that the time of the House is extended by one more hour?

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

**श्रीमती नवनीत रवि राणा (अमरावती):** सभापति महोदय, शिवसेना के फ्लोर लीडर ने बहुत अच्छे शब्दों में मोदी जी का और इस सरकार का अभिनंदन किया है कि मेक इन इंडिया वैक्सीनेशन के द्वारा जो भी वेरिएंट हमारे देश में अभी आया है, उससे लोगों को सेफ करने के लिए यह सरकार ने बहुत ही अच्छा काम किया है। मुझे लगता है कि शिवसेना इस सरकार और हमारे पंत प्रधान जी के बारे में बोलने के लिए मजबूर हो गई है। इसलिए उनका भी दिल से अभिनंदन करना चाहिए कि अच्छे कार्यों के लिए वे भी आगे बढ़े हैं।

भारतमाला परियोजना के तहत लगभग छ: लाख करोड़ रुपए की लागत से 20 हजार किलोमीटर लंबे राज्य मार्ग का निर्माण किया गया। वाटर हार्वेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से 64 लाख हेक्टेयर जमीन की सिंचाई की जाएगी। महाराष्ट्र में सिंचाई के बहुत बड़े प्रकरण हुए हैं, पर आने वाले समय में सिंचाई की योजना के तहत बहुत सारे किसानों को इससे लाभ होगा। सरकार ने उनके लिए भी कार्य किया है।

महिलाओं के सम्मान हेतु सरकार ने अनेक कार्य किए हैं, उनमें उज्ज्वला योजना और लोन दे कर उनके हाथ मजबूत करने का काम और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जैसे अनेक कार्य हैं। आज देश की हर महिला अपने पैरों पर खड़ी हो सकती हैं और अपने लिए लड़ सकती हैं। इसका विश्वास हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने दिलाया है, मैं उसके लिए उनको धन्यवाद देती हूं।

न्यू नेशनल एजुकेशन के माध्यम से स्थानीय भाषाओं को भी आगे करने का काम मोदी सरकार ने किया है, जो अपने-आप में एक बड़ी पहल है। इसके तहत 10 राज्यों में इंजीनियरिंग कॉलेजों में छ: भाषाओं में पढ़ाई शुरू करवाने का भी कार्य है।

स्किल इंडिया मिशन के माध्यम से हमारे ट्राइबल क्षेत्र में भी उन्हें ट्रेनिंग दी जा रही है। उस दिन मंत्री महोदय से चर्चा हुई थी कि स्किल इंडिया मिशन के माध्यम से उन्हें स्किल देने के बाद आप कितने लोगों को रोजगार दे रहे हैं, तो मंत्री महोदय जी का इस पर बहुत पॉजिटिव उत्तर आया है कि हम कोशिश कर रहे हैं कि ट्रेनिंग देने के बाद मैक्सिमम लोगों की प्लेसमेंट होनी चाहिए, जिसकी बजट में घोषणा भी हुई है।

पिछले समय में मेरे संसदीय क्षेत्र में एयरपोर्ट के कार्य के लिए सिविल एविएशन मंत्री ने 75 करोड़ रुपए दिए ताकि हमारे यहां एयरपोर्ट का निर्माण जल्द से जल्द पूरा हो। पिछले वर्ष सिधुदुर्ग में एयरपोर्ट का निर्माण पूरा हुआ और उसका उद्घाटन किया गया। उसी तरह से अमरावती जिले का भी उद्घाटन आने वाले समय में होगा, उसके लिए मैं सिविल एविएशन मंत्री जी का भी बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूं।

रेलवे रिपेयर कारखाने के लिए 300 करोड़ रुपए दिए गए हैं, जो हमारे अमरावती जिला, विदर्भ और महाराष्ट्र के लिए एक बहुत बड़ी भेंट है। यह कार्य हमारी सरकार द्वारा किया गया है, इसके लिए रेल मंत्री दानवे साहब और जो मंत्री महोदय यहां बैठे हैं, उनको मैं दिल से धन्यवाद करती हूं। वह जल्द से जल्द पूरा हो जाए और आदरणीय प्रधान मंत्री जी के हाथ से उसका उद्घाटन हो, मैं आपसे यह विनती करती हूं।

हमारे एनवायरन्मेंट और फॉरेस्ट मिनिस्टर यहां उपस्थित हैं, जिन्होंने स्काईवॉक जैसा बड़ा टूरिज्म स्पॉट, चिकलधारा में बहुत समय से रूका हुआ था, हमारे मंत्री श्री अश्वनी चौबे साहब ने नोडल ऑफिसर से लेकर केन्द्र के डिपार्टमेंट तक फॉलो अप लेकर पास करने के लिए लगाया। अभी उसका काम शुरू किया गया है। इसके लिए मैं इस डिपार्टमेंट का भी दिल से धन्यवाद करती हूं। प्रधान मंत्री जी ने पीएम केयर्स फंड से ऑक्सीजन प्लांट हमारे जिले को भेंट दी है, उसके लिए मैं उनका धन्यवाद करती हूं।

(2205/VB/SM)

शिव सेना के फ्लोर लीडर ने, वे हमारे आदरणीय हैं, महाराष्ट्र के एक सीनियर पॉलिटीशियन हैं, उन्होंने इस पार्लियामेंट हाउस में गवर्नर साहब के बारे में जिन शब्दों से उनका तिरस्कार किया है, मुझे लगता है कि इस हाउस के द्वारा उनको इस बात का अफसोस दिलाना बहुत जरूरी है। एक व्यक्ति ने, जिन्होंने महाराष्ट्र के राज्यपाल के ऊपर यह इल्ज़ाम लगाया है कि वे संविधान को खत्म करने निकले हैं। ऐसा नहीं है, हमारे गवर्नर साहब संविधान को बचाने के लिए महाराष्ट्र पहुंचे हैं और उनकी रिस्पेक्ट करना, उनका सम्मान करना महाराष्ट्र की जनता का काम है और हमारा भी काम है, हमारा यह कर्तव्य है। इसलिए मुझे लगता है कि ऐसे बड़े पॉलिटीशियन, जो शिव सेना को रिप्रजेंट करते हैं और यहाँ पर जो फ्लोर लीडर हैं, उन्हें पार्लियामेंट हाउस में राज्यपाल का अपमान नहीं करना चाहिए। मैं इसकी निन्दा करती हूँ।

मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद के प्रस्ताव का समर्थन करती हूँ और पूरा महाराष्ट्र इस बात के लिए समर्थन करता है। धन्यवाद।

(इति)

2206 Hours

*SHRI P. RAVINDHRANATH (THENI) : SHRI P. RAVINDHRANATH (THENI): Hon. Chairman Sir, Vanakkam. Thank you so much for giving me an opportunity to take part in the discussion on Motion of Thanks to the Hon. President's Address. Our sacred mother India has been a land of spirituality and philosophy. Our rich History portrays that how we had grown as a stronger nation. Hon Prime Minister Shri Narendra Modi has been implementing several schemes for the development of our country. For the third consecutive year, we have been affected by Corona virus. At the same time, India is celebrating its 75th year of independence as Amrit Mahotsav. At this point, I salute with regard our leaders, freedom fighters and martyrs who fought for our independence. Hon. President in his Address has stated that in the next 25 years from Amrit Mahotsav, India and its people will be aimed at emerging as a strong nation in the world following the mantra of "Sabka Saath, Sabka Vikas, Sabka Vishwas, and Sabka Prayas". I welcome this wholeheartedly. As a Pharma revolution our Indian drugs are being used in 180 countries.Mahakavi Bharathi said, "If there is no food for an individual, let the whole world be destroyed". During Corona period, in order to feed all the poor people, through the Pradhan Mantri Garib Kalyan Yojana, 80 Crore people have been provided with food grains by this Government in 19 months. I appreciate this effort. Within one year 150 Crore vaccine doses have been administered during the corona period. It is an achievement of its sort. For the health needs of the people of our country, through the Pradhan Mantri Ayushman Health Infrastructure Mission with an allocation of Rs. 64000 Crore, more than 80000 health and wellness centres have been created and Crores of Ayushman Bharat Cards have been issued to the poor. I appreciate this work. In order to benefit rural women, through the Jal Jeevan Mission, 6 Crore houses have been provided with tap water connections. I welcome this. During the year 2020-21, our farmers have produced food grains more than 30 Crore metric tonnes of food grains and more than 33 Crore metric tonnes of horticulture produce. This is an historical achievement. During Rabi season, Indian Government has procured 433 lakh metric tonnes of Wheat

---

* Original in Tamil

benefitting 50 lakh farmers and during Kharif season, Government has procured 900 lakh metric tonnes of paddy benefitting 1 Crore and 30 lakh farmers. I appreciate this. Through the Kisan Rail services, during the corona period, in 150 routes, 1900 Kisan Trains have been operated for transporting about 6 lakh metric tonnes of essential food items like vegetables, fruits and milk at a nominal fare. Under the Pradhan Mantri Kisan Samman Yojana, financial assistance to the tune of Rs. 1 lakh 80000 Crore was transferred directly to the bank accounts of 11 Crore farmers benefitting them. I wholeheartedly appreciate this.Under the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana, during 2020-21, 36500 kilometers of rural roads have been constructed. Through the Pradhan Mantri Gati Sakthi Yojana, as against 90000 kms of National Highways during 2014, this Government has created now 1 lakh 40 thousand kms of National Highways. Under the Bharat Mala Scheme, including the Green Expressways and Greenfield corridor, work relating to 20000 kms of highways is in progress at the cost of Rs. 6 lakh Crore. India occupies second place in the manufacturing of mobile phones in the world. Under Sagar Mala Programme, major ports are linked through 80 connecting projects. I welcome this as this will increase our trade prospects ensuring development of our economy. In order to make India a front-runner in technology, Performance Linked Incentives, PLI, worth 197000 Crore has been allocated to Manufacturing sector. As many as 60 lakh youth will get employment through mobile manufacturers. As much as Rs 76000 Crore is allocated to silicon semi-conductor sector. Seven Mega Textile Parks are created at a cost of 4500 Crore which will create employment for lakhs of youth. This will increase domestic as well as foreign investments. New Vande Bharat Trains and new Vistadome Coaches have added new feathers to Indian Railways. In the last 7 years, 24000 kms of railway route has been electrified. 11 metro routes have been created aimed at benefitting poor and middle class people. Approval has been give to 21 Green Field Airports afresh. Women play an important role for rural development. During 2020-21, 28 lakh self help groups have been provide with Rs. 65000 Crore. Age for marriage for women has been proposed for increase from 18 to 21. For the first time, India got 7 medals in Olympics and 19 medals in Tokyo Para Olympics. I appreciate this feat of India and Indian sports-persons. If you see the Defense Sector, during 2020-21, 87 per cent of defence equipments has been manufactured under Make in India

Scheme.It was also declared through a list that 209 defense equipments will not be procured from abroad. As many as 2800 defense equipments will be manufactured domestically. As many as 83 Tejas fighter planes will be domestically manufactured by Hindustan Aeronautical Limited and an agreement in this regard gas been signed. This will create employment opportunities for our youth. GST collections during the months of last fiscal went to 1 lakh Crore rupees. NForeign exchange in economy is at 630 billion dollars. In the export sector, from April to December 2021, goods worth 300 billion dollars have been exported. Not only this, the present Government has made several historical achievements. These achievements are highlighted in the Hon. President's Address and I wholeheartedly welcome on behalf of AIADMK party. This Governmnet has achieved so many things. Parties which ruled India in the past such as Congress and its alliance DMK should think about this. They have forgotten the emergency period. At the time of elections, these parties give false promises to the people. After coming to power Parties like Congress and DMK talk useless things and do nothing for the welfare of the people. Such political parties should think that what they have done for the development of this nation. People of India are not ready to believe their words. But I should mention here that India, under the foresighted vision and welfare schemes of our Hon Prime Minister Shri Narendra Modi, is marching ahead steadfast towards development. Address of Hon. President is in this direction. I welcome the Address of Hon. President on behalf of AIADMK Party. Thank you.

(ends)

2214 बजे

**श्री गणेश सिंह (सतना) :** माननीय सभापति महोदय, धन्यवाद। मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए श्री हरीश द्विवेदी जी ने जो प्रस्ताव रखा है, उसके समर्थन में अपनी बात कह रहा हूं।

सभापति महोदय, भारत में अपनी सामर्थ्य शक्ति अब परिलक्षित हो रही है। देश अपनी आजादी के 75वें वर्ष को अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। यह वर्ष गुरू तेग बहादुर जी का 400वां प्रकाश वर्ष, श्री अरबिंदो जी की 150वीं जयंती, श्री वी. ओ. चिदम्बरम पिल्लई जी का 150वां जन्म वर्ष और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जन्म जयंती जैसे पुण्य अवसरों को सरकार बड़े धूमधाम से मना रही है।

(2215/KDS/KKD)

सरकार ने 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती से गणतंत्र दिवस समारोह मनाने का जो निर्णय लिया है, वह बहुत ही स्वागत योग्य कदम है। साहिबजादों के बलिदान की स्मृति में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाने का निर्णय हमारे प्रधान मंत्री जी का बहुत स्वागत योग्य कदम है। भगवान बिरसा मुंडा को श्रृद्धांजलि स्वरूप 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का जो निर्णय लिया गया है, वह पूरे देश के जनजातीय समाज में बहुत ऊर्जा पैदा करने का काम करेगा।

महोदय, आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आगामी 25 वर्षों के लिए संकल्पों को आकार दिया जा रहा है। हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चलकर मजबूत तथा आत्मनिर्भर भारत बनाने का कार्य बहुत तेज गति से कर रही है। देश बदल रहा है, लोगों का जीवन स्तर भी बदल रहा है। कोविड-19 के खिलाफ इस लड़ाई में भारत के सामर्थ्य का प्रमाण कोविड वैक्सीनेशन प्रोग्राम में नजर आता है। एक साल से कम समय में 150 करोड़ से भी ज्यादा वैक्सीन डोज लगाने का रिकॉर्ड बनाया गया। दुनिया में सबसे ज्यादा वैक्सीन देने वाले देशों में भारत अग्रणी बन चुका है। आज देश में 90 प्रतिशत से अधिक वयस्क नागरिक टीके की एक डोज, जबकि 70 प्रतिशत से अधिक दोनों डोज ले चुके हैं। देश की आत्मनिर्भरता का इससे बड़ा कोई अन्य प्रमाण नहीं हो सकता है। देश में अब तक 8 वैक्सीन्स की स्वीकृति मिल चुकी है। डब्ल्यूएचओ ने 3 वैक्सीन्स को मंजूरी भी दे दी है। इसके लिए प्रधान मंत्री जी की जो दूरदर्शिता थी, उस हेतु पूरा देश कृतज्ञ है।

सभापति महोदय, गरीबों की गंभीर बीमारी का इलाज बड़े अस्पतालों में हो जाए, इसके लिए आयुष्मान योजना 64 हजार करोड़ रुपये की लागत से शुरू की गई है। देश में अब तक कई करोड़ लोगों के आयुष्मान कार्ड बन गए हैं। मध्य प्रदेश में 2.6 करोड़ आयुष्मान कार्ड बन गए हैं। मध्य प्रदेश के सतना से मैं आता हूं। वहां पर 6 लाख 99 हजार 726 आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। देश में 80 हजार से अधिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स बनाए गए हैं। 8 हजार जन औषधि केन्द्रों से सस्ते दामों पर दवाइयां लोगों को उपलब्ध कराई जा रही हैं।

आजादी के बाद देश में तीन नारे बहुत प्रचलित हुए। पहला रोटी, कपड़ा और मकान देने का और दूसरा गांवों में सड़क, बिजली, पानी देने का तथा तीसरा गरीबी मिटाने का। इन नारों के सहारे कांग्रेस ने लंबे समय तक राज किया। आज कांग्रेस के नेता श्री राहुल गांधी जी भाषण देते समय कह रहे थे कि नरेंद्र मोदी जी की सरकार राजा और सम्राट की सरकार है। मैं उनको बताना चाहता हूं कि हमारी सरकार राजा और सम्राट की सरकार नहीं है। यह वास्तव में देश के सच्चे सेवक की सरकार है।

महोदय, समुद्र के किनारे कचरे को किसने उठाया? जो कुंभ मेला था, उसकी यूनेस्को ने सराहना की। उस कुंभ मेले में जो सफाई मजदूर थे, उनके पांव किसने धोए? कोरोना-काल में सफाई मजदूरों पर पुष्प वर्षा किसने की? काशी विश्वनाथ मंदिर में कारीगरों और मजदूरों के साथ बैठकर भोजन किसने किया? दिव्यांगों को उपकरण किसने दिया? सौगत दादा अभी नहीं हैं। मैं बताना चाहता हूं कि सुदूर में स्थित पश्चिम बंगाल में समाज सेवा के कार्यों में जो लगे हुए हैं, उन एम्बुलेंस बाबा को पद्म श्री अवार्ड मिला। कई ऐसे उदाहरण हैं, जिनमें प्रधान मंत्री मोदी जी ने ऐतिहासिक काम किया है। घर-घर शौचालय किसने बनवाए? गरीबों के बैंक में खाते किसने खुलवाए? किसानों को सम्मान निधि किसने दी? गरीबों को पक्के घर किसने बनवाए? घर-घर में रसोई गैस किसने पहुंचाई? घर-घर पीने का पानी पहुंचाने का काम कौन कर रहा है? राहुल जी, गरीबी मिटाने के, रोटी, कपड़ा और मकान देने के ये सारे नारे तो आपके थे। आपकी पार्टी में आपके नानाजी, आपकी दादी, आपके पिता जी के ये नारे थे, लेकिन इनको किसने पूरा किया? आपने तो इनको पूरा नहीं किया। मैं पूछना चाहता हूं कि आपके समय में इस देश के किसी एक गरीब व्यक्ति का यदि पक्का घर बना हो, तो बताएं।

महोदय, वर्ष-2014 में जब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी आए, तब उन्होंने देश के गरीबों के लिए पक्के घर बनवाने शुरू किए। आज की तारीख में 3 करोड़ से ज्यादा गरीबों के पक्के घर बन गए हैं। मैं यह बताना चाहता हूं कि गांवों में सड़क की बात हुई थी। श्री अटल बिहारी वाजपेई जी जब देश के प्रधान मंत्री बने तब उन्होंने ग्रामीण सड़कें बनवाईं। देश में साढ़े छ: लाख गांव हैं।

(2220/CS/RP)

आज 36,500 किलोमीटर सड़कें बनी हैं, यह अटल जी की सोच थी। प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीबों के लिए प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना शुरू की। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज, यह विश्व का सबसे बड़ा अन्न वितरण का कार्यक्रम है, जो हमारे देश में प्रधान मंत्री जी ने शुरू किया है। इसमें 2 लाख 60 हजार करोड़ रुपये का खर्च सरकार उठा रही है। रोटी देने का काम अगर किसी ने पूरा किया तो प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया। पीएम स्वनिधि योजना में 28 लाख रेहड़ी-पटरी वालों को 2900 करोड़ से ज्यादा की धनराशि जारी की गई। श्रम पोर्टल भी शुरू किया गया। 23 करोड़ से अधिक श्रमिक जुड़ चुके हैं। ऑनलाइन फूड डिलिवरी करने वाली कंपनियों को रेहड़ी-पटरी वालों के साथ अब जोड़ा जा रहा है।

यह ऐतिहासिक कदम है, जो असंभव था। जन-धन खातों में 44 करोड़ से अधिक गरीबों को बैंकिंग सुविधा से जोड़ा गया है। कोरोना काल में सीधे इनके खातों में पैसे डाले गए। अगर ये जन-धन खाते नहीं होते तो आज उन गरीबों को, उस समय जब सड़क पर कोई नहीं था, उन गरीबों के पास पैसा कैसे पहुँचता? कैसे वे राशन ले पाते? कैसे उनकी जीविका चलती? यूपीआई प्लेटफॉर्म के तहत 8 लाख करोड़ का बिजनेस हुआ है। ये ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री आवास योजना में, जैसा मैंने कहा कि 3 करोड़ से अधिक घर बनाए गए। 1.5 लाख करोड़ रुपये इसमें सरकार ने खर्च किए। अभी कल के बजट में भी 80 लाख नए मकान बनाने के लिए 48 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मध्य प्रदेश में अब तक 37 लाख और सतना में 1.5 लाख गरीबों के प्रधानमंत्री आवास बन चुके हैं। घर-घर नल से जल पहुँचाने के लिए जल जीवन मिशन योजना में अब तक 6 करोड़ घरों को पेयजल दिया जा रहा है। अगर पानी देने का काम भी किसी ने पूरा किया तो मोदी जी ने किया है। स्वामित्व योजना, जो ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनकी सम्पत्ति के दस्तावेज देने के लिए शुरू की गई है, अब तक 27 हजार गाँवों में 40 लाख से अधिक प्रॉपर्टी कॉर्ड दिए जा चुके हैं। इसके बारे में कभी कोई सोच भी नहीं सकता था, लेकिन प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस गहराई में जाकर उन गरीबों को उनकी प्रॉपर्टी का स्वामित्व कार्ड देने का काम शुरू किया। किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रधान किसान सिंचाई योजना में अब तक 64 लाख हैक्टेअर में सिंचाई बढ़ाई गई। यह ऐतिहासिक है। एक लाख करोड़ की लागत से कृषि अधोसंरचना क्षेत्र में निवेश हो रहा है। खाद्य तेल पर निर्भरता के लिए 11 हजार करोड़ की लागत से नेशनल मिशन बनाया गया है। किसान सम्मान निधि से 11 करोड़ किसानों को, 1.80 लाख हजार करोड़ रुपये इसमें खर्च किए जा रहे हैं। ऐसा आज तक कभी नहीं हुआ। एक बार यूपीए की सरकार में कुछ किसानों का कर्जा माफ हुआ था, लेकिन वह भी मात्र 65 हजार करोड़ रुपये था और उसमें भी 25 हजार करोड़ रुपये का घोटाला हुआ था। मध्य प्रदेश में अब तक 83 लाख 45,152 किसानों को सम्मान निधि मिल चुकी है। मेरे सतना जिले में 2 लाख 36,488 किसानों को सम्मान निधि मिल चुकी है। मुख्यमंत्री किसान सम्मान योजना के माध्यम से भी हमारे मुख्यमंत्री जी ने 4 हजार रुपये डालकर के 2 लाख 19,053 किसानों को सहायता पहुँचाने का काम किया है। यह सचमुच काम हुआ है। किसानों को आज तक कभी कोई एक नए पैसे का सम्मान मिला ही नहीं, लेकिन यह किसान सम्मान निधि देकर के प्रधान मंत्री जी ने किसानों का सम्मान बढ़ा दिया। एफपीओ, किसान उत्पादक समितियां गठित हो रही हैं। मैंने अपने लोक सभा क्षेत्र में कई समितियां बनाई हैं। एक जिला, एक उत्पाद के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए 1900 से अधिक किसानों को रेल में 150 मार्गों में उनको सुविधायें दी गई। अब तक 6 लाख मीट्रिक टन कृषि उत्पाद एक स्थान से दूसरे स्थान पहुंचा है। एमएसपी, किसानों की उत्पादकता, रबी में 433 लाख एमटी गेहूं, तथा खरीफ की 900 लाख एमटी धान की खरीदी के लिए अभी कल के ही बजट में प्रावधान हुआ है, इसके लिए मैं प्रधान मंत्री जी का और अपनी सरकार का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। कृषि निर्यात में 25 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की जा चुकी है। निर्यात लगभग 3 लाख करोड़ पहुँच गया है। नदी जोड़ो अभियान के तहत उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश की केन-बेतवा लिंक यूपीए की सरकार में विचाराधीन थी, लेकिन आज तक वह पूरी नहीं हुई थी। मैं प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद

देता हूँ कि बुन्देलखंड और मध्य प्रदेश को जोड़कर लगभग 40 हजार की यह स्कीम है, उसको स्वीकृति देने का काम किया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने में महिलाओं की भूमिका के तहत वर्ष 2021-22 में 28 लाख सहायता समूहों को बैंकों से जोड़कर 65 हजार करोड़ की मदद दिलायी गई, जो ऐतिहासिक कदम है। मुद्रा बैंक योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बेटियों की शादी की उम्र 21 वर्ष और तीन तलाक को गैर कानूनी करार देना, सैनिक स्कूलों में बेटियों का प्रवेश, पुलिस बलों में महिलाओं की भर्ती, ये सब महिलाओं के सशक्तीकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है। अभी राहुल गाँधी जी कह रहे थे कि कैसा सशक्तीकरण।

(2225/KN/NKL)

यह सशक्तिकरण है? देश में राष्ट्रीय राजमार्ग वर्ष 2014 में मात्र 90 हजार किलोमीटर थे और आज 1.40 लाख किलोमीटर अधिक हो गए। भारतमाला परियोजना में 6 लाख करोड़ की लागत से 20 हजार किलोमीटर से अधिक राजमार्ग बनाए जा रहे हैं। 23 ग्रीन एक्सप्रेसवे बनाए जा रहे हैं। उनमें से एक मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत मैहर से सतना, चित्रकूट और अयोध्या से जुड़ने वाली सड़क का निर्माण हो रहा है। दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे का काम भी लगभग पूरा होने की स्थिति में आ गया है। दिव्यांगजन जो समाज के सबसे उपेक्षित थे, दिव्यांग शब्द का नाम प्रधान मंत्री मोदी जी ने दिया। उन्होंने यह एक बड़ी योजना शुरू की और समाज कल्याण विभाग की तरफ से 25 लाख से अधिक दिव्यांगों को सहायता उपकरण दिए जा चुके हैं। मध्य प्रदेश में 28,908 लोगों को, मैंने अपने लोक सभा क्षेत्र सतना में 2798 लोगों को, जिनमें से 889 तो मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल हैं। अभी मैं 350 मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल और देने वाला हूं। वर्ष 2016 से 56 अलग-अलग सेक्टरों में 60 हजार नए स्टार्ट अप्स बने हैं, जिनमें 6 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं। वर्ष 2021 में कोरोना काल में भारत में 40 से अधिक यूनिट्स स्टार्ट अप अस्तित्व में आ चुके हैं, जिनका 7400 करोड़ रुपये से अधिक का मूल्य आंका गया है। एमएसएमई को संकट से बचाने के लिए तीन लाख करोड़ रुपये का ऋण बिना गारंटी के दिया गया है, जिसमें 13 लाख यूनिटों को लाभ तथा डेढ़ करोड़ रोजगार भी सुरक्षित किए गए हैं। अभी इसकी सीमा बढ़ा कर 4.5 करोड़ कर दी गई है। राहुल जी कह रहे थे कि देश में रोजगार नहीं है। ये रोजगार सृजित हुए हैं। कोविड के समय पर एमएसएमई को इतना बड़ा अवसर मिला है, जो असम्भव था। मैं तो खुद इसका प्रत्यक्षदर्शी हूं। आज देश बदल रहा है, लोगों का जीवन सचमुच बदल रहा है। वर्ष 2014 तक गाँवों में किसी भी गरीब का कोई भी पक्का मकान नहीं बना था। एक इंदिरा आवास योजना चली थी, लेकिन देश के किसी गाँव में किसी का घर पूरा नहीं हुआ था, आज भी कच्चे और अधूरे पड़े हुए हैं। आज उन घरों में बिजली जा रही है, जो पक्के घर बने हुए हैं। उनमें बिजली जा रही है और पीने का पानी भी जा रहा है। इसके साथ ही उनमें नल का कनेक्शन हो रहा है, खाना पकाने की रसोई गैस जा रही है, दोनों वक्त का चूल्हा जले, इसलिए मुफ्त में अनाज मिल रहा है। इसके अलावा बीमारी के इलाज के लिए पाँच लाख रुपये का आयुष्मान कार्ड मिल रहा है, बहन-बेटियों के सम्मान के लिए शौचालय बनाया है। यह बहुत छोटा सा काम था। कांग्रेस कहती है कि हमने देश की बहुत तरक्की की। आप एक छोटा सा शौचालय तक तो बना नहीं पाए थे। वह काम भी नरेन्द्र मोदी जी ने किया। आज करोड़ों लोगों को पेंशन मिल रही है। बच्चों को स्कॉलरशिप

मिल रही है। इन सारी सुविधाओं को पाने के लिए गरीबों की कितनी पीढ़ियां खप गईं। अधीर रंजन जी, आप तो जनता से जुड़े हुए लोग हैं। आप जानते हैं कि गांव में कैसी स्थिति है। आज सचमुच गांव बदल रहे हैं। मैं एक उदाहरण बताना चाहता हूँ। मैं एक ऐसा उदाहरण दे रहा हूँ, जिस पर सभी को विचार करना पड़ेगा। मैं मध्य प्रदेश के जिस सतना जिले से आता हूँ, उसके बारे में मैं आपको बताना चाहता हूँ कि वहां पर कुल 4 लाख 78 हजार 741 परिवार हैं, जिनमें प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत करीब डेढ़ लाख लोगों को आवास मिल चुका है। प्रधान मंत्री आवास प्लस में 73,802 लोगों के नाम जोड़े गए हैं। उज्ज्वला गैस योजना में 2 लाख 66 हजार 255 जोड़े गए हैं। गरीब कल्याण योजना में 2 लाख 23 हजार 142 नाम जोड़े गए हैं। आयुष्मान के 6 लाख 99 हजार 468 कार्ड्स बने हैं। शौचालय 3 लाख 64 हजार 319 बने हैं। घर-घर नल जल योजना के तहत 62 हजार 379 घरों में पानी पहुंचा है। किसान सम्मान निधि 2 लाख 44 हजार 569 लोगों को मिली है। फसल बीमा योजना का लाभ 58 हजार 110 लोगों को मिला है। पेंशन योजना 1 लाख 58 हजार 475 लोगों को मिली है। बीपीएल में 2 लाख 93 हजार 577 नाम जुड़े हैं। ये आँकड़े इस बात के गवाह हैं। पहले इन गांवों में कुछ नहीं होता था। मैं कई गांवों की कहानी बता रहा हूँ। आज 80 परसेंट से ज्यादा परिवार किसी न किसी योजना के साथ जुड़ चुके हैं, जबकि जब हम पहले गांवों में जाते थे और गांव वालों से पूछते थे कि आप बताओ क्या आपको किसी सरकारी योजना का लाभ मिला तो एक या दो हाथ उठते थे। लेकिन आज जब जाते हैं तो वे कहते हैं कि हमें ही नहीं मिला, बाकी सबको मिल गया। इस तरह का परिवर्तन हम वर्ष 2014 के बाद से देख रहे हैं इसीलिए हम कह रहे हैं कि देश बदल रहा है और देश के लोगों का जीवन स्तर भी बदल रहा है। जो लोग कहते हैं कि कुछ भी विकास नहीं हुआ है तो मैं उनको कहना चाहता हूँ कि उन्हें विकास की परिभाषा को समझना पड़ेगा। सचमुच इस देश को जिस मुकाम तक आज श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पहुंचाने का काम किया, वह असंभव था। आज ऐसी कई योजनाएं हैं, जो वर्ष 2024 तक पूरी हो जाएंगी। हमने पहली बार ऐसी सरकार देखी है, जो यह कहती है कि यह काम वर्ष 2024 तक पूरा हो जाएगा।

(2230/GG/MMN)

जिस काम का शिलान्यास हमारे प्रधान मंत्री जी करते हैं, निर्धारित तारीख पर उसका उद्घाटन भी करते हैं। यह पहली बार देखने को मिला है। मैं मानता हूँ कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी एक गरीब घर में पैदा हुए। उनकी माता जी पड़ोस के घरों में बर्तन साफ करती थी। उनके पिता जी स्टेशन पर चाय बना कर बेचते थे। उस गरीब का बेटा नरेंद्र मोदी जी देश के प्रधान मंत्री बने तो उन्होंने कहा कि मैं इस देश के गरीबों की जिंदगी बदल दूंगा। गांव, गरीब और किसान यह सबसे बड़ी बात है, आज उनके जीवन स्तर में जो बदलाव हुआ है, वह मोदी जी के कारण हुआ है। गरीबी मिट रही है, गरीबी हट रही है, रोजगार बढ़ रहे हैं, रोजगार मिल रहे हैं। आज भारत बहुत तेज़ गति से दुनिया के सामने एक मजबूत स्थिति में खड़ा है और दुनिया भारत का बहुत-बहुत सम्मान करती है।

महोदय, मैं हरीश द्विवेदी जी के धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूँ। धन्यवाद।

(इति)

2231 बजे

**श्री अब्दुल खालेक (बारपेटा):** सभापति जी, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने का मौका देने के लिए आपका धन्यवाद। हरीश द्विवेदी जी ने जो धन्यवाद प्रस्ताव रखा है, मैं उसका विरोध करता हूँ। महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में बहुत कुछ रहना चाहिए था जो नहीं है। जैसे इस साल असम-मिज़ोरम बॉर्डर पर तनाव हुआ, क्लैश हुआ। केंद्र में एनडीए की सरकार है, असम में भाजपा की सरकार है, मिज़ोरम में एनडीए की सरकार है। उसके बावजूद असम-मिज़ोरम बॉर्डर पर कनफ्लिक्ट हुआ और उसमें असम पुलिस के सात जवान शहीद हुए। इसकी कोई चर्चा राष्ट्रपति जी के भाषण में नहीं आई है। यह केंद्र सरकार की विफलता है। इसकी चर्चा नहीं हुई है। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में 'सबका साथ-विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास' की चर्चा हुई है। लेकिन इस सरकार में कहां सबका विश्वास रहेगा, जब हरिद्वार में धर्म संसद बैठेगी और उसमें फैसला लिया जाएगा कि किसी भी समुदाय के लोगों की हत्या करनी चाहिए। सरकार उसके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लेगी तो कहां से लोगों का विश्वास इस सरकार के ऊपर रहेगा। सिर्फ हरिद्वार की धर्म संसद ही नहीं कभी उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ, कभी असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा … *(Not recorded)* भाषण देते हैं। जिनके भाषण से नफरत पैदा होती है। असम के दरंग जिले के गरूखूटी में सिक्योरिटी फोर्स के 27 जवानों ने दो इनोसेंट लोगों का कत्ल किया। उसकी ज्यूडिशल इंक्वायरी अभी तक नहीं हुई। जिनकी हत्या की गई, उनकी डेड बॉडीज़ के ऊपर नृत्य करना किसी भी धर्म के कल्चर में नहीं है, जो वहां हुआ था। उस बिजॉय शंकर बनिया को क्या सजा हुई, इसका उल्लेख राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में नहीं आया है। बात यहीं तक नहीं है, असम के मुख्य मंत्री ने क्या बोला? असम के मुख्य मंत्री हिमंता बिस्वा सरमा जी ने बोला कि गरूखूटी में सरकार ने रिवेंज लिया, प्रतिशोध लिया। मैंने इसके खिलाफ दिसपुर पुलिस स्टेशन में एक एफआईआर भी सब्मिट की, लेकिन अभी तक वह एफआईआर रजिस्टर नहीं हुई है। आईपीसी के सैक्शन 153 और सैक्शन 153 ए के मुताबिक जिसका रजिस्ट्रेशन होना चाहिए था, अभी तक नहीं हुआ है। मैं चाहता हूँ कि वह एफआईआर रजिस्टर हो। ये नफरत फैलाते हैं, जहर फैलाते हैं। जब चुने हुए मुख्य मंत्री ऐसा बोलेंगे, जब केंद्र सरकार का मंत्री बोलेगा कि गोली मार दो तो कैसे सबका विश्वास होगा, कैसे सबका प्रयास होगा। यह सवाल मैं पूछना चाहता हूँ। इस सरकार ने बहुत सी बातों की चर्चा की है। इस सदन में सिटिज़नशिप अमेंडमेंट एक्ट पास किया गया। काफी लोगों ने इसका विरोध किया। असम में भी इसका विरोध हुआ, पांच-पांच नौजवान शहीद हुए। अभी तक उन शहीदों के परिवारों को कुछ कम्पनसेशन नहीं दिया गया। उसका भी कोई उल्लेख नहीं है। असम के एक हिस्से में जैसे बीटीआर – बॉर्डर लैण्ड टैरिटोरियल रीजन है और कार्बी आंगलोंग, डिमा हासाओ जो हमारे हिली एरियाज़ हैं, उनमें यह कानून लागू नहीं है। अगर ये कानून अच्छे हैं तो इन जगहों पर यह कानून लागू नहीं है, बाकी हिस्से में क्यों लागू है? जैसे फार्म लॉ रिपील किया गया है, हम चाहते हैं कि सिटीज़नशिप अमेंडमेंट एक्ट को भी या तो रिपील करना चाहिए नहीं तो असम के किसी भी पार्ट में, नॉर्थ-ईस्ट के किसी भी पार्ट में यह कानून इम्पिलिमेंट नहीं होना चाहिए।

(2235/RV/VR)

राजीव गांधी जी, जब प्रधानमंत्री रहे, उस समय जो 'असम अकॉर्ड' हुआ था, उसके बाद केन्द्र सरकार की होम मिनिस्ट्री ने एक कमेटी बनायी थी। उस कमेटी ने रिपोर्ट सबमिट किया। अभी तक उस कमेटी की रिपोर्ट को केन्द्र सरकार ने एक्सेप्ट नहीं किया। राज्य सरकार ने किया, पर अभी तक उस रिपोर्ट का क्या हुआ, यह किसी को नहीं पता।

2235 बजे (माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

सिर्फ यही नहीं, मेरा क्षेत्र बारपेटा एक एस्पाइरेश्नल डिस्ट्रिक्ट है। मगर, उसमें क्या काम हुआ, इसके बारे में कुछ पता नहीं है। एम.पी. के साथ भी कोई बात नहीं करता है, यह करना चाहिए।

असम के जो छ: समुदाय हैं, उन्हें एस.टी. करने की बात थी। सरकार ने कई दफा कहा, मगर अभी तक कुछ नहीं किया। यह धोखा कितने दिनों तक देंगे, यह भी मैं जानना चाहता हूं।

असम के दो समुदाय - गौरिया और कालिता, ये लोग भी जो एस.टी. बनाने की मांग कर रहे हैं, इसको भी सरकार को कंसीडर करना चाहिए।

राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में ट्रिपल तलाक की चर्चा हुई, मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की चर्चा हुई, यह ठीक है, लेकिन हिन्दू महिलाएं, जिनकी शादी हुई, डिवोर्स भी नहीं हुआ, अगर उसका हस्बैंड उसका ख्याल नहीं रखेगा, तो इसके लिए भी एक कानून बनाना चाहिए कि किसी को उसका हस्बैंड न छोड़े, उसका ख्याल रखे। उसके बारे में क्या होगा, यह कानून बनना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल -370 एब्रोगेट हुआ, लेकिन वह एक स्टेट था, उसे यूनियन टेरिटरी बना दिया गया। कम से कम उन्हें स्टेटहुड तुरन्त लौटा देना चाहिए। वहां पर जो डिलिमिटेशन हो रहा है। वहां से एम.पीज़. का रिप्रेजेंटेशन जरूर है, लेकिन वहां पर विधान सभा में जो रिप्रेजेंटेशन होना चाहिए, उस डिलिमिटेशन में वह रिप्रेजेंटेशन नहीं है। यह ठीक नहीं हुआ।

अध्यक्ष महोदय, असम में एन.आर.सी. हुआ। उसकी फाइनल लिस्ट 31 अगस्त, 2019 को निकली, लेकिन उसका अभी तक कोई गजट नोटिफिकेशन नहीं हुआ है। उसमें 19 लाख लोगों के नाम ड्रॉप हुए, जिसमें काफी भारतीय नागरिक भी हैं। उनका क्या होगा? असम के मुख्य मंत्री कभी बोलेंगे कि एन.आर.सी. को नहीं मानेंगे। केन्द्र के गृह मंत्री बोलेंगे कि एन.आर.सी. हिस्टोरिक है। केन्द्र सरकार बोलेगी कि यह लीगल है और राज्य सरकार कोई दूसरी बात बोलेगी। इस एन.आर.सी. को लेकर सरकार की एक क्लियर पॉलिसी होनी चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, कोविड की चर्चा हुई। सत्ता पक्ष ने काफी दावा किया, लेकिन गंगा में बहती हुई लाश की चर्चा नहीं हुई। उसके बारे में भी चर्चा होनी चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, मुझे मौका देने के लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

**माननीय अध्यक्ष :** सभा की कार्यवाही कल गुरुवार, 3 फरवरी, 2022 को सायं 4 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

2238 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा गुरुवार 3 फरवरी, 2022 / 14 माघ 1943 (शक) के सोलह बजे तक के लिए स्थगित हुई।